24. गाढ़ बंध – ऊरू, स्फिक्, कक्षा, वंक्षण, शिर। (NIA LEC 2020)
सम बंध – हस्त, पाद, मुख, कर्ण, उरः, पृष्ठ, पार्श्व, गला, उदर, मेहन, मुष्क।
शिथिल बंध – नेत्र व संधियों

25. बंध निषेध –
कुष्ठी, अग्नि दग्ध, क्षारदग्ध, विष रोगी, कुन्दुरू (चूहे) विष में कर्णिकासार से दग्ध, मांसपाक, गुदपाक, वेदना – दाह व शोथ की अवस्था, विसर्पणशील व्रण।

26. रोपित व्रण पश्चात् 6 या 7 मास तक वर्ज्य नियम का पालन करना चाहिए।

अध्याय - 30

क्षाराग्निकर्मविधिमध्याय

1. अर्श रोग, अग्निमांद्य, अश्मरी, गुल्म, उदर रोगों गर विष में क्षार का अन्तः पान।
2. श्वित्र, भगन्दर, अर्बुद, ग्रन्थि, दुष्ट व्रण, नाड़ी व्रण - क्षार का बाह्य प्रयोग।
3. 7 दिन के बाद क्षार का प्रयोग करें।
4. वर्ति, गोदन्त, सूर्यकान्मणि, शर से - त्वक् दाह करें।
   मधु, स्नेह, जाम्बवौष्ठ व गुड से - मांस दाह व सिरा दाह
5. त्वक् दाह - मषक, अंगग्लानि, शिर रूक्, अधिमन्थ, चर्मकील, क्षुद्र रोग में।
   मांस दाह - अर्श, भगन्दर, ग्रंथि, नाड़ीव्रण, दुष्टव्रण
   सिरा दाह - श्लिष्टवर्त्म, रक्तस्त्राव्, असम्यग् सिरा वेधन।
6. शस्त्रक्षाराग्नयो यस्मसन्मृत्योः परममायुधमं अप्रमतों भिषक् तस्मतान् सम्यगवचारयेत्।
7. सर्व शस्त्र व अनुशस्त्र में क्षार श्रेष्ठ हैं।
8. ज्वर, अतिसार, हृदय रोग, तिमिर, वृषण एवं मेहन, नखान्तर आदि में क्षार प्रयोग निषिद्ध हैं।
9. तीक्ष्ण क्षार - चित्रक, दन्ती, कलिहारी, वचा, विडलवण, अतीस, आदि द्रव्यों का निर्वाप।
   तीक्ष्ण क्षार कफ, वात या मेदजन्य अर्बुद में प्रयोज्य। (मध्यम अर्बुद - मध्यम क्षार)
   सभी अर्श व पित्त रक्तजन्य अर्बुद - मृदु क्षार
10. क्षार के 10 गुण बताये गए - नातितीक्ष्ण, नातिमृदु, श्लक्ष्ण, पिच्छिल, शीघ्रशामी, श्वेत, शिखरी, मुखनिर्वापी न विष्यन्दी, नातिरूक्।
11. क्षारसाध्य रोग में क्षार काल - 100 मात्रा
    वर्त्म रोग - 50 मात्रा
    कर्ण अर्श - 50 मात्रा
12. क्षारदग्ध स्थान पर तिलकल्क, मधुक (मुलेहठी) का घृत के साथ लेप करने से व्रणरोपण होता हैं।
13. सम्यक् दग्ध - क्षार कर्म पक्वजम्बासितं
    दुर्दग्ध - ताम्रतातोदकण्डू
    अतिदग्ध - रक्तास्रावण, मूर्च्छा, दाह, ज्वर
14. अतिदग्ध में अम्ल द्रव्यों से परिषेक, मधु, घृत व तिल का लेप करें। (अम्ल स्पर्श में शीतल होता हैं।)
15. अग्नि कर्म क्षार कर्म से अधिक श्रेष्ठ हैं।
16. अग्निकर्म त्वक्, मांस, सिरा, स्नायु संधि व अस्थि में किया जाता हैं।
17. सम्यक् अग्नि कर्म उपरान्त मधु-घृत लेप, शीतल द्रव्यों का लेप करें।

18. सुदग्ध अग्नि कर्म लक्षण – पक्वतालकपोताभं
19. दग्ध – 4 प्रकार
    तुच्छ दग्ध – त्वक विवर्णता, अतिदाह,
    दुर्दग्ध – स्फोट उत्पत्ति, दाह व तीव्र ओष
    अतिदग्ध – मांसलम्बन, संकोच, दाह, धूपन, वेदना, सिरादि का नाश, तृष्णा, मूर्च्छा, मृत्यु।
20. चिकित्सा – तुच्छ दग्ध – अग्नि सेक, उष्ण द्रव्य
    दुर्दग्ध – शति व उष्ण उपचार के पश्चात् शीत उपचार
    सम्यक् दग्ध – पित्तविद्रधिवत क्रिया
    अतिदग्ध – पित्तविसर्प वत क्रिया
21. स्नेहदग्ध – अतिशय रूक्ष उपचार
22. सूत्र स्थान – अष्टाङ्ग हृदय का रहस्य स्थान
23. सिरा, स्नायु, तरूणास्थि पर क्षार प्रयोग निषेध (BHUMD 2010)

अष्टाङ्ग संग्रह

☞ आयुष्कामीयमध्याय सूत्रस्थान का प्रथम अध्याय हैं।

☞ अग्निवेश, हारीत, भेल, माण्डव्य, सुश्रुत और कराल आदि शिष्यों को आयुर्वेद का उपदेश दिया गया।

☞ सभी तन्त्रों का संग्रह करके अस्थान, विस्तर, आक्षेप तथा पुनरूक्तादि दोषो से रहित हेतु, लिंग एवं औषध का प्रकाशन करके अपने व अन्य तन्त्रों का परस्पर विरूद्ध स्थलो का अत्यंत निवारण करके वर्तमान युग के अनुरूप सन्दर्भों सहित अष्टांग संग्रह का निर्माण किया गया।

☞ जो नित्योपयोगि व दुर्बोध, सर्वाङ्गव्यापि हैं ऐसा कायचिकित्सा प्रधान अष्टांग संग्रह ग्रंथ का संग्रह किया गया।

☞ रोगोत्पत्ति का मूल कारण दोष हैं और रस-रक्तादि दूष्य हैं।

☞ धातुओं के विशिष्ट कर्म का वर्णन सूत्रस्थान प्रथम अध्याय में किया गया हैं।

☞ शरीरं धारयन्त्येते धात्वाहारश्च सर्वदा (अ. हृ. सू. 1/33)

☞ इन्द्रियार्थ गुण (शब्द, स्पर्श, रूप रस, गन्ध व्यवायी व विकासी गुणों का भी वर्णन किया हैं)

☞ व्यवायि गुण पहले सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त होता हैं तत्पश्चात पाक होता हैं।

☞ विकासी गुण धातुओं को नष्ट कर संधि बन्धन को ढीला करता है।

☞ कुछ आचार्य व्यवायी और विकासी गुण को क्रम से सर और तीक्ष्ण का उत्कर्ष मानते हैं।

☞ सत्व, रज, तम को महागुण कहा हैं। (BHU 2002)

☞ अ. स. के सूत्रस्थान में 40 अध्याय हैं।

☞ शारीर स्थान - 12 अध्याय

- निदान - 16 अध्याय
- चिकित्सा स्थान - 40 अध्याय
- कल्प सिद्धिस्थान - 8 अध्याय
- उत्तर तन्त्र - 50 अध्याय

☞ अ. स. में 6 स्थान व 150 अध्याय हैं।

☞ सूत्रस्थान का द्वितीय अध्याय शिष्योपनयनीय हैं।

☞ शिष्योपनयन का अर्थ है छात्र का गुरू के समीप जाना।

☞ शिष्य को गुरू भक्त, अभियुक्त (पढ़ने का अभ्यासी) अतियुक्त (अत्यंत युक्ति पूर्वक कार्य करने वाला) पाटव होना चाहिए।

पाटव (चतुर) जितद्वन्द (सुख - दुख, लाभ हानि को जीतने वाला) होना चाहिए।

☞ भिषक् अनुद्धत (गम्भीर) स्तब्ध (चिरकारी सोच-विचार कर कार्य करने वाले) सुनृत (सत्य-वादी), बहुश्रुत, कालवेदी (समय को जानने वाला), ज्ञात ग्रन्थ (शास्त्र में जानने वाला) अनाथान् रोगियों (निरूपाय रोगियों को) पुत्रवत्समुपाचरेत (पुत्र के समान सम्यक् उपचार करता हो) के गुण कहे गये हैं।

☞ राजवैध की परिभाषा द्वितीय अध्याय में दी गयी हैं।

☞ इक्षु वर्ग में श्रेष्ठ - पौण्ड्रक (DSRRAU PGET 2015)

☞ चिकित्सा के चारों पादों में दोष होने से तथा दैवात्त कर्म से एक अवस्था से दूसरी अवस्था में प्राप्त होती हैं।

☞ रात्रिचर्या का वर्णन दिनचर्या अध्याय में किया गया हैं।

☞ सोते समय शिर पूर्व या दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए।

☞ दिन में उत्तर या रात्रि में दक्षिण दिशा की ओर मुख करके मौन होकर मलोत्सर्ग करना चाहिए।

☞ ऋतुचर्या अध्याय (चतुर्थ अध्याय) में काल को भगवान् कहा गया है, इसका आदि अन्त नहीं होता।

☞ काल को मात्रा, काष्ठा, कला, नड़िका, मुहूर्त, याम, अहोरात्र, पक्ष, मास, ऋतु, अयन तथा वर्ष से 12 विभागों में विभक्त किया हैं।

☞ ह्रत्तौजस (सन्निपातज्वर) का वर्णन अ. स. रोगनुत्पादनीय अध्याय में किया गया हैं।

☞ अ. स. ने मधु के 4 भेद माने हैं - 1. भ्रामर, 2. पौत्तिक, 3. क्षौद्र, 4. माक्षिक- इनमें क्षौद्र व माक्षिक नामक मधु का प्रयोग करना चाहिए। (NIA LEC 2020)

☞ मधु परम् योगवाही होता हैं।

☞ मूत्र वर्ग का अलग से वर्णन किया गया हैं।

☞ मनुष्य के मूत्र को विषघ्न होता हैं।

☞ जीवन अगद का वर्णन अन्नरक्षाविधि अध्याय में किया गया हैं। यह सभी विषों की उत्तम औषध हैं।

☞ महानस व महानसाध्यक्ष का वर्णन अन्नरक्षाविधि में किया गया हैं।

☞ विषकन्या का वर्णन अन्नरक्षाविधि में किया गया हैं।

☞ मूषिका का अजरूहा नामक औषधि हाथ पर बांधने से विष का नाश होता हैं।

☞ त्र्यूषणादि योग, विषघ्न धूप, हरिद्रादिउपलेप, ताम्र व स्वर्ण भस्म का प्रयोग अन्नरक्षाविधि अध्याय में किया गया हैं।

☞ विष दूषित वायु शीत ऋतु में उष्ण व उष्ण ऋतु में अति शीतल होती हैं व श्रम, मूर्च्छा, छर्दि उत्पन्न करती हैं।

☞ त्रय उपस्तम्भ का वर्णन विरूद्धान्नविज्ञानीयम् अध्याय में किया गया हैं। (आहार, निद्रा, अब्रह्मचर्य)

☞ पादांशिक क्रम, तन्द्रा, जनपदोध्वंस, मृत्यु भेद, काल-अकाल मृत्यु आदि का वर्णन विरूद्धान्नविज्ञानीयम् अध्याय में किया गया हैं।

☞ निद्रा के 7 भेद (कालस्वभावज, आमयज, चित्तस्वेदज, देहस्वेदज, श्लेष्मप्रभवा, आगन्तुक व तमोभवा) माने गयें हैं। (BHU2007)

☞ वेदवादी 101 प्रकार की मृत्यु मानते हैं - (1 काल व 100 अकाल मृत्यु)

☞ बौद्धानुसार (सौगात) 4 प्रकार की मृत्यु मानी गयी हैं।

1. आयु क्षय से, 2. हृदय आदि का कार्य रूक जाना, 3. आयु एवं प्रारब्ध क्षय होने से, 4. उपच्छेद-शस्त्रादि आघात एवं मारण-मोहन आदि से।

☞ अ. स. के सूत्रस्थान अन्नपानविधि अध्याय में सप्तविध आहार कल्पना भी हैं।

☞ महर्षि वाग्भट्ट ने उपयोग संस्था व उपभोक्ता को उपयोग व्यवस्था एक मानकर सप्तविध आहार कल्पना की हैं।

☞ सात्म्य, अनुपान, समशन, अध्यशन, अमात्रा अशन, विषमाशन, आहार परिणामकर भाव, अन्न सेवन प्रमाण विरूद्धाहार परिभाषा का वर्णन अन्नपान विधि अध्याय में किया गया हैं।

☞ आहार परिणामकर भाव 6 माने हैं।

(I) उष्मा – पाचन

(II) वायु – अपकर्षण

(III) क्लेद – शैथिल्यता

(IV) स्नेह – मार्दव

(V) काल – सर्व शरीर में व्याप्ति

(VI) समयोग – अन्न परिणाम से उत्पन्न साम्यता पैदा करता हैं।

☞ स्वभाव मात्रायोगादि परस्पर विपर्ययैः भोजनानि विरूधयन्ते।

☞ अन्न सेवन प्रमाण – 2 भाग कुक्षि का अन्न से पूर्ण

1 भाग कुक्षि का पेय के पूर्ण

1 भाग कुक्षि का वायु संचरण हेतु

☞ अति स्थिर आहार – मूत्र व पुरीष का विबन्ध

आतृप्तिकारक

शीघ्र व्याप्ति नहीं होती

शीघ्र पाक नहीं होता

☞ अति द्रव आहार सेवन – प्रतिश्याय, प्रमेह, कास, अभिष्यन्द, अग्निबल नष्ट करता हैं।

☞ अति मधुर आहार सेवन – अग्निमाद्यं, शरीर को पुष्टि नहीं करता।

☞ अति लवण रस सेवन – अचक्षुष्यं

☞ अति तीक्ष्ण व अति अम्ल रस सेवन – वृद्धावस्था का कारण

☞ अ. स. में एकादश अध्याय मात्राशितीय हैं।

☞ मात्राशितीय अध्याय में मात्रा पूर्वक आहार सेवन, आमदोष, अलसक, विसूचिका, दण्डालसक, अजीर्ण, अन्न व औषध पाचन काल, जीर्णाहार, अजीर्णाहार लक्षण, विलिम्बिका आदि का वर्णन किया गया हैं।

☞ मात्राशितीय अध्याय में हिंग्वादि चूर्ण, मुस्तादि क्वाथ, अमृता – कदम्बादि क्वाथ, लेपन, उद्वर्तन, धूपन आदि का वर्णन किया गया हैं।

☞ सम्यक् अग्नि रहने पर आहार पाक – 4 याम

☞ औषध पाक – 2 याम

☞ अजीर्ण

भेद – आमाजीर्ण (कफ)	विष्टब्धाजीर्ण (वात)	विदग्धजीर्ण (पित्त)
चिकित्सा – लंघन	स्वेदन	वमन

विलिम्बका – वात व कफ दोष युक्त – चिकित्सा आमाजीर्ण समान

रसशेषा – रस शेष आहार – दिवा स्वप्न व भूख लगने पर अल्प भोजन

☞ **जीर्णोहार लक्षण :-**

उद्गारशुद्धिरूत्साहो वेगोत्सर्गो यथोस्थितः लघुता क्षुत्पिपासा च जीर्णाहारस्य लक्षणम्।

(अ. स. सू.)

अजीर्णाहार लक्षण :-

दोषोपनद्धं यदि लीनमन्नं पित्रोल्बणस्या वृणुयान्न वह्निम। जायते दुष्टा तु ततो बुभुक्षा या मन्दबुद्धीन्विषनिहन्ति। (अ. स. सू.)

अर्थ -

(पित्तोल्बण, पुरूष में वातकफ दोषो से अवरूद्ध अन्न कोष्ठ के कारण अग्नि को अधिक प्रचण्ड कर देता है इससे दूषित खाने की इच्छा उत्पन्न होती हैं इस भूख में खाया अन्न मन्दबुद्धि पुरूष को विष की तरह मार डालता हैं।

☞ द्विविध औषध, स्वर्ण, रूप्यं, ताम्रं, काँस्य, त्रपु, सीसा, कृष्ण लौह, तीक्ष्ण लौह, मणियां, शंख, समुद्रफेन, वंशलोचन, हरताल, अंजन, तुत्थ, गैरिक मैनसिल, यवक्षार आदि का वर्णन विविधौषधविज्ञानीय अध्याय में किया गया हैं।

☞ औषध भेद

(I) ऊर्जस्कर - रसायन — (II) रोगघ्न रोमशामक

वाजीकरण — रोग अपुर्नभवकर

2. (i) द्रव्य-भौम - स्वर्ण से लवण आदि।

औद्भिद - वनस्पति, वानस्पत्य, वीरूद्ध, औषधि

जांङ्गम - मधु, घृत आदि।

(ii) अद्रव्य - उपवास, वायु, आतप, छाया, मन्त्र आदि।

3. (i) दैवव्यपाश्रय - मन्त्र, बलि, उपहार आदि

(ii) युक्ति व्यपाश्रय - आहार व औषध योजना

(iii) सत्वावजय - अहित विषयों से मन का निग्रह

4. (i) अपकर्षण - 1. बाह्य अपकर्षण 2. अभ्यान्तर अपकर्षण

(ii) प्रकृति विघात - 1. बाह्य प्रतिघात 2. अभ्यान्तर प्रतिघात

(iii) निदान परिवर्जन

5. (i) हेतु विपरीत

(ii) व्याधि विपरीत

(iii) उभयार्थकारी

☞ त्रास, संक्षोभ, हर्षण, स्वप्न, जागरण, संवाहन आदि चिकित्सा का भाग हैं। (अद्रव्य औषध)

☞ सभी अञ्जनों में श्रेष्ठ - स्त्रोतांजन

☞ सप्त पंचमूल का वर्णन किया हैं।

☞ जीवन व मध्यम पचंमूल वृद्ध वाग्भट्ट की देन हैं।

☞ बलात्रय (अतिबला, बला, नागबला) का वर्णन हैं। (वृद्ध वाग्भट्ट की देन है)

☞ दक्षिण वायु - चक्षुष्य (श्रेष्ठ)

☞ पश्चिम वायु – विषघ्न (शीतल)

☞ पूर्वी वायु – विषविकार (अभिष्यन्दि, उष्ण)

☞ उत्तरी वायु – दोषाणामप्रकोप (मधुर)

☞ अनौषध चिकित्सा – आस्या, अध्व, चक्रमण, विभिन्न वायु, आतप, अन्धकार व चांदनी के गुण बताये हैं।

☞ अ. स. के सूत्रस्थान के अग्रय संग्रहो अध्याय में 155 अग्रयो का वर्णन किया हैं।

☞ अग्रय का अर्थ हैं श्रेष्ठ वचन

☞ शोधनादिगणसङ्ग्रहमध्यायं में वमन, विरेचन निरूह वस्ति, शिरोविरेचन, प्रयोगिक धूम, स्नैहिक धूम तीक्ष्ण धूम, वात, पित, कफशामक द्रव्यों का संग्रह किया गया हैं।

☞ 15 वें अध्याय महाकषायसङ्ग्रह में 45 महाकषाय का वर्णन किया हैं। एक महाकषाय में 10 कषाय हैं।

☞ कुल महाकषाय में द्रव्य – 450

–प्रथम महाकषाय – जीवनीय

–अन्तिम महाकषाय – वयः स्थापन

☞ चरकोक्त वमनोपग, विरेचनोपग, आस्थपनोपग, अनुवासनोपग, शिरोविरेचनोपग का वर्णन अ. स. में नहीं किया गया।

☞ विविध गण संङ्ग्रहमध्यायं में

–प्रथम गण – विदार्यादिगण

–अन्तिम गण – पिप्पल्यादि गण

☞ अ. स में 25 गणों का वर्णन हैं। (वर्णन में 26 आयें हैं)

संग्रहणीय, दीपनीय, पाचनीय औषधि = मुस्ता (UPSC MO 2010)

☞ द्रव्यादिविज्ञानीयमध्यायं में द्रव्यों का पंचभौतिकत्व, द्रव्यों का औषधत्व, रस, गुण, वीर्य, विपाक आदि का वर्णन किया हैं।

☞ द्रव्य का अधिष्ठान – पृथ्वी

द्रव्य की योनि – जल

द्रव्य की निवृति – ख, अनिल, अनल की विशेषता में कारण

व्यपदेश भूयसा का वर्णन द्रव्यादिविज्ञानीय अध्याय में किया गया हैं।

☞ इत्थं च नानौषधभूतं जगति किञ्चिद् द्रव्यमस्ति विविधार्थप्रयोगवशात। (इस विश्व में कोई भी द्रव्य ऐसा नहीं है जो अनौषध हो क्योंकि अनेक प्रकार का अर्थ (प्रयोजन) और प्रयोग (उपयोग) होने से सभी द्रव्य औषध है।

☞ **शोधन द्रव्य की पंचभौतिकता**

- उर्ध्वगमन (वामक द्रव्य) – अग्नि + वायु
- अधोगमन (विरेचन द्रव्य) – पृथ्वी + जल
- व्यामिश्रात्मक (उभयगामी) – पृथ्वी + जल + अग्नि + वायु

☞ **शामक द्रव्यों की पंचभौतिकता**

- ग्राही – वायु प्रधान

- दीपन – पाचन → अग्नि प्रधान
- लेखन – अग्नि + वायु प्रधान
- बृहंण – पृथ्वी + जल प्रधान
- तिक्त, कषाय, मधुर – उत्तरोत्तर शीतवीर्य
- कटु, अम्ल, उष्ण – उत्तरोत्तर उष्ण वीर्य

☞ तिक्त, कटु कषाय – रूक्ष बद्धविण्मूत्रमारूत
लवण, अम्ल, मधुर – स्निग्ध सृष्टविण्मूत्रमारूता

☞ लवण, कषाय, मधुर – गुरू
अम्ल, कटु, तिक्त – लघु

☞ वीर्यं द्रव्यस्य तज्ज्ञेय यद्योगात्क्रियते क्रिया (द्रव्य का वीर्य वह शक्ति है जिसके संयोग से द्रव्य कार्य करने में समर्थ होते हैं।

☞ अ. स. अष्टविध वीर्य (गुरू लघु स्निग्ध रूक्ष तीक्ष्ण मन्द शीत उष्ण)

☞ द्विविध वीर्य (शीत व उष्ण)
उष्ण वीर्य – दहन पाचन स्वेदन विलयनानिलकफाशमनानि
शीत वीर्य – ह्लादन स्तम्भन जीवन रक्त पित्त प्रसादनानि

☞ विपाक – 3 प्रकार

- मधुर व लवण – मधुर विपाक
- अम्ल – अम्ल विपाक
- कटु, तिक्त, कषाय – कटु विपाक

☞ महर्षि पराशर – 3 विपाक (UK 2014)

- अम्ल रस – अम्ल विपाक
- कटु रस – कटु विपाक
- शेष चार रस – मधुर विपाक
- दूध (रस व विपाक – मधुर व वीर्य – शीत) – मधुर रस के समान श्लेष्म प्रकोपक व वात – पित्त शामक
- मदिरा (रस व विपाक – अम्ल व वीर्य – उष्ण) – अम्ल रस के समान वातशामक व पित्तश्लेष्मक प्रकोपक

☞ द्रव्य अपने रस, गुण, वीर्य, विपाक या प्रभाव से कार्य कर सकता हैं। जो भी इनमें से बलवान होकर दूसरे को अभिभूत करके अपना कर्म करता हैं वहीं कर्म का कारण बन जाता हैं।

☞ द्रव्य में रस, वीर्य, विपाक आदि कार्य में परस्पर सादृश्य व विसादृश्य का कारण पृथ्वी आदि महाभूतों का उत्कर्ष व अपकर्ष होता हैं।

☞ द्रव्य के विपाक का ज्ञान शरीर में दोष की वृद्धि व क्षय से जान सकते है।

☞ द्रव्य के रस का ज्ञान – जिह्वा के द्वारा स्पर्श

☞ द्रव्य के वीर्य का ज्ञान – जिह्वा निपात (स्पर्श), अधिवास (शरीर में रहने पर)

☞ रस छः (6) माने गये हैं।

☞ रसों को विचित्र अर्थों में – असंख्य/एक
- जब गुरू आदि (गुरू, लघु, स्निग्ध, रूक्ष, तीक्ष्ण, मन्द, शीत उष्ण) गुण उत्कृष्ट शक्ति रूप में रहते हैं वीर्य
- अन्य 12 गुण – सामान्य गुण

☞ द्रव्यों में रस, गुण, वीर्य, विपाक के समान होने पर भी जो विशिष्ट कर्म देखा जाता हैं वह प्रभाव कहलाता है।
☞ द्रव्य के रस, गुण, वीर्य, विपाक, प्रभाव में से प्रभाव को श्रेष्ठ माना गया हैं।
☞ रस की उत्पत्ति में कारण – जल महाभूत
☞ सर्वरसप्रत्यनिक रस – लवण
☞ स्त्रोतस विशोधन – लवण रस
☞ स्तन्यकण्ठशोधन – तिक्त रस
☞ स्त्रोतस विवृणोति – कटु रस
☞ छिनत्ति बन्धान – कटु रस
☞ प्रीणन कर्म – कषाय रस
☞ अति रूक्ष व गुरू – कषाय रस
☞ श्रेष्ठ द्रव्य
- मधुर रस – घृत
- अम्ल रस – आंवला
- लवण – सैंधव
- तिक्त – पटोल
- कटु – शुण्ठी
- कषाय – हरीतकी

☞ देशानुसार रस उत्पत्ति
- आनूप देश – मधुर रस प्रधान द्रव्य
- जांगल देश – कटु रस प्रधान द्रव्य
- साधारण देश – (I) आनूप साधारण देश – अम्ल, लवण रस प्रधान (BHU MD 2011)
  (II) जांगल साधारण देश – तिक्त, कषाय रस प्रधान

☞ दोष धातुमलमूलो हि देहः। (अ. स. सू. 1/19)
(ये सूत्र दोषादिवज्ञानीय एकोनविंशोऽध्याय में वर्णन किया गया हैं)

☞ प्राकृत कर्म
- अभिलाषा – पित्त दोष
- देहधारण – अस्थि धातु
- अस्थि पूरण – मज्जा धातु

- अन्न क्लेदनिर्वाहण – मूत्र
- क्लेद धारण – स्वेद
- संधि शैथिल्य – कफ क्षय
- धमनी शैथिल्य – मांस क्षय
- संधि स्फोटन – मांस क्षय (Lec. Screeniny test. Balrog 2008)
- तमो दर्शन – मज्जा क्षय
- तिमिर दर्शन – शुक्र क्षय
- अगंसाद – कफ वृद्धि & वात क्षय
- संधि शून्यता – मेद क्षय
- आस्य शोष – शुक्र क्षय
- मुख शोष – मूत्र क्षय

☞ **धातुस्थ दोषों के लक्षण**

दोष	**त्वक्**	**रक्त**	**मांस**	**मेद**
वात	त्वक् स्फुटन रूक्षता	तीव्र वेदना, संज्ञानाश ताप, लालिमा, विर्वणता अरूषिका, विष्टम्भ अरूचि, कृश भ्रम	तोद बहुल व कर्कश ग्रंन्थि, भ्रम, अंग गौरवता, अति वेदना, स्तम्भन मुष्टिवत् प्रहार वेदना	मांसस्थ लक्षण
पित्त	विस्फोट मसूरिका	विसर्प, दाह	कोथ	दाहयुक्त ग्रंथियां, स्वेदन आधिक्य, तृषा & छर्दि
कफ	स्तम्भन श्वेताभास	पाण्डु रोग	अर्बुद, अपची आर्द्रचर्मावनद्धाभ गात्रता	स्थूलता व प्रमेह
दोष	**अस्थि**	**मज्जा**	**शुक्र**	
वात	पाद, संधि अस्थि तीव्र वेदना बलक्षय	अस्थि सौषिर्य अनिद्रा, स्तब्धता वेदना	शुक्र शीघ्र क्षरण शुक्र संङ्ग व शुक्र विकार	
पित्त	अति दाह	नख व नेत्र में हरिद्रा वर्ण	पूति शुक्र पित वर्ण शुक्र	
कफ	स्तब्धता	नेत्र श्वेत अभासता	शुक्र अतिवृद्धि	
दोष	**शिरा**	**स्नायु**	**कोष्ठ**	

वात	आध्मान	गृध्रसी, आयाम	–
	रिक्तता	कुबड़ापन	
पित्त	क्रोध, सन्ताप	–	मद, पिपासा, दाह
	असम्बद्ध, प्रलाप		सर्वशरीर में रक्तपित्त
कफ	विबंध, गौरवता	सन्धि शून्यता	उदर वृद्धि, अरूचि
	शरीर स्तब्धता		अविपाक, कफज रोग

☞ सर्व धातुओं का परम – ओज

ओज – मृदु, सौम्य, रक्तमीषत्सपीतकम

☞ ओज – गर्भ की प्रथम धातु का प्रसाद भाग

☞ ओज – सर्वप्रथम हृदय में स्थित, तत्पश्चात सर्वशरीर में

☞ ओज – शरीर के स्नेह भाग जिसमें प्राण प्रतिष्ठित रहते हैं।

☞ ओज – जीवन का आश्रय

☞ यथाबलं यथास्वं च दोषा वृद्धा वितन्वते। रूपाणि जहति क्षीणा: समा: स्वं कर्म कुर्वते ये सूत्र दोषादिविज्ञानीय अध्याय में कहा गया हैं। (अ. स.सू.)

☞ दोष	विशेष स्थान
वात	पक्वाशय
पित्त	नाभि
कफ	उर

☞ दोषा देहस्य स्थेमानमानयन्त: स्थूणा इत्युच्यते।

(त्रिदोष देह को स्थिर रखते है इसलिए त्रिस्थूण कहते हैं)

☞ दोष – धारणाद्धातव

● मलिनीकरणादाहर मलत्वाच्च मला

● दूषण स्वभावाद्दोषा

☞ दोषो का पचंभौतिकत्व

वात – वायु + आकाश

पित्त – अग्नि महाभूत

कफ – जल + पृथ्वी महाभूत

☞ अन्न प्रवेश करने में वायु – प्राण वायु

☞ धी, धृति, स्मृति, मनोविबोधन स्त्रोतस प्रणीन – उदान वायु – स्त्रोतस प्रणीन

☞ स्त्रोतस शोधन, स्वेद, रक्त स्त्रावण क्रिया व योनि में शुक्र प्रतिपादन – व्यान वायु

☞ अन्न का धारण, पाचन, विवेचन– समान वायु

☞ शुक्र, गर्भ, आर्तव निष्क्रमण – अपान वायु

वात प्राणवायु उदान व्यान समान अपान वायु

स्थान	मूर्धा	उर:	हृदय	अन्तराग्नि समीप	
विचरण	कण्ठ व उर:	कण्ठ व नाभि	सर्वशरीर	–	वस्ति, श्रोणि, मेढ्र, वृषण, वंक्षण ऊरू

पित्त

	पाचक पित्त	**रञ्जक**	**साधक**	**आलोचक**	**भ्राजक**
स्थान	आमशय व पक्वाशय मध्य	आमाशय	हृदय	दृष्टि	त्वक्

कफ

कफ	**अवलम्बक कफ**	**क्लेदक**	**बोधक**	**तर्पक**	**श्लेषक**
स्थान	उर:	आमाशय	जिह्वा	मूर्धा	पर्व

प्रधान
वातजन्य रोग – 80
पित्तजन्य रोग – 40
कफ जन्य रोग – 20

☞ वातज रोग – दन्त शैथिल्य

घ्राण नाश	● घ्राण नाश
मूकत्व	● मूकत्व
तिमिर	● तिमिर
अस्वप्न	● अस्वप्न
भ्रव्युदास	● भ्रव्युदास

☞ पित्तज रोग – धूमक

● दव
● चर्मदरण
● कक्ष्या
● तम: प्रवेश
● अतृप्ति
● नीलिका

☞ कफज रोग – तृप्ति
धमनी प्रतिचय
बलास

☞ दाह – सर्वाङ्ग शरीर में तीव्र संताप

● ओष – स्वेदन व अरति के साथ दाह
● प्लोष – अंग विशेष में स्वेद रहित अग्नि ज्वाला के समान दाह

- दव – मुख, ओष्ठ व तालु में दाह
- दवथु – चक्षु आदि इन्द्रियो में दाह
- विदाह – हस्त –पाद व अंसफलक में विविध प्रकार का संताप
- अर्न्तदाह – कोष्ठ में होने वाला दाह
- धूमक – शिर, ग्रीवा, कण्ठ व तालु में धूम प्रतीति
- अम्लक – अर्न्तदाह + दाहशूलं + अम्लोद्गार
- शोणितक्लेद – रक्त की कृष्णता, दुर्गन्ध व तनुत्व
- मांसक्लेद – मांस की कृष्णता व दुर्गन्ध
- चर्मकोथ – सम्पूर्ण बाह्य त्वचा का संहित (सिकुड़कर एकत्रित होना)
- तृप्ति – कोष्ठ गौरवता से भोजन के प्रति अनिच्छा
- आरोचक – अन्न अभिलाषा न होने पर तृप्ति के समान अनुभव
- तन्द्रा – निद्रा से पीड़ित होने के समान शब्द–स्पर्श आदि विषयों को न ग्रहण करना
- उपलेप – दीवाल पर लेप करने के समान प्रतीति
- स्तैमित्य/प्रमीलक
- धमनी प्रतिचय – उपलेप की अधिकता अर्थात धमनी का अत्यंत पूरित होना
- अग्निशैत्य – अग्नि की अतिमन्दता
- उदर्द – उर: में होने वाला अभिष्यन्द शीतल जल का स्पर्श होने से विशेषत: शीत ऋतु में सराग व कण्डू युक्त शोफ

कफ प्रधान

☞ क्लेद कर्म – प्रकुपित पित्त का कर्म
कोथ कर्म – प्रकुपित पित्त का कर्म
उपदेह कर्म – प्रकुपित कफ का कर्म

☞ रसो द्वारा दोषों को अनुमान
वात दोष – कषाय, तिक्त, कटु रसों से
पित्त दोष – कटु, अम्ल, लवण
कफ दोष – मधुर, अम्ल, लवण

☞ सुश्रुत – पित्त विदग्ध होकर अम्ल बनता
- श्लेष्मा विदग्ध होकर लवण बनता

☞ वात की चिकित्सा – विस्मरण (किसी बात को विस्मृत करना या भुलाना), विध्मापन (धमकाना) सुरा व आसव सेवन, पीड़न, हेमन्त ऋतुचर्या का सेवन)

☞ पित्त की चिकित्सा – ग्रीष्म ऋतुचर्या का पालन

☞ कफ की चिकित्सा – वसन्त ऋतुचर्या का पालन

- जागरण
- नियुद्ध
- प्लवन
- नियुद्ध

☞ दोषों की चिकित्सा में युक्ति

● तीनो दोष प्रकुपित – जो बलवान हो उसकी चिकित्सा (बाकी दोष के विरोध चिकित्सा नहीं हो)

● तीनों दोष समान रूप से प्रकुपित – क्रमशः वात – पित्त – कफ चिकित्सा

☞ वात दोष सबसे बलवान व पित्त उससे कम व कफ सबसे कम बलवान होता हैं।

☞ महर्षि पराशर – वायु सबसे प्रबल – प्रथमतः उसी की चिकित्सा करना चाहिए।

☞ अन्य आचार्य के अनुसार – शरीर में दोषों के स्थान के अनुसार कफ को प्रथमत – पित्त – वात की चिकित्सा

☞ ज्वर व अतिसार में चिकित्सा क्रम – पित्त – कफ वात

☞ सन्निपात दोष – विषम सन्निपातज– बलवान दोष की चिकित्सा
सम सन्निपातज

☞ आम दोष लक्षण, आम– निराम दोष का लक्षण, आमदोष, चिकित्सा का वर्णन दोषोपक्रमणीय अध्याय में किया गया हैं।

☞ रोगभेदीय अध्याय में रोग के 7 भेद बताए गये हैं।

1. सहजजन्य – पितृजन्य शुक्र दुष्टि व मातृजन्य आर्तव दुष्टि कुष्ठ, अर्श, मेह आदि
2. गर्भजन्य रोग – मातृज अभिचार से कौब्जय, पाङ्गुल्य, पैङ्गल्य, किलास
दो प्रकार के – (i) गर्भिणी के दूषित आहार रस से, (ii) दौहृद के विमान से
3. जात जन्य रोग – अपचार से उत्पन्न
दो प्रकार – सन्तर्पण जन्य, अपतर्पण जन्य
4. पीड़ाकृत – क्षत भङ्ग प्रहार कोध, भय, शोक आदि
दो प्रकार – शारीरिक, मानसिक
5. कालज – शीत, गर्मी आदि से उत्पन्न
दो प्रकार ● व्यापन्न – शीत से दूषित अन्न से

● असंरक्षण – शरीर का शीत आदि से रक्षण न करना।

6. प्रभावजन्य – देवता तथा गुरू की आज्ञा उल्लघंन से ज्वर आदि तथा पिश्चादि से उत्पन्न उन्माद।
7. स्वभावजन्य – क्षुत् पिपासा जरा आदि।
दो प्रकार ● कालज रोग – शरीर रक्षा करने पर भी उत्पन्न रोग।

● अकालज रोग – शरीर की रक्षा न करने पर उत्पन्न

☞ रोग के द्विविध भेद –

1. प्रत्युत्पन्नकर्मजा – इस शरीर द्वारा किये गये कर्मों से उत्पन्न रोग
2. पूर्व कर्मज – पूर्व जन्मकृत कर्मों से उत्पन्न रोग

☞ त्रिविध व्याधि

● मृदु रोग – अल्प लक्षण

● मध्यम रोग – मध्यम लक्षण

● अधिमात्र रोग – सम्पूर्ण लक्षण

☞ दोषा एवं हि सर्वरोगौककारणम्। ये सूत्र द्वाविशोध्याय रोगभेदीय नामक में किया हैं।

☞ विसर्प, शोथ, अर्श, विद्रधि, गुल्म अभ्यान्तर व बाह्य दोनों मार्ग में उत्पन्न होते हैं।

☞ पुरोगामी (रोगोत्पत्ति से आगे चलने वाले रोग) – पूर्वरूप
अनुगामी (रोग के बाद उत्पन्न होने वाले रोग) – उपद्रव

☞ रोग परीक्षा विधि – रोगभेदीय अध्याय में वर्णन

● आप्तोपदेश

● प्रत्यक्ष

● अनुमान

☞ अधः काय बलनार्थ औषधि सेवन – प्राग्भक्त (BHU PG 2011)

☞ ज्ञानबुद्धिप्रदीपेन यो नाविशति योगिवत् आतुरस्यान्तरात्मानं न स रोगांश्चिकित्सत। (अ. स. सू. 22/18)

● (आगन्तुज विकार प्रवृद्ध होकर निज विकार तथा निज विकार प्रवृद्ध होकर आगन्तुक विकार का अनुसरण करता हैं)

स्थान विशेष कीअपेक्षा करे औषध का निरूपण करना चाहिए।

(औषध – सशंमन (शोधन – सौम्य – आप्य + नाभस + पार्थिव महाभूत) (असौम्य – आग्नेय + वायव्य महाभूत प्रधान)

☞ बसन्त, प्रावृट व शरद ऋतुओं में संशोधन करते हैं।

☞ अ. स. के अनुसार भैषज्य काल– 11 (NIA LEC 2020) BHU 2001

☞ रोगमादौ परीक्षेत तदनन्तरमौषधम्। ये सूत्र भेषजावचरीणीयों अध्याय में वर्णन किया गया हैं।

☞ रोग शमन के लिए प्रयुक्त किया 7 दिन प्रयोग करने के बाद दूसरी अन्य बदलनी चाहिए।

☞ उचितो यस्य यो देशस्तज्ज्ञ तस्यौषध हितम् (अ. स. सू. 23/35)

● जो व्यक्ति जिस देश में उत्पन्न होता है, उसके लिए उसी देश की औषधि हितकर होती हैं।

☞ शमन औषध – 7 प्रकार (पाचन, दीपन, क्षुत, तृट, व्यायाम, आतप, मारूत) (NIA LEC 2020)

☞ ग्रीष्म ऋतु – सभी का बृंहण

☞ शिशिर ऋतु – सभी का लंघन

☞ अति स्थौल्य लक्षण – अल्पायु, अल्पबल, अल्पवेग, गद्गद्त्वं आदि।

☞ स्थूल व्यक्ति की जठराग्नि – तीक्ष्णाग्नि

☞ कार्श्यमेव वरं स्थौल्यं – (अ. स. सू. 24/51)

☞ स्थौल्य – दुश्चिकित्सय

☞ कार्श्य – वृष्य औषधियां हितकर

● श्रेष्ठ बृहंण – मांस (नहि मांससमं किंचितदन्यदेहबृहत्वकृत)

☞ तत्काल संतर्पण – मधुर व अम्ल द्रव्यों से जल में बनाया स्नेह युक्त अथवा रूक्ष मन्थ।

☞ कृश व स्थूल दोनों के श्रेष्ठ – यव व गोधूम

☞ सर्वोतम स्नेह – घृत

☞ स्नेह का आशय (योनि) दधि, क्षीर, मांस, अस्थि, फल, दारू – काष्ठ

☞ वसा व मज्जा – अत्याग्नि

☞ तैल – क्रूरकोष्ठ
☞ वसा – कोष्ठ रूजा
☞ ग्रंथि नाड़ी कृमि श्लेष्म मारूतरोगिषु – तैल
☞ दग्धाहतभ्रष्टयोनिकर्णशिरोरूजा – वसा
☞ स्नेह विचारणाएं – 64
☞ अज्ञात कोष्ठ में सर्वप्रथम स्नेह की मात्रा – ह्रसीयसी मात्रा
☞ स्नेहपान श्रेष्ठ कल्प – अच्छपेय (स्नेहन कर्म को शीघ्र सम्पादित करता हैं)
☞ ह्रस्व मात्रा – रिक्त कोष्ठ को (अपथ्य सेवन से)
● मन्दाग्नि ● परिहार की आवश्यकता नहीं होती
● परिहार की आवश्यकता नहीं होती
☞ मध्यम मात्रा – मृदु कोष्ठ
● प्रमेह, उरूस्तम्भ, पिटिका, वातरक्त में प्रयोग
☞ महत्ती मात्रा – तीक्ष्णाग्नि
● गुल्म, उदावर्त, विसर्प, सर्प दंश पीडित में प्रयोग
☞

	स्नेहपान
वात	घृत + लवण
पित्त	शुद्ध घृत
कफ	यवक्षार + त्रिकटु + घृत

☞ अच्छपेय – उष्ण जल अनुपान
☞ तुवरक व भिलावा – शीतल जल अनुपान
☞ स्नेहपान से पूर्व/दिन/पश्चात – द्रव, उष्ण, अनभिष्यदि, नातिस्निग्ध, असंकर आहार का सेवन न करें।
☞ अकाल में आमात्रास्नेहपान लक्षण – उरूस्तम्भ, वाग्ग्रह, आमदोष, इन्द्रिय दौर्बल्य आदि।
☞ स्नेहपान से अजीर्ण में तृष्णा उत्पन्न होने पर शीतल जल से शिर व मुख धोना व स्नेह का वमन
पित्त प्रधान व्यक्ति – अच्छस्नेह पान नहीं करना चाहिए (सामपित्त में – अच्छ स्नेह पान से संज्ञानाश)
☞ विरेचन – स्नेहन के 3 दिन बाद करना चाहिए।
वमन – स्नेहन के 1 दिन बाद करना चाहिए।
☞ स्वेदायाध्याय में 4 प्रकार के स्वेद बताये गये हैं – (ताप, उपनाह, द्रव, उष्म स्वेद)
☞ द्रव स्वेद – 2 प्रकार (परिषेक & अवगाह)
☞ उष्म स्वेद – 8 प्रकार (पिण्ड, संस्तर, नाडी, घनश्म, कुम्भी, कूप, कुटी, जेन्ताक)
● पिण्ड स्वेद को संकर स्वेद भी कहते हैं।
☞ पिण्ड स्वेद वातज रोगों में प्रयोग करते हैं।
☞ घनाश्म स्वेद – शिला/अश्मघन स्वेद
☞ वायु जनित रोग – उपनाह स्वेद
☞ कफ जनित रोग – ताप व उष्म स्वेद
☞ कफ या वायु पित्त संसृष्ट दोष – द्रव स्वेद

☞ अनाग्नेय स्वेद – 11 प्रकार
निवात, गुरूप्रावरण, मुहुर्मुहः मद्यपान, क्षुधा, आतप, नियुद्ध, अध्व, भारहरण, अर्मष, भय, अनाग्नेय स्वेद
☞ मेदोधातु कफ व वात से आवृत रहती है।
☞ आमाश्यगत वात – सर्वप्रथम रूक्ष स्वेद तत्पश्चात स्निग्ध स्वेद
☞ पक्वाशयगत कफ – सर्वप्रथम स्निग्ध स्वेद तत्पश्चात रूक्ष स्वेद
☞ स्वेदन व स्तम्भन द्रव्य में द्रव व स्थिर गुण
☞ वमन कर्म – उदान वायु सहायक
☞ त्रिविध कुष्ठ का वर्णन वमनविरेचन विधि नाम अध्याय में किया हैं।
● मृदु कोष्ठ – पित्त प्रधान
● क्रूर कोष्ठ – वात प्रधान
● मध्य कोष्ठ – कफ प्रधान/सम दोष
☞ वमन में सर्वप्रथम – कफ निकलता
☞ विरेचन में सर्वप्रथम – पित्त निकलता
☞ सम्यक् स्नेहन के 10 दिन बाद विरेचन औषध सेवन
☞ तीक्ष्ण संशोधन – तीक्ष्ण विरेचन/तीक्ष्ण निरूह करना चाहिए।
☞ रोगी निर्बल व तीक्ष्ण व्याधि – मृदु औषध प्रयोग
☞ वमन/विरेचन देते समय सात्म्य द्रव्यों का प्रयोग नहीं क्योंकि सात्म्य द्रव्य मलों को बाहर निकाले बिना जीर्ण हो जाते हैं।
☞ सर्वोपक्रमाणां प्रधानतमः – बस्ति
☞ अनिलो हि दोषाणां नेता स्वतन्त्रः सर्वशरीरचेष्टैककारण। (अ. स. सू. 28/3)
☞ त्रिविधि बस्ति :– (आस्थापन, अनुवासन, उत्तर बस्ति)
☞ तद्वयः स्थापना दोषस्थापनाद्वाऽस्थापनमित्युच्यते।
☞ मात्रा बस्ति – अनुवासन बस्ति का भेद
● स्नेहपान की ह्रस्वमात्रा
☞ अजीर्ण – मात्रा व अनुवासन बस्ति निषेध
☞ बस्ति पुटक के पीड़न अवधि – 30 मात्रा
☞ उत्तर बस्ति मात्रा – 1 शुक्ति
☞ वमन कराने के – 15 दिन पश्चात विरेचन
☞ 15 दिन पश्चात् निरूह – तत्काल अनुवासन
☞ विरेचन के बाद निरूह की आवश्यकता न हो – 7 दिन बाद अनुवासन देवे
☞ नासा हि शिरसो द्वारम् (अ. स. सू. 29/3)
☞ अणु तैल निर्माण में कल्क से 8 गुना तिल का तैल लेना हैं।
☞ अणुतैल निर्माण में – गोदुग्ध (तैल से 6 गुना)
☞ व्याधि पित्त प्रधान तो तिल तैल के स्थान पर – घृत (अणु तैल निर्माण)
☞ द्वितीय अणुतैल निर्माण विधि – चरकोक्त (परन्तु तैल में एला, अभया 2 द्रव्य अधिक प्रयोग करने है)
☞ पित्त व रक्तजन्य व्याधियों में धूमपान – निषेध

☞ धूमपान काल – 1. प्रायोगिक धूमपान – 8

(i) रात्रि में (ii) मूत्र – विसर्जन पश्चात, (iii) शकृत विसर्जन

(iv) दंतधावन पश्चात, (v) स्वेदन पश्चात्, (vi) नस्य पश्चात्, (vii) आहार ग्रहण पश्चात, (viii) शस्त्रकर्म पश्चात

2. मृदु (बृहंण) धूमपान सेवन काल – 11 (DSRRAU 2015)

(i) क्षुत्, (ii) व्यवाय, (iii) हास्य, (iv) चिरासित, (v) जृम्भित, (vi) मूत्र, (vii) शकृत, (viii) दन्तधावन, (ix) तर्पण, (x) पुटपाक, (xi) शस्त्रकर्म (इन सबके बाद)

3. तीक्ष्ण (विरेचन) धूमपान सेवन काल – 5

(i) नस्य, (ii) अंजन, (iii) वमन, (iv) स्नान, (v) दिवास्वप्न के पश्चात

☞ कासघ्नं और वामक धूमनेत्र लंबाई – 10 अंगुल

☞ व्रण धूपन धूमनेत्र लंबाई – 8 अंगुल

☞ धूमवर्ति निर्माण में 5 बार औषध लेप

☞ धूमवर्ति लंबाई – 12 अंगुल

☞ धूमवर्ति के 9 अंगुल भाग तक औषध लेप करें।

☞ धूम को भीतर ग्रहण करने की क्रिया – आक्षेप

☞ धूम को बाहर निकालने की क्रिया – विसर्ग

● आक्षेप + विसर्ग – आपान

☞ गण्डूष की 3 मात्राएं

● उत्तम मात्रा – मुख को अर्ध भरना

● मध्यम मात्रा – मुख को 1/3 भरना

● हीन मात्रा – मुख को 1/4 भरना

☞ कल्क मात्रा (गण्डूष) – 1 कोल

☞ मुखालेप, मूर्ध तैल, कर्णपूरण, शिरोबस्ति आदि का वर्णन गण्डूषादिविधि अध्याय में किया हैं।

☞ शिरोबस्ति बस्ति पुटक की ऊंचाई – 12 अंगुल

☞ शिरोबस्ति करते वक्त उड़द वाले वस्त्र को शिर पर केश अन्त तक लपेटते हैं – 2 अंगुल

☞ शिरो बस्ति में तैल ऊपर तक भरना चाहिए – 1 अंगुल

☞ 3, 5, 7 दिन तक शिरोबस्ति करनी चाहिए।

☞ विडालक का वर्णन अ. स. में किया गया हैं।

☞ सुगन्धि तैल से अभ्यङ्गं का वर्णन अ.स. ने किया (Delhi Tibbia)

☞ नेत्रों रोगों में प्रथम उपक्रम – आश्च्योतन

☞ पक्ष्म को बचाकर जो नेत्र पर लेप किया जाता हैं – विडालक

☞ चतुर्विध अञ्जन – 4 (लेखन, रोपण, स्नेहन, प्रसादन)

I स्नेहन अंजन – सर्प आदि वसा से स्नेहन अंजन बनाता हैं।

● वातजन्य रोग व तिमिर रोग

II लेखन अजंन = मधुर इस द्रव्य नहीं होता शुक्र एवं अर्म रोगों में प्रयोग

III रोपण अजंन = तिक्त और कषायं स्नेह साथ मिश्रण नेत्राभिष्यन्द

IV प्रसादन अजंन = मधुर, शीतल द्रव्य व स्नेहं मिश्रण

- सूर्योपराग, विधुत सम्पात्, भूत, पिशाच आदि अद्भुत वस्तु के दर्शन से दृष्टिनाश
- स्वस्थवृत में

☞ रसों के अजंन के प्रकार = 6

☞ विधि भेद से अजंन = 2 (तीक्ष्ण व मृदु)

☞ **अंजन पात्र:-**

मधु रस अजंन = स्वर्ण पात्र
अम्ल रस अजंन = रजत पात्र
लवण रस अजंन = मेषश्रृङ्ग
कटु रस अजंन = वैडूर्यमणि / पाषाण पात्र
तिक्त रस अजंन = कास्य पत्र
कषाय रस अजंन = ताम्र/लौह पात्र
शीतवीर्य अंजन - नल, प्लक्ष, पद्यम्, स्फटिक, शंख की अंजनदानी

☞ अंजन घिसने की शिला की - ल. - 5 अंगुल
चौ. - 3 अंगुल

☞ अंजन शलाका - 5

☞ स्वर्ण व रजत शलाका - प्रसादन व स्नेह अंजन
ताम्र शलाका - लेखन अंजन
लौह शलाका व अंगुल - रोपण अंजन

अष्टांग हदय

❖ अष्टांङ्ग हदय- लघु वागभट्ट की मौलिक देन है

❖ अष्टांङ्ग हदय पर 44 संस्कृत टीकायें है।

❖ प्रमुख टीकायें

❖ पदार्थ चन्द्रिका	-	टीकाकार	काल
❖ अल्पबुद्धिप्रबोधन	-	चन्दनन्दन	10 वीं शताब्दी
❖ सर्वांग सुन्दरी	-	अरूणदत्त	12 वीं सदी
❖ आयुर्वेद रसायन	-	हेमान्द्री	13-14 वीं शताब्दी
इन्दुमती	-	इन्दु	13 वीं शताब्दी (NA)
❖ त्तत्वबोध व्याख्या	-	शिवदास सेना	15 वीं शताब्दी
❖ मनोज्ञ / चिन्तामवि	-	वैद्य टोडरमल	
❖ हदय बोधिका	-	दास पण्डित	
❖ वाग्भटार्थकौमुदी	-	श्रीकृष्ण सेमलिक	
❖ संकेत मञ्जरी	-	दामोदर	
❖ प्रदीपाख्या	-	यशोदानन्दन सरकार	
❖ वागभट्ट खण्डन मण्डन	-	भट्टनहरि	

❖ वैदूर्यकभाष्य – वाग्भट्ट

☞ हिन्दी टीकायें

❖ अत्रिदेव गुप्त एवं यदुनन्दन उपाध्याय

❖ प. शिव शर्मा – शिव प्रदीपिका

❖ प्रो. बनवारी लाल गौड़

❖ रविदत्त त्रिपाठी – सरोज हिन्दी व्याख्या

❖ ब्रह्मानन्द त्रिपाठी

☞ अरबी अनुवाद– अष्टांकर नाम से 8 वीं शताब्दी में

☞ तिब्बती अनुवाद– 7 वीं सदी में

☞ जर्मन अनुवाद – 1941 में

☞ अष्टाङ्गं संग्रह – वृद्ध वाग्भट्ट की देन है

☞ संस्कृत टीकाएं

शशिलेखा टीका – इन्दुकृत

☞ हिन्दी टीकाएं

– अत्रिदेव विद्यालंकार वृत

– गौवर्धन शर्मा एवं लालचन्द्र वैद्य कृत (सूत्रस्थान)

☞ विषय वस्तु अष्टांग संग्रह

स्थान		अध्याय संख्या
❖ सूत्र स्थान	–	40
निदान स्थान	–	16
शारीर स्थान	–	12
चिकित्सा स्थान	–	24
कल्प स्थान	–	8
उत्तर तंत्र	–	50
अष्टांग हृदय	–	150
स्थान		अध्याय संख्या
सूत्र स्थान	–	30
निदान स्थान	–	16
शारीर स्थान	–	6
चिकित्सा स्थान	–	22
कल्प स्थान	–	6
उत्तर तन्त्र	–	40
		120 अध्याय

☞ तीक्ष्णांजन के पश्चात् हिम प्रत्यंजन का प्रयोग करें (UDAIPUR 2007)

☞ श्रेष्ठ शलाका – अंगुली (मृदु होने पर)

- ☞ अंजन शलाका की ल. – 10 अंगुल
- ☞ अंजन प्रयोग – 2 बार (प्रातः व सायं)
- ☞ तीक्ष्ण अंजन का प्रयोग करने के बाद – धूमपान
- ☞ अंजन से अतिविरेक होने पर – शीतल आश्च्योतन/प्रत्यञ्जन
- ☞ अंजन से हीनयेाग होने पर – तीक्ष्ण अंजन/धूमपान
- ☞ स्वस्थ व्यक्ति, शुक्लगत रोग, कफज रोगों में तर्पण धारण – 500 मात्रा
- ☞ तर्पण के बाद कफ शांत करने के लिए – विरेचैनिक धूमपान
- ☞ पुटपाक निर्माण विधि के पत्र
- ● स्नेहन – एरण्ड पत्र
- ● लेखन – वट पत्र
- ● प्रसादन – उत्पल पत्र
- ☞ प्रसादन पुटपाक में धूमपान नहीं करना चाहिए।
- ☞ प्रसादन व पुटपाक में परिहार काल – 2 गुने दिनों तक
- ☞ यन्त्रों की संख्या – 101
- ☞ यन्त्रों के प्रकार – 6
  संदशं यन्त्र – 4
  ताल यन्त्र – 2
- ☞ सिंहमुख, व्याघ्रमुख, भुजङ्गमुख, मकरमुख आदि स्वस्तिकयन्त्र हैं।
- ☞ अर्शोयन्त्र – 3 प्रकार
- ☞ सुश्रुत के उपयन्त्र को अनुयन्त्र अ. स. ने कहा हैं।
- ☞ वाग्भट्ट ने काल, पाक, आंत्र, भय सुश्रुत से अधिक अनुयत्रं बताये हैं।
- ☞ यन्त्रों के कर्म – 24, यन्त्र दोष – 8
- ☞ शस्त्र कर्म – 12
- ☞ समस्त यंत्रों में प्रधान – कंकमुख, प्रधानतम यंत्र – हस्त
- ☞ शस्त्र के प्रकार – 26
- ☞ दंतलेखन व मण्डलाग्र शस्त्र – लेखन
- ☞ वृद्धिपत्र, उत्पलपत्र, अध्यर्धधार – पाटन कर्म
- ☞ वृद्धिपत्र, उत्पलपत्र, अध्यर्धधार, मुद्रिका – भेदन कर्म
- ☞ मण्डलाग्र, वृद्धिपत्र, उत्पल, अध्यर्धधार, मुद्रिका, कर्तरी, सर्पवक्र, करपत्र – छेदन कर्म
- ☞ कुशपत्र, आटामुख, अंतर्मुख, शरारिमुख, त्रिकूर्च – प्रच्छान कर्म।
- ☞ कुठारिका, ब्रीहिमुख, आरा और व्रीहिमुख, शलाका, वेतसपत्र, कर्णव्यधन – वेधन कर्म
- ☞ आरा व व्रीहिमुख – भेदन व छेदन
- ☞ सूची – सीवन कर्म
- ☞ सूचीकूर्च – कुट्टन कर्म
- ☞ खज – मंथन कर्म

☞ एषणी – एषण कर्म व भेदन कर्म
☞ बडिश – ग्रहण कर्म
☞ नख शस्त्र – उद्धरण, छेदन, भेदन, लेखन, प्रच्छान
☞ अंगुली शस्त्र – प्रदेशनी अंगुली के प्रथम पर्व प्रमाण
❖ ● कण्ठ रोगों में प्रयोग
❖ ● सुश्रुत ने इसे मुद्रिका शस्त्र कहा हैं।
☞ कर्तरी व सर्पवक्त्र का वर्णन सुश्रुत ने नहीं किया।
❖ सर्पवक्त्र – 1/2 अंगुल चौडा
❖ नासार्श, कर्णार्श व अर्बुद के विच्छेदनार्थ
☞ कर्तरी – त्रिभागपाशा
❖ व्रण, स्नायु, केश व सूत्र छेदनार्थ
☞ एषणी – 2 प्रकार
❖ एक एषण – 8 अंगुल लंबी – नाड़ी व्रण की गति कोथ व शल्य स्त्राव्र वाले व्रण में सुषिरता का अन्वेषण
❖ दूसरी एषणी – नाड़ी व भगन्दर भेदन में
☞ नख शस्त्र – 8 अंगुल लंबा – सूक्ष्म शल्य निकालने हेतु
☞ शस्त्र पायना – 3 प्रकार
1. क्षार पायना – शस्त्र शर, शल्य व अस्थि छेदन में प्रयुक्त
2. जल पायना – शस्त्र मांस–छेदन में प्रयुक्त
3. तैल पायना – शस्त्र पाटन, भेदन, शिराव्यधन, स्नायु–छेदन में प्रयुक्त
☞ छेदन शस्त्र की धार – मासुरी, लेखन शस्त्र की धार – अर्धमासूरी
☞ वेधन व विस्त्रावण शस्त्र की धार – कैशकी
☞ शस्त्र तेज करने की शिला – सुश्रलक्ष्ण शिला, माष/मुद्ग प्रभा समान शाल्मली फलक का प्रयोग
☞ शव परीक्षण का वर्णन यन्त्र शस्त्र विधि अध्याय में वर्णन किया गया हैं।
☞ जलौका की लंबाई का अधिकतम प्रमाण – 18 अंगुल
❖ मनुष्य में प्रयुक्त जलौका लंबाई – 4, 5, 6 अंगुल
☞ नर जलौका – अर्धचन्द्राकार
☞ मादा जालौका – अल्प शिर व बृहदधर
☞ बहुदोष व चिरोत्थितेषुचामयेषु – नर जलौका का प्रयोग
☞ सिराव्यधचिकित्सार्ध सम्पूर्ण वा चिकित्सम्। (अ. स. 36/4)
☞ सभी विकारों का आश्रय – रक्त
☞ रक्त – आहार के सारभूत रस नामक अविकृत धातु के प्राकृत तेज से रञ्जित होने पर बनता हैं।
❖ इन्द्रगोप, शशक शोणित, गुञ्जाफल, आलक्तक, पद्यम्, समान व सुवर्ण सादृश वर्ण
❖ वस्त्र पर लगने पर दाग छूटता नहीं हैं।
☞ रक्त की प्रकृति – सौम्याग्नेय
☞ रक्त, पित्त के समान संचय, प्रकोप, शमन

☞ यह मधुर, किञ्चित लवण, स्निग्ध, न शीत, न उष्ण, गुरू होता हैं।
☞ उपदंश एवं शुक्र व्यापद – मेढ्र स्थित सिरावेधन
☞ श्वास – कास – बाहु सिरा वेधन
☞ उदरशूल/प्रवाहिका – श्रोणी के चारो और 2 अंगुल पर सिरावेधन
☞ सिरावेधन से पहले – जागलं प्राणी मासंरस व यवागू
☞ यवागू आदि पान के बाद सिरावेधन की प्रतीक्षा – 1 मुहूर्त
☞ सम्यक् रक्त स्त्राव प्रमाण – 1 प्रस्थ
☞ शल्य की गति – 3 (उर्ध्व, अधो, तिर्यक)
☞ आकृति के अनुसार शल्य – 4 प्रकार
(वृत, द्विकोण, त्रिकोण, चतुष्कोण)
☞ मन्या, कण्ठ – तिर्यक छेदन
☞ अर्जीण होने कारण वातादि दोष का बलवान विभ्रम होता हैं जिससे शोफ, पीड़ा, दाह, आनाह उत्पन्न होते हैं।
☞ व्यम्ल (अर्धपक्व) व्रण के पाटिल (फटना) शोफ–पाचन औषधियों से चिकित्सा
❖ अविरोधी अन्नपान व उपनाह
☞ सीवन की 4 विधियाँ
1. गोष्फणिका 2. वेल्लितक
3. तुन्न सेवनी 4. ग्रंथि बन्धन
☞ कक्षा में स्थित व्रण – असीव्य व्रण
☞ कृकाटिका – सीव्य व्रण
☞ नासा, ओष्ठ, चिबुक, सक्थि – गोष्फणां बन्ध
☞ व्रण में परिहार काल– 6 या 7 मास
☞ व्रण में परिहार – अजीर्ण, व्यायाम, व्यवाय आदि
☞ नानौषधसमवायनिर्वृत्ते सर्वरसाधिष्ठानं – क्षार
☞ गर विष – क्षार अन्तः परिमार्जन
☞ क्षार निर्माण में वृक्ष को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर काटकर गिरायें।
☞ मृदु क्षार का रोगी व रोगबल के अनुसार 7 दिनों के अन्तर पर करना चाहिए।
☞ स्नेह से हुआ दाह – कष्टकारी, स्नेह, सूक्ष्ममार्गानुसारी – दाह भी सूक्ष्म स्त्रोतस में
☞ दुर्दग्ध चिकित्सा – पहले शीत उपक्रम – उष्ण उपक्रम – घृत लेप, परिषेक आदि शीतल उपक्रम
☞ अ. स. तन्त्र का हृदय – सूत्रस्थान
☞ अ. स. अन्तिम अध्याय नाम – अग्निकर्म (BHU 2006)
* चतुर्विध अञ्जन
लेखन अंजन – मधुर रस द्रव्य नहीं होता
शुक्र एवं अर्म रोगों में प्रयोग
रोपण अंजन – तिक्त और कषायं स्नेह साथ मिश्रण नेत्राभिष्यन्द

प्रसादन अंजन – मुधर, शीतल द्रव्य व स्नेह मिश्रण

सूर्योपराग, विधुत सम्पात्, भूत, पिशा आदि अद्भुत वस्तु के दर्शन से दृष्टि – स्वस्थवृत में

* रसो के अंजन के प्रकार – 6
* विधि भेद से अंजन – 2 (तीक्ष्ण एवं मृदु)
* अजंन पात्र :–

मधुर रस अजंन – स्वर्ण पात्र

अम्ल रस अजंन – रजत पात्र

लवण रस अजंन – मेषश्रृङ्ग

कटु रस अजंन – वैडूर्य मणि/पाषाण पात्र

तिक्त रस अजंन – कास्य पत्र

कषाय रस अजंन – ताम्र/ लौह पात्र

अध्याय - 1

प्र. 1. रागादिरोगान् का क्या अर्थ हैं। (अ. हृ. सू. 1/1)

(a) जो रोग सदैव मनुष्य के पीछे लगे रहते हैं। (b) मनुष्य को अक्रान्त करते रहते हैं।
(c) A & B (d) अत्याधिक मोह से उत्पन्न रोग।

प्र. 2. अ. ह. के सूत्रस्थान के प्रथम अध्याय का नाम क्या हैं। (अ. हृ. सू. 1/1)

(a) वेदोत्पत्ति (b) आयुष्कामीय
(c) दीर्घजीवितीय (d) दिनचर्या

प्र. 3. धर्म, अर्थ तथा सुख का साधन क्या हैं। (अ. हृ. सू. 1/2)

(a) मोक्ष (b) आयु
(c) मन (d) आत्मा

प्र. 4. आयु की कामना करने वाले पुरूष के साधन क्या हैं। (अ. हृ. सू. 1/2)

(a) धर्म, अर्थ, काम (b) धर्म, अर्थ, मोक्ष
(c) धर्म, अर्थ, सुख (d) धर्म, काम, मोक्ष

प्र. 5. अष्टांगहृदयकार के अनुसार सर्वप्रथम आयुर्वेद का अविर्भाव कैसे हुआ। (अ. हृ. सू. 1/3)

(a) ब्राह्मणां हि याथाप्रोक्तमायुर्वेद प्रजापति
(b) ब्रह्मा स्मृत्वाऽऽयुषो वेदं प्रजापतिमजिग्रहत्।
(c) ब्रह्म प्रोवाच ततः प्रजापतिरधिजगे।
(d) सहस्राक्षं सोऽत्रिपुत्रादिकांन्मुनीन्।

प्र. 6. सहस्त्राक्षं ने आयुर्वेद का ज्ञान किससे प्राप्त किया था। (अ. हृ. सू. 1/3)

(a) अश्विनी कुमार (b) अत्रि पुत्र
(c) दक्ष (d) ब्रह्म जी

प्र. 7. आयुर्वेदातरण का क्रम क्या हैं। (अ. हृ. सू. 1/3)

(a) ब्रह्मा - दक्ष प्रजापति - अश्विनी कुमारो - इन्द्र - भारद्वाज आदि
(b) ब्रह्मा - अश्विनी कुमारो - दक्ष प्रजापति - इन्द्र - भारद्वाज आदि
(c) ब्रह्मा - अश्विनी कुमारों - इन्द्र - दक्ष प्रजापति - भारद्वाज आदि
(d) ब्रह्मा - दक्ष प्रजापति - अश्विनी कुमारों - भारद्वाज - इन्द्र

प्र. 8. अष्टांगहृदय ग्रंथ का स्वरूप कैसा हैं। (अ. हृ. सू. 1/4)

(a) ग्रंथों के अति विस्तृत व प्रकीर्ण स्वरूप में से सार भाग का संग्रह
(b) विषय या अति संक्षिप्त ना अति विस्तार पूर्वक वर्णन
(c) Both A & B

(d) विषयो का अति विस्तृत वर्णन

प्र. 9. अष्टांगहृदय के अनुसार अष्टाङ्ग आयुर्वेद में प्रथम स्थान किसका हैं। (अ. हृ. सू. 1/5)

(a) शल्य (b) काय

(c) बाल (d) उर्ध्वाङ्ग

प्र. 10. अष्टांगहृदय के अनुसार अष्टाङ्ग आयुर्वेद में बाल तंत्र का कौनसा स्थान हैं। (अ. हृ. सू. 1/5)

(a) चौथा (b) तीसरा

(c) दूसरा (d) आंठवा

प्र. 11. कौन से आचार्य ने अष्टाङ्ग आयुर्वेद में ग्रह चिकित्सा का वर्णन किया हैं। (अ. हृ. सू. 1/5)

(a) चरक (b) वागभट्ट

(c) सुश्रुत (d) भेल

प्र. 12. अष्टांगहृदय के अनुसार अष्टांग आयुर्वेद में सातवां व आठवां स्थान किसका हैं। (अ. हृ. सू. 1/5)

(a) दंष्ट्रा–जरा (b) जरा–वृष चिकित्सा

(c) शल्य–उर्ध्वाङ्ग (d) ग्रह–जरा

प्र. 13. अष्टांगहृदय के अनुसार विष चिकित्सा का वर्णन अष्टाङ्ग आयुर्वेद ने किस नाम से किया हैं। (अ. हृ. सू. 1/5)

(a) विषगरविरोधिक चिकित्सा (b) अगदतंत्र

(c) दंष्ट्रा चिकित्सा (d) विष चिकित्सा

प्र. 14. अष्टांगहृदय ..... चिकित्सा प्रधान ग्रंथ हैं। (अ. ह. सू. 1/5)

(a) शल्य (b) काय

(c) Both A & B (d) उर्ध्वाङ्ग

प्र. 15. ..... चेति त्रयो दोषाः समासत। सूत्र को पूरा करें। (अ. हृ. सू. 1/6)

(a) वात–पित्त कफ (b) सत्व रज तम

(c) वात पित्त रक्त (d) पित्त कफ रक्त

प्र. 16. विकृताविकृता देहं घ्नन्ति ते वर्तयन्ति च। इस सूत्र में वर्तन का क्या अर्थ हैं। (अ. हृ. सू. 1/6) (BHU PGET 2014)

(a) विनष्ट करना (b) नाश करना

(c) यापन करना (d) उत्क्लेशन करना

प्र. 17. दोष व स्थान के विषय में उचित मिलान करे। (अ. हृ. सू. 1/7)

दोष	**स्थान**
अ. वात	**1. हृदय व नाभि मध्य**
ब. पित्त	**2. हृदय व नाभि के ऊपर**

स.	**कफ**	**3.**	**हृदय व नाभि के नीचे**

(a) अ – 3, ब – 2, स – 1 (b) अ – 3, ब – 1, स – 2

(c) अ – 1, ब – 2, स – 3 (d) अ – 2, ब – 1, स – 3

प्र. 18. वय के अनुसार दोष प्रधानता के उचित मिलान करें। (अ. हृ. सू. 1/7)

अ.	**वात**	**1.**	**वृद्धावस्था**
ब.	**पित्त**	**2.**	**युवावस्था**
स.	**कफ**	**3.**	**बाल्यवस्था**

(a) अ – 2, ब – 1, स – 3 (b) अ – 1, ब – 2, स – 3

(c) अ – 3, ब – 2, स – 1 (d) अ – 1, ब – 3, स – 2

प्र. 19. दिन व रात्रि के प्रथम प्रहर तथा भोजन पाचन के अन्त में किस दोष की वृद्धि होती है क्रमशः। (अ. हृ. सू. 1/7)

(a) वात, कफ (b) कफ, वात

(c) पित्त, वात (d) वात, वात

प्र. 20. भोजन करने के तुरन्त बाद व दिन रात्रि के अन्तिम प्रहर में कौन-2 से दोष की वृद्धि होती हैं। (अ. हृ. सू. 1/7)

(a) कफ, वात (b) वात, कफ

(c) कफ, कफ (d) वात, वात

प्र. 21. उचित मिलान करें । (अ. हृ. सू. 1/8)

	दोष		**अग्नि**
अ.	**वात**	**1.**	**तीक्ष्णाग्नि**
ब.	**पित्त**	**2.**	**मन्दाग्नि**
स.	**कफ**	**3.**	**विषमाग्नि**

(a) अ – 3, ब – 1, स – 2 (b) अ – 1, ब – 2, स – 3

(c) अ – 2, ब – 1, स – 3 (d) अ – 1, ब – 3, स – 2

प्र. 22. क्रूर कोष्ठ व मध्य कोष्ठ में किस-2 दोष की प्रधानता होती हैं। (अ. हृ. सू. 1/8) (NIA LEC 2010)

(a) वात, कफ (b) कफ, वात

(c) वात, पित्त (d) कफ, पित्त

प्र. 23. पित्त दोष की प्रधानता के कैसा कोष्ठ होता हैं। (अ. हृ. सू. 1/8)

(a) मध्यम (b) मृदु

(c) अति मृदु (d) क्रूर

प्र. 24. शारीरिक प्रकृति के विषय में निम्न में से असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 1/9-10)

(a) गर्भाधान के समय शुक्र व आर्तव में स्थित तीनों दोषों से मनुष्य की तीन प्रकृतियां बनती हैं।

(b) ये प्रकृतिया क्रमशः वात के कारण हीन, पित्त के कारण मध्यम व कफ के कारण उत्तम होती हैं।

(c) तीनो दोषों के समावस्था से निन्दित प्रकृति बनती हैं।

(d) तीनो दोषो के समावस्था से श्रेष्ठ प्रकृति होती हैं।

प्र. 25. निन्दित प्रकृतियां मानी गयी हैं (अ. हृ. सू. 1/10)

(a) सन्निपातज (b) द्वन्दज

(c) वातज (d) कफज

प्र. 26. सूक्ष्म गुण किस दोष का माना गया है। (अ. हृ. सू. 1/11)

(a) कफ (b) वात

(c) रक्त (d) पित्त

प्र. 27. विस्र्त्र व मृत्स्न गुण निम्न में से किस दोष के है क्रमशः (अ. हृ. सू. 1/11)

(a) पित्त, पित्त (b) कफ, पित्त

(c) पित्त, कफ (d) कफ, कफ

प्र. 28. सर गुण किस दोष का है। (अ. हृ. सू. 1/11) (RPSC 2011)

(a) वात (b) पित्त

(c) कफ (d) रक्त

प्र. 29. निम्न में से कौनसा गुण पित्त का नहीं है। (अ. हृ. सू. 1/11)

(a) द्रव (b) चल

(c) सस्नेह (d) तीक्ष्ण

प्र. 30. निम्न में से कौनसा गुण है जो वात व पित्त दोनों दोष में पाया जाता हैं। (अ. हृ. सू. 1/11) (BHU 2007)

(a) सूक्ष्म (b) लघु

(c) उष्ण (d) चल

प्र. 31. निम्न में से कौनसा गुण कफ दोष में नहीं मिलता। (अ. हृ. सू. 1/11)

(a) श्लक्ष्ण (b) द्रव

(c) मन्द (d) स्निग्ध

प्र. 32. अ. ह. के अनुसार दूष्य कितने कहे गये हैं। (अ. हृ. सू. 1/13)

(a) 3 (b) 8

(c) 7 (d) 13

प्र. 33. निम्न में से कौनसा मल नहीं हैं। (अ. हृ. सू. 1/13)

(a) रक्त (b) स्वेद

(c) शकृत (d) मूत्र

प्र. 34. अ. ह. के अनुसार रस कितने माने गये हैं। (अ. हृ. सू. 1/14)

(a) 63 (b) 6

(c) 5 (d) 3

प्र. 35. सबसे अधिक बलवर्धक रस कौन सा है। (अ. ह्र. सू. 1/14)

(a) कषाय (b) अम्ल

(c) मधुर (d) लवण

प्र. 36. षड्रस किस पर आश्रित रहते हैं। (अ. ह्र. सू. 1/14)

(a) द्रव्य (b) गुण

(c) Both A & B (d) कर्म

प्र. 37. अम्ल, लवण, कटुरस कौनसे दोष को प्रकुपित करते हैं। (अ. ह्र. सू. 1/15)

(a) वात (b) पित्त

(c) कफ (d) Both A & B

प्र. 38. एक व्यक्ति को कफज व्याधि हैं उसे कौनसे रस वाले आहार द्रव्यों का प्रधान रूप से सेवन करना चाहिए। (अ. ह्र. सू. 1/15)

(a) कटु (b) तिक्त

(c) कषाय (d) All

प्र. 39. एक व्यक्ति अपने आहार में प्रधान रूप से कटु तिक्त कषाय द्रव्यों का सेवन करता हैं। उसे कौन से दोष की व्याधि अधिक होने की संभावना हैं। (अ. ह्र. सू. 1/15)

(a) पित्त (b) रक्त

(c) वात (d) कफ

प्र. 40. शमनं कोपनं स्वस्थहितं ..... इति त्रिधा। सूत्र को पूरा करें। (अ. ह्र. सू. 1/16)

(a) द्रव्य (b) गुण

(c) दोष (d) रस

प्र. 41. अ. ह. ने वीर्य कितने प्रकार का माना है। (अ. ह्र. सू. 1/16)

(a) 3 (b) 8

(c) 2 (d) 5

प्र. 42. अ. ह. ने विपाक के कितने भेद माने हैं। (अ. ह्र. सू. 1/17)

(a) 3 (b) 5

(c) 2 (d) 8

प्र. 43. अ. ह. के अनुसार विपाक हैं। (अ. ह्र. सू. 1/17)

(a) स्वादु (b) अम्ल

(c) कटु (d) All

प्र. 44. विपाक की परिभाषा सर्वप्रथम किस आचार्य ने दी। (अ. ह्र. सू. 1/17)

(a) चरक (b) वाग्भट्ट

(c) भेल (d) सुश्रुत

प्र. 45. गुर्वादि गुण कितने माने गये हैं। (अ. ह्र. सू. 1/18)

(a) 10 (b) 5

(c) 20 (d) 8

प्र. 46. निम्न में से गुर्वादि गुण नहीं है। (अ. हृ. सू. 1/18)

(a) सान्द्र (b) पर

(c) विशद (d) सूक्ष्म

प्र. 47. किसका हीन योग, मिथ्या योग व अतियोग रोगों का एक मात्र कारण हैं। (अ. हृ. सू. 1/19)

(a) काल (b) अर्थ

(c) कर्म (d) All

प्र. 48. रोगस्तु दोष वैषम्य, दोषसाम्यमारोगता ये सूत्र का संदर्भ क्या हैं। (अ. हृ. सू. 1/19)

(a) च. अ. हृ. सू. 9/4 (b) अ. हृ. सू. 1/19

(c) च. अ. हृ. सू. 16/5 (d) अ. हृ. सू. 3/4

प्र. 49. अ. ह. के अनुसार निम्न में से किसके 2 भेद माने हैं। (अ. हृ. सू. 1/20 - 21)

(a) रोग (b) रोग के अधिष्ठान

(c) मानसिक दोष (d) All

प्र. 50. दर्शन स्पर्शन प्रश्नैः इस सूत्र में किसकी परीक्षा का वर्णन हैं। (अ. हृ. सू. 1/21)

(a) रोग (b) रोगी

(c) Both A & B (d) दोष

प्र. 51. निदान प्रागूप लक्षणोपश्याप्तिभिः ये सूत्र किस संदर्भ में आया हैं। (अ. हृ. सू. 1/22)

(a) रोगी परीक्षा (b) दोष परीक्षा

(c) रोग परीक्षा (d) देश परीक्षा

प्र. 52. उचित मिलान करे (देश व दोष) (अ. हृ. सू. 1/23)

देश	**दोष**
अ. जागंल	**1. त्रिदोष साम्य**
ब. आनूप	**2. कफोल्वण**
स. साधारण	**3. वातभूयिष्ठ**

(a) अ- 1, ब - 3, स - 2 (b) अ - 3, ब - 2, स - 1

(c) अ - 3, ब - 1, स - 2 (d) अ - 1, ब - 2, स - 3

प्र. 53. अ. ह. के अनुसार काल के कितने भेद माने गये हैं। (अ. हृ. सू. 1/24)

(a) 3 (b) 2

(c) 1 (d) 7

प्र. 54. किसके अनुसार भेषज का प्रयोग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 1/24)

(a) दोष (b) व्याधि

(c) काल (d) रोगी

प्र. 55. शोधन व शमन किसके भेद माने गये हैं। (अ. हृ. सू. 1/24)

(a) औषध (b) द्रव्य

(c) रस (d) व्याधि

प्र. 56. उचित मिलान करें। (अ. हृ. सू. 1/25) (BHU 2007) (MPMO 2014)

	शमन औषध		दोष
अ.	**घृत**	**1.**	**कफ**
ब.	**तैल**	**2.**	**पित्त**
स.	**मधु**	**3.**	**वात**

(a) अ – 2, ब – 1, स – 3 (b) अ – 2, ब – 3, स – 1
(c) अ – 1, ब – 2, स – 3 (d) अ – 3, ब – 2, स – 1

प्र. 57. कफ दोष के लिए श्रेष्ठ शोधन औषध क्या हैं। (अ. हृ. सू. 1/25)

(a) विरेचन (b) वस्ति
(c) वमन (d) रक्तमोक्षण

प्र. 58. मानस दोषो की परम् औषध क्या हैं। (अ. हृ. सू. 1/26) (NIA LEC 2020)

(a) सुखावह क्रिया (b) धार्मिक कार्य
(c) धीधैर्यात्मादि विज्ञान (d) शास्त्र ज्ञान

प्र. 59. चिकित्सा के चतुष्पाद का वर्णन कहाँ किया गया हैं। (अ. हृ. सू. 1/27)

(a) अ. हृ. सू. 1 (b) च. स. सू. 9
(c) Both a & b (d) अ. हृ. सू. 27

प्र. 60. चिकित्सा के चतुष्पाद के वर्णन में प्रत्येक पाद के कितने गुण बताए गये है। (अ. हृ. सू. 1/27)

(a) 2 (b) 4
(c) 16 (d) 8

प्र. 61. शुचि व दक्ष गुण किसका हैं। (अ. हृ. सू. 1/27)

(a) औषध (b) भिषक्
(c) परिचारक (d) B & C

प्र. 62. तीर्थात्तशास्त्रार्थो वैद्य के गुण माना गया हैं। इसका अर्थ क्या हैं। (अ. हृ. सू. 1/27)

(a) जिस वैद्य ने तीर्थ किया हो
(b) जिस वैद्य ने तीर्थ पर शास्त्र अध्ययन किया हो
(c) जिस वैद्य ने तीर्थ अर्थात् गुरू से शास्त्रार्थ ग्रहण किया हो
(d) All

प्र. 63. निम्न में से वैघ का गुण है। (अ. हृ. सू. 1/27)

(a) दक्ष (b) दृष्टकर्मा
(c) Both A & B (d) बुद्धिमान

प्र. 64. बहुकल्पं बहुगुणं सम्पन्नं योग्य औषधम् के सदंर्भ में सत्य कथन है। (अ. हृ. सू. 1/28)

(a) बहुकल्पं का अर्थ है – बहुत सी कल्पना के योग्य हो
(b) सम्पन्न का अर्थ है – रोग नाश की क्षमता से युक्त हो
(c) योग्य का अर्थ है – रोगी, देश, काल के अनुरूप हो

(d) सभी कथन सत्य हैं।

प्र. 65. परिचारक के गुण में ''अनुरक्त'' का क्या अर्थ हैं। (अ. हृ. सू. 1/28)

(a) रोगी से प्रेम करने वाला हो (b) रोगी से द्वेष करने वाला हो

(c) रोगी को खुश रखता हो (d) अपने कर्मों में कुशल हो

प्र. 66. निम्न में से कौनसा गुण परिचारक का हैं। (अ. हृ. सू. 1/28)

(a) अभीरूत्व (b) बुद्धिमान

(c) ज्ञापक (d) दृष्टकर्मा

प्र. 67. निम्न में से कौनसा गुण रोगी का है। (अ. हृ. सू. 1/29) (JAM 2005)

(a) भिषग्वश (b) ज्ञापक

(c) सत्ववान (d) All

प्र. 68. रोगी के गुणों में आढ़यो रोगी का वर्णन किस आचार्य ने किया हैं। (अ. हृ. सू. 1/29)

(a) वाग्भट्ट (b) चरक

(c) सुश्रुत (d) भेल

प्र. 69. अमर्मगोऽल्पहेतु कौन सी व्याधि के लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 1/30)

(a) कृच्छ्र साध्य (b) याप्य

(c) सुख साध्य (d) अनुपक्रम

प्र. 70. सुख साध्य व्याधि के लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 1/30-31)

(a) अतुल्य दूष्य देश प्रकृति (b) पाद सम्पदि

(c) ग्रहेष्वनुगुणेऽष्वेकदोष मार्ग (d) All

प्र. 71. सुख साध्य रोग किसमें माने गये है। (अ. हृ. सू. 1/30)

(a) पुरूष (b) बाल

(c) स्त्रियों (d) All

प्र. 72. शस्त्रादि साधनः ये सूत्र किस संदर्भ में आया हैं। (अ. हृ. सू. 1/31) (PGET 2019)

(a) सुख साध्य (b) कृच्छ्र साध्य

(c) याप्य (d) अनुपक्रम

प्र. 73. एक व्यक्ति की आयु शेष है व पथ्य आदि के अभ्यास से उसकी व्याधि के लक्षण कम दिखाई देते हैं। उसे किस प्रकार की व्याधि हैं। (अ. हृ. सू. 1/32)

(a) अनुपक्रम (b) याप्य

(c) Both A & B (d) कृच्छ्र साध्य

प्र. 74. औतसुक्यमोहारतिकृद् दृष्टरिष्टोऽक्षनाशनः। ये सूत्र किस व्याधि के संर्दभ में आया हैं। (अ. हृ. सू. 1/33)

(a) अनुपक्रम (b) याप्य

(c) Both A & B (d) कृच्छ्र साध्य

प्र. 75. त्याज्य रोगी के संदर्भ में अविधेय का अर्थ है। (अ. हृ. सू. 1/34) (NIA LEC 2020)

(a) जो राजा से द्वेष करता हो।
(b) जो वैद्य की आज्ञा का अनुसरण नहीं करता।
(c) वैद्य न होते हुए भी स्वयं को वैघ मानता हो।
(d) जो स्वयं से द्वेष करता हो।

प्र. 76. निम्न में से कौन से रोगी त्याज्य होते हैं। (अ. हृ. सू. 1/34)

(a) वैद्यमानी (b) भिषग्भूपैर्दिष्टं
(c) व्यग्र (d) All

प्र. 77. अ. ह. ने अध्यायों की विषय सूची का वर्णन कहाँ किया हैं। (अ. हृ. सू. 1/35)

(a) अ. हृ. सू. 1 (b) अ. हृ. सू. 3
(c) अ. हृ. सू. 30 (d) अ. हृ. सू. 2

प्र. 78. उचित मिलन करें। (स्थान व अध्याय) (अ. हृ. सू. 1/36-48)

अ.	**सूत्रस्थान**	**1.**	**40**
ब.	**शारीर स्थान**	**2.**	**6**
स.	**निदान स्थान**	**3.**	**30**
द.	**चिकित्सा स्थान**	**4.**	**16**
न.	**उत्तर स्थान**	**5.**	**24 (MH PGET 2010)**

(a) अ - 1, ब - 2, स - 3, द - 4, न - 5
(b) अ - 3, ब - 2, स - 4, द - 5, न - 1
(c) अ - 3, ब - 2, स- 5, द - 4, न - 1
(d) अ - 1, ब - 2, स - 5, द - 6, न - 3

प्र. 79. अ. ह. के कल्पसिद्धि स्थान में कितने अध्याय हैं। (अ. हृ. सू. 1/44)

(a) 16 (b) 6
(c) 8 (d) 30

प्र. 80. अ. ह. में कितने स्थान व कितने अध्याय है। क्रमशः (अ. हृ. सू. 1/48)

(a) 8, 120 (b) 120, 6
(c) 6, 120 (d) 6, 124

प्र. 81. आचार्य वागभट्ट ने दूष्य शब्द से किसका ज्ञान किया हैं। (अ. हृ. सू. 1/13)

(a) रक्त (b) दोष
(c) धातु (d) मल

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(b)	3.	(b)	4.	(c)	5.	(b)	6.	(a)
7.	(a)	8.	(c)	9.	(b)	10.	(c)	11.	(b)	12.	(b)
13.	(c)	14.	(a)	15.	(a)	16.	(c)	17.	(b)	18.	(b)

(a) स्वादु, अम्ल, पटु रस प्रधान द्रव्यों से सिद्ध स्नेह से स्निग्ध गण्डूष करते हैं।

(b) तिक्त, कषाय, मधुर रस प्रधान औषधियों से सिद्ध क्वाथ में शमन गण्डूष करते हैं।

(c) तिक्त, कटु, अम्ल, पटु, उष्णवीर्य द्रव्यों से शोधन गण्डूष नहीं करते हैं।

(d) कषाय - तिक्त रस प्रधान द्रव्यों से रोपण गण्डूष करते हैं।

प्र. 3. दन्तहर्ष, चलदन्त तथा वातजमुखरोग में किसका गण्डूष धारण करते हैं। (अ. हृ. सू. 22/5)

(a) सूखोष्ण तिलकल्कोदक (b) शीत तिलकल्कोदक

(c) उष्ण जल (d) A & B

प्र. 4. निम्न में से असत्य कथन है - (अ. हृ. सू. 22/5, 6, 7, 8) (UK LEC 2018)

(a) स्वस्थ व्यक्ति को तैल या मांसरस से नित्य गण्डूष करना चाहिए।

(b) दाहयुक्त, मुखपाक, क्षत या विष क्षार अग्नि के कारण दाह होने पर सर्पि या शीतल पय का सेवन करना चाहिए।

(c) मुख व्रणों में दाह तृष्णा प्रशमन के लिए मधु का गण्डूष धारण नहीं करना चाहिए।

(d) मुख शोष को दूर करने लिए काञ्जी का शीत व लवणरहित गण्डूष धारण करना चाहिए।

प्र. 5. आस्य वैरस्य, दौर्गन्ध्यानाश के लिए किस गण्डूष का प्रयोग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 22/8)

(a) काञ्जी (b) धान्याम्ल

(c) क्षाराम्बु (d) सुखोष्णोदक

प्र. 6. मुख में संचित श्लेष्मा व मुख लाघवता के लिए क्रमशः गण्डूष धारण करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 22/9)

(a) धान्याम्ल, शीतोदक (b) क्षाराम्बु, सुखोष्णोदक

(c) मधु, पय (d) मधु, सर्पि

प्र. 7. निम्न में से सत्य कथन बताइए। (अ. हृ सू. 22/11-12)

(a) गण्डूष को तबतक धारण करना चाहिए जबतक सम्पूर्ण मुख कफ से न भर जाये व अक्षि स्त्राव् नहीं हो।

(b) कवल धारण करने से मन्यास्तम्भ, कर्ण-मुख-अक्षिरोग में लाभ मिलता हैं।

(c) कवल धारण करने से अरूचि, पीनस आदि रोग सुखसाध्य होते हैं।

(d) सभी कथन सत्य हैं।

प्र. 8. अंसचार्यों मुखे पूर्णे ..... सूत्र पूरा करें। (अ. हृ सू. 22/11)

(a) कवल (b) गण्डूष

(c) प्रतिसारण (d) All

प्र. 9. प्रतिसारण के कौन-2 से भेद है। (अ. हृ सू. 22/13)

(a) कल्क (b) रसक्रिया

(c) चूर्ण (d) All

प्र. 10. उचित मिलान करें - (मुखालेप व लेप मोटाई) (अ. हृ सू. 22/15)

मुखालेप	**मोटाई**
अ. दोषघ्न	**1. 1/3 अंगुल**
ब. विषघ्न	**2. 1/4 अंगुल**
स. वर्ण्य	**3. 1/2 अंगुल**

(a) अ - 2, ब - 1, स - 3 (b) अ - 1, ब - 3, स - 2

(c) अ - 3, ब - 2, स - 1 (d) अ - 1, ब - 2, स - 3

प्र. 11. असत्य कथन बताइए। (अ. हृ सू. 22/14)

(a) वातज व कफज विकारों में दोषहा मुखालेप करना चाहिए।

(b) पित्त दोष में उष्ण वीर्य द्रव्यों से मुखालेप करना चाहिए।

(c) पित्त दोष, विषनाशक व वर्णकृत में शीत मुखालेप श्रेष्ठ हैं।

(d) आलेप सूख जाने पर उसे गीला करके उतारना चाहिए व उस स्थान पर अभ्यंग करना चाहिए।

प्र. 12. मुखालेप वर्ज्य किस व्याधि में हैं। (अ. हृ सू. 22/17)

(a) पीनस (b) हनुग्रह

(c) रात्रिजागरण (d) All

प्र. 13. मुखालेप के संदर्भ में असत्य कथन है। (अ. हृ सू. 22/16, 17, 18)

(a) मुखालेप करके दिवास्वप्न, भाष्य, आतप सेवन व क्रोध करना चाहिए।

(b) रात्रिजागरण करने के बाद मुखालेप प्रयोग नहीं करना चाहिए।

(c) मुखालेप से अकाल पलित, व्यङ्ग, तिमिर व नीलिकारोग आदि नष्ट होते हैं।

(d) आलेप गीला रहता है तो उसे लगा रहने देने चाहिए, सूखने पर आलेप मुख की छवि को दूषित कर देता हैं।

प्र. 14. ऋतुओं के अनुसार मुखालेप का वर्णन कौन से आचार्य ने किया है - (अ. हृ सू. 22/20,21)

(a) अ. हृ . (b) चरक

(c) सुश्रुत (d) भेल

प्र. 15. कुमुदोत्पल कह्लार दूर्वा मधुक चन्दन आदि द्रव्यों का मुखालेप करना किस ऋतु में करना चाहिए- (अ. हृ. सू. 22/20)

(a) हेमन्त (b) ग्रीष्म

(c) बसन्त (d) वर्षा

प्र. 16. दृढं भवति दर्शनम् वदनं चापरिम्लानं श्लक्ष्णं तामरसोपमम् ये सूत्र किस संदर्भ में आया है - (अ. हृ. सू. 22/22)

(a) नित्य गण्डूष धारण (b) नित्य मुखालेप

(c) नित्य कवल धारण (d) शिरोबस्ति धारण

प्र. 17. अष्टांगहृदय के अनुसार मूर्धतैल के कितने भेद हैं। (अ. हृ. सू. 22/23) (BHU 2009)

(a) 5 (b) 3

(c) 4 (d) 2

प्र. 18. शिर: प्रदेश में रूक्षता, कण्डू, मलिनता होने पर किसका प्रयोग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 22/24)

(a) अभ्यङ्ग (b) सेक

(c) पिचु (d) शिरोबस्ति

प्र. 19. अरूंषिका शिर:तोद, दाह, पाक तथा व्रण होने पर किसका प्रयोग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 22/24)

(a) अभ्यङ्ग (b) सेक

(c) पिचु (d) शिरोबस्ति

प्र. 20. पिचु का प्रयोग करते हैं - (अ. हृ. सू. 22/25)

(a) केश शात (b) स्फुटन

(c) नेत्र स्तम्भन (d) All

प्र. 21. शिर प्रसुप्त्यर्दितजागरे। नासास्य शोष तिमिरे शिरोरोग च दारूणे यह सूत्र किस संदर्भ में हैं। (अ. हृ. सू. 22/26) (BIHAR PSC)

(a) अभ्यङ्ग (b) शिरोबस्ति

(c) पिचु (d) All

प्र. 22. शिरोबस्ति धारणकाल का उचित मिलान करे। (अ. हृ. सू. 22/30)

अ. वात दोष	**1. 8000**
ब. पित्त दोष	**2. 6000**
स. कफ दोष	**3. 10000**
द. स्वस्थ	**4. 1000**

(a) अ - 3, ब - 1, स - 3, द - 4 (b) अ - 2, ब - 1, स - 3, द - 4

(c) अ - 2, ब - 1, स - 4, द - 3 (d) अ - 4, ब - 2, स - 3, द - 3

प्र. 23. शिरोबस्ति का अधिकतम कितने दिन तक सेवन करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 22/31)

(a) 5 दिन (b) 3 दिन

(c) 7 दिन (d) 10 दिन

प्र. 24. स्वस्थावस्था में कर्णपूरण धारण कितने मात्रा तक करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 22/32) (IPGT& RA 2013) (KARNATKA PG 2011)

(a) 1000 (b) 100

(c) 500 (d) 10000

प्र. 25. यावत् पर्येति हस्ताग्रं दक्षिण जानुमण्डलम्। निमेषोन्मेप कालेन समं ..... तु सा स्मृता। सूत्र किस संदर्भ में आया हैं। (अ. हृ. सू. 22/33)

(a) कर्णपूरण (b) मात्रा

(c) काष्ठा (d) घड़ी

प्र. 26. नित्य मूर्धतैल निषेवण से लाभ होते हैं। (अ. हृ. सू. 22/34)

(a) इन्द्रिया प्रसाद (b) स्वरहनुमूर्द्धबल

(c) वातज शिरोरोग नाश (d) All

प्र. 27. अ. हृ. के अनुसार गण्डूष का योग्य काल यह है। (अ. हृ. सू. 22/10)

(a) सूर्योदय पूर्व (b) सूर्योदय पश्चात्

(c) भोजन पश्चात् (d) सांयकाल

प्र. 28. अ. हृ. अनुसार 'दाहतृष्णा प्रशमनम्' बताया है। (अ. हृ. सू. 22/8) (DSRRAU PGET 2016)

(a) घृत गण्डूष (b) लवणयुक्त कांजी गण्डूष

(c) लवणरहित कांजी (d) मधु गण्डूष

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(c)	3.	(d)	4.	(c)	5.	(b)	6.	(b)
7.	(d)	8.	(b)	9.	(d)	10.	(a)	11.	(b)	12.	(d)
13.	(a)	14.	(a)	15.	(b)	16.	(b)	17.	(c)	18.	(a)
19.	(b)	20.	(d)	21.	(b)	22.	(a)	23.	(c)	24.	(b)
25.	(b)	26.	(d)	27.	(b)	28.	(d)				

अध्याय - 23

प्र. 1. सर्वप्रथम कौनसा कर्म चक्षु के सभी रोगों में हितकर होता हैं। (अ. हृ. सू. 23/1) (AIIA MD 2016)

(a) तर्पण (b) आश्चोतन

(c) पुटपाक (d) अञ्जन

प्र. 2. रूक्, तोद कण्डू घर्षाश्रु दाहराग निबर्हणम्। ये सूत्र किस संदर्भ में आया है। (अ. हृ. सू. 23/1)

(a) तर्पण (b) पुटपाक

(c) आश्च्योतन (d) अञ्जन

प्र. 3. दोषानुसार आश्चोतन का उचित मिलान करें। (अ. हृ. सू. 23/1)

रोग	**आश्च्योतन**
अ. वातज नेत्ररोग	**1. उष्ण वीर्य/उष्ण स्पर्श**
ब. कफज नेत्र रोग	**2. कोष्ण/ईषत् उष्ण**
स. पित्तज व रक्तज नेत्ररोग	**3. शीतल**

(a) अ - 1, ब - 2, स - 3 (b) अ - 2, ब - 1, स - 3

(c) अ - 1, ब - 3, स - 2 (d) अ - 3, ब - 2, स - 1

प्र. 4. आश्च्योतन देते वक्त नेत्र की कनीनिका संधि की ओर कितने अंगुल ऊपर से औषध डालनी व कितने बूंद औषध क्रमशः डालनी हैं। (अ. हृ. सू. 23/3-4)

(a) 4 अंगुल, 10 - 12 बूंद (b) 2 अंगुल, 10 - 12 बूंद

(c) 1 अंगुल - 10 - 14 बूंद (d) 2 अंगुल, 12 - 13 बूंद

प्र. 5. उचित मिलान करे। (अ. हृ. सू. 23/5-6)

नेत्र दोष	**आश्च्योतन**
अ. रूक् राग, दृष्टि नाश	**1. अति तीक्ष्ण**
ब. तोद, स्तम्भ, वेदना	**2. अति शीत**
स. वर्त्मरूक्षता, घर्षण, कृच्छ्र उन्मेष	**3. अल्प**
द. नेत्र विकार वृद्धि	**4. अति**

(a) अ - 1, ब - 2, स - 3, द - 4 (b) अ - 1, ब - 2, स - 4, द- 3

(c) अ - 2, ब - 1, स - 4, द - 3 (d) अ - 1, ब - 2, स - 3, द - 4

प्र. 6. आश्चोतन प्रयोग करने पर जलस्त्राव् न होने पर किस रोग की उत्पत्ति होती है। (अ. हृ. सू. 23/6)

(a) नेत्रक्षोभ (b) अक्षिराग

(c) दृष्टि नाश (d) नेत्र वेदना

प्र. 7. गत्वा संधि शिरो घ्राण मुख स्त्रोतांसि भेषजम्। उर्ध्वगान् नयने न्यस्तम् अपवर्तयते मलान्। ये सूत्र किस संदर्भ में आया हैं। (अ. हृ. सू. 23/7)

(a) अञ्जन (b) तर्पण

(c) आश्च्योतन (d) पुटपाक

प्र. 8. अ. ह. के अनुसार अञ्जन के कितने भेद है। (अ. हृ. सू. 23/9)

(a) 4 (b) 2

(c) 3 (d) 5

प्र. 9. उचित मिलान करे। (अ. हृ. सू. 23/10)

द्रव्य	**अंजन**
अ. कषाय - अम्ल पटु, उष्ण वीर्य	**1. प्रसादन**
ब. तिक्त रस	**2. रोपण**
स. मधुर रस शीत वीर्य	**3. लेखन**

(a) अ - 3, ब - 1, स - 3 (b) अ - 3, ब - 2, स - 1

(c) अ - 1, ब - 2, स - 3 (d) अ - 3, ब - 1, स - 3

प्र. 10. तीक्ष्णाञ्जनाभिसंतप्ते नयते तत् प्रसादनम् प्रयुज्यमानं लभते ..... समाह्वयम। सूत्र को पूरा करें। (अ. हृ. सू. 23/11)

(a) प्रसादन अंजन (b) रोपण अंजन

(c) प्रत्यञ्जन (d) लेखन अंजन

प्र. 11. अंजन प्रयोगार्थ शलाका की लंबाई कितनी होनी चाहिए। (अ. हृ. सू. 23/12)

(a) 12 अंगुल (b) 10 अंगुल

(c) 24 अंगुल (d) 16 अंगुल

प्र. 12. उचित मिलान करे। (अंजन व शलाका) (अ. हृ. सू. 23/13)

अ. लेखन	**1. सुवर्ण व रजत**
ब. रोपण	**2. ताम्र व अंगुली**
स. प्रसादन	**3. काल लौह**

(a) अ - 1, ब - 2, स - 3 (b) अ - 1, ब - 3, स - 2

(c) अ - 2, ब - 3, स - 1 (d) अ - 3, ब - 1, स - 2

प्र. 13. उचित मिलान करे। (अ. हृ. सू. 23/14) (UK LEC 2018)

अंजन कल्पना	**दोष**
अ. पिण्ड	**1. अल्प**
ब. रसक्रिया	**2. गुरू**
स. चूर्ण	**3. मध्यम**

(a) अ - 2, ब - 3, स - 1 (b) अ - 2, ब - 1, स - 3

(c) अ – 1, ब – 2, स – 3 (d) अ – 3, ब – 1, स – 2

प्र. 14. निम्न में से सत्य कथन बताइए – (अ. हृ. सू. 23/14, 15) (Ch. Bhramprakash Lect. 2010)

(a) तीक्ष्ण पिण्ड की मात्रा हरेणु के बराबर व तीक्ष्ण रसक्रिया की मात्रा वेल्ल के बराबर मानी गयी हैं।

(b) मृदु द्रव्य से निर्मित अञ्जन की मात्रा तीक्ष्ण से दोगुनी मानी गयी हैं।

(c) तीक्ष्ण चूर्ण की मात्रा 2 श्लाका व मृदु चूर्ण की मात्रा 3 श्लाका मानी गई हैं।

(d) सभी कथन सत्य है।

प्र. 15. तीक्ष्ण अंजन का प्रयोग कब नहीं करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 23/18)

(a) रात्रि (b) दिन

(c) Both (d) None

प्र. 16. विरेक दुर्बल चक्षुरादित्यं प्राप्य सीदति। ये सूत्र किस संदर्भ में आया हैं। (अ. हृ. सू. 23/18)

(a) रसांजन (b) तीक्ष्णाजंन

(c) तर्पण (d) आश्च्योतन

प्र. 17. अञ्जन के संदर्भ में असत्य कथन है। (अ. हृ. सू. 23/20, 21, 22)

(a) अति शीतकाल में रात्रि में तीक्ष्णाजन हितकर हैं।

(b) कफ दोष के अत्यन्त उद्रिक्त होने व लेखनीय नेत्र विकारों में अत्यन्त उष्ण होने पर भी दिन में तीक्ष्ण अंजन का प्रयोग कर सकते हैं।

(c) अति शीतकाल में रात्रि में तीक्ष्णाजन का प्रयोग करने से नेत्र स्त्राव् नहीं होता हैं, इससे स्तब्धता, कण्डु, जड़ता उत्पन्न होती हैं।

(d) शिर स्नान करने के बाद अंजन का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

प्र. 18. अंजन के अयोग्य है। (अ. हृ. सू. 23/23-24)

(a) अजीर्ण (b) भीत

(c) अक्षि-शिरो रूक (d) All

प्र. 19. अंजन प्रयोग के बाद कौनसा कर्म नहीं करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 23/26-27)

(a) सहसा उन्मेष-निमेष (b) अक्षि प्रक्षालन

(c) वर्त्म निष्पीड़न (d) All

प्र. 20. अंजन के संदर्भ में असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 23/28, 29, 30)

(a) अतितीक्ष्ण, अतिमृदु, अति सान्द्र आदि अंजन का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

(b) जब अंजन औषध का लगना बदं हो जाए तब यथा रोग, ऋतु शीतल या उष्ण जल से नेत्र प्रक्षालन करना चाहिए।

(c) अंजन प्रयोग के बाद प्रक्षालन नहीं करने से वर्त्म के भीतर शेष रहा अंजन दोषो को कुपित कर

रोगोत्पत्ति कर देता हैं।

(d) नेत्र में कण्डू या जड़ता होने पर पुनः तीक्ष्णाजंन या तीक्ष्ण धूमपान का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(c)	3.	(a)	4.	(b)	5.	(b)	6.	(a)
7.	(c)	8.	(c)	9.	(b)	10.	(c)	11.	(b)	12.	(c)
13.	(a)	14.	(d)	15.	(b)	16.	(b)	17.	(a)	18.	(d)
19.	(d)	20.	(d)								

अध्याय - 24

प्र. 1. नेत्र तर्पण का प्रयोग किस विकार में करते हैं। (अ. हृ. सू. 24/2)

(a) अर्जुन (b) अभिष्यन्द

(c) अन्यतोवात (d) All

प्र. 2. नेत्र तर्पण के संदर्भ में असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 24/2, 3)

(a) आंख के असमर्थ होने पर शुष्क रूक्ष होने पर नेत्रतर्पण करवाना चाहिए।

(b) नेत्र लालिमा, शूल, संरम्भ, दूषिका शान्त होने पर तर्पण करें।

(c) नेत्र तर्पण कृच्छ्रोन्मील में नहीं करते हैं।

(d) नेत्र तर्पण करने से पहले मूर्ध शुद्धि व काय शुद्धि करवाना चाहिए

प्र. 3. नेत्र तर्पण में वसा का प्रयोग किस रोग में करते है। (अ. हृ. सू. 24/4)

(a) नक्तान्ध्य (b) वातज तिमिर

(c) कृच्छ्रबोध (d) All

प्र. 4. रोगानुसार तर्पण धारण काल का उचित मिलान करे। (अ. हृ. सू. 24/7, 8)

	रोग		**धारण काल**
अ.	**वर्त्म रोग**	**1.**	**300 मात्रा**
ब.	**सन्धि रोग**	**2.**	**500 मात्रा**
स.	**सित, कफज रोग**	**3.**	**600 मात्रा**
द.	**पित्तज, स्वस्थ**	**4.**	**700 मात्रा**
न.	**असित रोग**	**5.**	**100 मात्रा**
र	**दृष्टि रोग**	**6.**	**800 मात्रा**

(a) अ - 5, ब - 1, स - 2, द - 3, न - 4, र - 6

(b) अ - 1, ब - 2, स - 3, द - 4, न - 5, र - 6

(c) अ - 2, ब - 1, स - 3, द - 5, न - 4, र - 6

(d) अ - 1, ब - 2, स - 3, द - 4, न - 6, र - 5

प्र. 5. अधिमन्थ व वातजनेत्ररोग में तर्पण धारण काल कितना होता हैं। (अ. हृ. सू. 24/8)

(a) 800 (b) 1000

(c) 700 (d) 100

प्र. 6. दोषो के अनुसार तर्पण प्रयोग का उचित मिलान करे। (अ. हृ. सू. 24/10)

	विकार		**तर्पण प्रयोग**
अ.	**वातज**	**1.**	**एकान्तर से**
ब.	**पित्तज**	**2.**	**2 दिन के अन्तर**
स.	**कफज व स्वस्थ**	**3.**	**प्रतिदिन**

(a) अ – 1, ब – 2, स – 3 (b) अ – 3, ब – 1, स – 2

(c) अ – 1, ब – 3, स – 2 (d) अ – 2, ब – 3, स – 1

प्र. 7. तर्पण के संदर्भ में सत्य कथन बताइए। (अ. हृ. सू. 24/11)

(a) ''प्रकाश क्षमता स्वास्थ्य विशदं लघु लोचनम'' ये सम्यक् तर्पण के लक्षण हैं।

(b) अति तर्पण होने से कफज विकार नेत्र में उत्पन्न होता हो जाते हैं।

(c) नेत्र में तृप्तिपर्यन्त तर्पण करना चाहिए।

(d) All

प्र. 8. नेत्र रोगों में तर्पण से कलान्त व दृष्टि बल की पुनः बल प्राप्त करने के लिए क्या करवाना चाहिए (अ. हृ. सू. 24/12)

(a) अंजन (b) पुटपाक

(c) आश्च्योतन (d) All

प्र. 9. पुटपाक के संदर्भ में उचित मिलान करें। (अ. हृ. सू. 24/13) (KERALA PG 2011)

	पुटपाक		**प्रयोग अवस्था**
अ.	**स्नेहन**	**1.**	**कफ - वातज विकार**
ब.	**लेखन**	**2.**	**पित्तज - रक्तज व स्वस्थ**
स.	**प्रसादन**	**3.**	**वातज नेत्र विकार**

(a) अ – 3, ब – 1, स – 2 (b) अ – 1, ब – 2, स – 3

(c) अ – 1, ब – 3, स – 2 (d) अ – 2, ब – 3, स – 1

प्र. 10. प्रसादन पुटपाक में किस क्षीर का प्रयोग होता हैं। (अ. हृ. सू. 24/16)

(a) स्त्री (b) अजा

(c) गाय (d) अवि

प्र. 11. पुटपाक धारण काल का उचित मिलान करें। (अ. हृ. सू. 24/19)

	पुटपाक		**धारण मात्रा (काल)**
अ.	**स्नेहन**	**1.**	**200**
ब.	**लेखन**	**2.**	**100**
स.	**प्रसादन**	**3.**	**300**

(a) अ – 1, ब – 3, स – 2 (b) अ – 1, ब – 2, स – 3

(c) अ – 2, ब – 3, स – 1 (d) अ – 3, ब – 2, स – 1

प्र. 12. पुटपाक के संदर्भ में सत्य कथन बताइए। (अ. हृ. सू. 24/20)

(a) स्नेहन व लेखन पुटपाक का सुखोष्ण प्रयोग करना चाहिए।

(b) प्रसादन पुटपाक का शीत रूप में प्रयोग करना चाहिए।

(c) स्नेहन व लेखन पुटपाक के बाद धूमपान प्रयोग करवाना चाहिए।

(d) All सत्य

प्र. 13. निम्न में से असत्य कथन बताइए। (अ. हृ. सू. 24/21-22)

(a) जितने दिन तर्पण व पुटपाक का प्रयोग किया जाये उससे दुगुने समय तक पथ्य पालन करना चाहिए।

(b) तर्पण पुटपाक किया हुआ व्यक्ति रात को मालती व मल्लिका के पुष्प आंखों का बांध कर सोये।

(c) यदि दृष्टि नष्ट हो जाती है तो संसार ज्योतिमय हो जाता हैं।

(d) नेत्रों का संरक्षण यत्नपूर्वक नस्य, अंजन व तर्पणादि से करना चाहिए।

उत्तरमाला

1.	(d)	2.	(c)	3.	(d)	4.	(a)	5.	(b)	6.	(b)
7.	(d)	8.	(b)	9.	(a)	10.	(a)	11.	(b)	12.	(d)
13.	(c)										

अध्याय - 25

प्र. 1. नानाविधानां शल्यानां नानादेश प्रबाधिनाम्। आहर्तुम अभ्युपायो यस्तद् .....। सूत्र को पूरा करें। (अ. हृ. सू. 25/1)

(a) शस्त्र (b) यन्त्र

(c) अनुशस्त्र (d) None

प्र. 2. जो शल्य या अर्श भगन्दर आदि रोग दर्शन व शस्त्र, क्षार, अग्नि कर्म के नियोजन में अंगों की परीक्षा में प्रयुक्त किये जाते हैं। उनका नाम क्या हैं। (अ. हृ. सू. 25/2)

(a) शस्त्र (b) क्षार

(c) यत्र (d) All

प्र. 3. निम्न में से यन्त्र हैं - (अ. हृ. सू. 25/2)

(a) घटिका (b) अलाबु-श्रृग

(c) जाम्बवौष्ठ (d) All

प्र. 4. स्वस्तिक यंत्र की लंबाई व ये यन्त्र कौनसी धातु से बने होते हैं। अष्टांगहृदय के अनुसार (अ. हृ. सू. 25/5)

(a) 18 अंगुल, लौह (b) 16 अंगुल, ताम्र

(c) 18 अंगुल, ताम्र (d) 16 अंगुल, लौह

प्र. 5. स्वस्तिक यन्त्र से कहाँ का शल्य आहरण किया जाता हैं। (अ. हृ. सू. 25/6)

(a) मांस (b) अस्थि

(c) स्नायु (d) All

प्र. 6. संदंश यन्त्र कितने प्रकार का होता हैं। (अ. हृ. सू. 25/7)

(a) 16 (b) 2

(c) 4 (d) 5

प्र. 7. संदशं यन्त्र की लंबाई कितनी होती हैं। (अ. हृ. सू. 25/7)

(a) 16 अंगुल (b) 2 अंगुल

(c) 18 अंगुल (d) 12 अंगुल

प्र. 8. संदंश यन्त्र किस स्थान के शल्य निकालने का काम करता हैं। (अ. हृ. सू. 25/7)

(a) त्वचा (b) सिरा, स्नायु, मांस

(c) A & B (d) अस्थि

प्र. 9. जो संदंश यन्त्र सूक्ष्म शल्य व उपपक्ष्म को निकालने में प्रयुक्त किया जाता हैं उस संदंश यन्त्र की लंबाई होती हैं। (अ. हृ. सू. 25/8)

(a) 16 अंगुल (b) 6 अंगुल
(c) 18 अंगुल (d) 12 अंगुल

प्र. 10. गम्भीर व्रण से मांस निकालने व काटने के बाद बचे हुए अर्म को निकालने में किस यन्त्र का प्रयोग करते हैं। (अ. हृ. सू. 25/9)

(a) संदंश यन्त्र (b) मुचुण्डी यन्त्र
(c) नाड़ी यन्त्र (d) स्वस्तिक यन्त्र

प्र. 11. ताल यन्त्र कितने प्रकार का होता हैं। (अ. हृ. सू. 25/10)

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 12

प्र. 12. कर्णनाड़ी से शल्य निकालने में किस यंत्र का प्रयोग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 25/10)

(a) स्वस्तिक (b) तालयंत्र
(c) नाड़ी यंत्र (d) मुचुण्डी यन्त्र

प्र. 13. नाड़ी यंत्र के संदर्भ में असत्य कथन बताइए। (अ. हृ. सू. 25/11-12)

(a) नाड़ी यन्त्र 10 अंगुल का होता हैं।
(b) नाड़ी यन्त्र स्त्रोतोगत शल्य या रोग दर्शन, क्रियाओं में सौकर्य के लिए तथा आचूषण के लिए प्रयोग किये जाते हैं।
(c) नाड़ी यन्त्र का विस्तार, परीणाह, दैर्ध्य जिस स्त्रोतस में प्रयुक्त करना है उसके अनुसार होता हैं।
(d) कण्ठ नाड़ी यन्त्र 10 अंगुल लंबी व 5 अंगुल मोटी होती हैं।

प्र. 14. शल्य निर्घातनी नाड़ी यन्त्र की लंबाई कितनी होती हैं। (अ. हृ. सू. 25/15)

(a) 16 अंगुल (b) 12 अंगुल
(c) 19 अंगुल (d) 10 अंगुल

प्र. 15. अर्शो यन्त्र का आकार कैसा होता व कितने अंगुल लंबा होता हैं। (अ. हृ. सू. 25/16)

(a) गोस्तनाकार, 4 अंगुल (b) कमल कर्णिका, 4 अंगुल
(c) काक पक्षी, 10 अंगुल (d) गोस्तनाकार, 6 अंगुल

प्र. 16. अर्शो यन्त्र की परीणाह पुरूषो व स्त्रियों में क्रमशः कितनी होती हैं - (अ. हृ. सू. 25/17)

(a) 5 अंगुल, 6 अंगुल (b) 4 अंगुल, 4 अंगुल
(c) 2 अंगुल, 6 अंगुल (d) 4 अंगुल, 6 अंगुल

प्र. 17. अर्शोयन्त्र में 2 छिद्र किस काम के लिए होते हैं। (अ. हृ. सू. 25/17)

(a) रोग दर्शन (b) शस्त्रकर्म
(c) A & B (d) गम्भीर व्रण के लिए

प्र. 18. शमी यंत्र की विशेषताएं क्या हैं- (अ. हृ. सू. 25/18)

(a) इसमें छिद्र नहीं होता (b) अर्श पीड़न में काम आता हैं।
(c) A & B (d) अर्म हटाने के काम आता हैं।

प्र. 19. निम्न में से सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 25/19-20)

(a) अर्शोयंत्र में छिद्र के ऊपर की ओर बने ओष्ठ को सर्वथा हटा देने से भगंदर यंत्र बन जाता हैं।

(b) नासा यंत्र भगन्दर यंत्र के समान होता हैं।

(c) घ्राणार्बुद एवं घ्राणार्श में एक छिद्र वाली नाड़ी होनी चाहिए जो 2 अंगुल लंबी व प्रदेशणी अंगुली के बराबर मोटाई होनी चाहिए।

(d) All

प्र. 20. अङ्गुलित्राणक यंत्र के बारे में असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 25/21)

(a) यह यंत्र दंत या वृक्ष की लकड़ी का बना हुआ है।

(b) यह यंत्र 4 अंगुल लंबा, द्विछिद्र युक्त व गोस्तनाकार होता हैं।

(c) यह यंत्र मुख खोलने के काम नहीं होता।

(d) यह यंत्र मुख खोलने के काम आता हैं।

प्र. 21. योनिव्रणेक्षण यंत्र की लंबाई कितनी होती हैं। (अ. हृ. सू. 25/22)

(a) 12 अंगुल (b) 16 अंगुल

(c) 10 अंगुल (d) 12 अंगुल

प्र. 22. योनिव्रणेक्षण यंत्र के मूल के साथ कितनी शलाका लगी हुई होती हैं। (अ. हृ. सू. 25/22)

(a) 2 (b) 5

(c) 4 (d) 1

प्र. 23. नाड़ी व्रणोपयोग यंत्र कितने प्रकार का हैं। (अ. हृ. सू. 25/23)

(a) 3 (b) 2

(c) 4 (d) 5

प्र. 24. नाड़ी व्रणोपयोग यंत्र के संदर्भ में सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 25/24)

(a) इसकी लंबाई 6 अंगुल होती है तथा इनकी आकृति बस्तियंत्र के समान होती हैं।

(b) इसका मूल अंगुष्ठ के समान मोटाई का छिद्र व आगे मुख में मटर के आकार का छिद्र होता हैं।

(c) इसके मूल में मृदु चर्म का पुटक बंधा हुआ होता हैं।

(d) All

प्र. 25. दकोदर में किस नाड़ी यंत्र का प्रयोग करते हैं। (अ. हृ. सू. 25/24)

(a) द्वि द्वारा नलिका (b) मयूरपिच्छ नलिका

(c) A & B (d) अलाबु

प्र. 26. शृङ्ग यंत्र की लंबाई कितनी अंगुल होती हैं। (अ. हृ. सू. 25/26)

(a) 16 (b) 18

(c) 10 (d) 12

प्र. 27. शृङ्ग यंत्र की आकृति कैसी होती हैं। (अ. हृ. सू. 25/26)

(a) गोस्तनाकार (b) स्त्री चूचुकाकृति

(c) ककं पक्षी (d) कमल कर्णिका

प्र. 28. अलाबु यंत्र की लंबाई तथा चौड़ाई कितनी होती हैं। (अ. हृ. सू. 25/27)

(a) 12 अंगुल, 18 अंगुल (b) 18 अंगुल, 12 अंगुल

(c) 12 अंगुल, 16 अंगुल (d) 18 अंगुल, 16 अंगुल

प्र. 29. अलाबु यंत्र से किस दोष का हरण होता हैं। (अ. हृ. सू. 25/27)

(a) दुष्टकफ (b) दुष्ट रक्त

(c) A & B (d) दुष्टवात

प्र. 30. घटी यंत्र के संदर्भ में सत्य कथन है। (अ. हृ. सू. 25/27)

(a) अलाबु के समान घटीयंत्र होता हैं।

(b) घटी यंत्र गुल्म का विलयन व उन्नयन करने के काम आता हैं।

(c) Both a & b

(d) घटी यंत्र 20 अंगुल लंबा होता हैं।

प्र. 31. शलाका यंत्र के संदर्भ में असत्य कथन है। (अ. हृ. सू. 25/29)

(a) शलाका यंत्र का प्रमाण आवश्यकतानुसार होता हैं।

(b) एषण कर्म करने वाली 2 शलाकायें गण्डूपद मुख के समान आकृति की होती हैं।

(c) स्त्रोतस् से शल्य निकलने के लिए मसूर दल के समान मुख वाली 2 शलाकायें होती हैं।

(d) स्त्रोतस से शल्य निकालने वाली शलाका 6 अंगुल लंबी होती हैं।

प्र. 32. गण्डूपद व मसूरदाल मुख वाली शलाका कितने अंगुल लंबी होती हैं। (अ. हृ. सू. 25/29)

(a) 8 (b) 10

(c) 12 (d) 16

प्र. 33. शकुं यंत्र कितने होते हैं। (अ. हृ. सू. 25/30)

(a) 8 (b) 6

(c) 10 (d) 4

प्र. 34. शकुं यन्त्र के संदर्भ में सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 25/31)

(a) 16 अंगुल व 12 अंगुल के शकुं यत्र सर्पफण के आकृति के होते हैं व्यूहन के काम आते हैं।

(b) दो शकुं यंत्र चालन कर्म के लिये होते है जो 10 व 12 अंगुल के होते हैं। इनकी आकृति शरपुखं के समान होती हैं।

(c) आहरण कर्म के लिए बडिश के समान आकृति के दो शकुं होते हैं।

(d) सभी कथन सत्य हैं।

प्र. 35. गर्भशकुं की विशेषताएं है। (अ. हृ. सू. 25/32)

(a) यह 8 अंगुल लंबा होता हैं।

(b) आगे से झुका हुआ शकुं के आकार का गर्भ शकुं होता हैं।

(c) स्त्री के मूढ़गर्भ निकालने के काम आता हैं।

(d) All

प्र. 36. सर्पफणा यंत्र किस काम आता है। (अ. हृ. सू. 25/32)

(a) अश्मरी आहरण (b) दन्तपातन
(c) मूढ़गर्भ आहरण (d) कर्ण प्रमार्जन

प्र. 37. शरपुखं आकृति का 4 अंगुल लंबा यंत्र किस काम आता हैं।

(a) दन्तपातन (b) मूढ़गर्भ आहरण
(c) A & B (d) मांस शल्य

प्र. 38. प्रमार्जन शलाकायें कितनी होती हैं। (अ. हृ. सू. 25/34)

(a) 10 (b) 6
(c) 12 (d) 8

प्र. 39. प्रमार्जन शलाका के संदर्भ में सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 25/34)

(a) 2 प्रमार्जन शलाका पायु के लिए होते हैं जिनमें से 1 आसन्न भाग के लिए 10 अंगुल व दूसरी 12 अंगुल लंबी दूरस्थ भाग के प्रमार्जन के लिए होती हैं।
(b) घ्राण प्रमार्जन के लिए 6 व 7 अंगुल प्रमाण की 2 शलाकायें होती हैं।
(c) 8 व 9 अंगुल प्रमाण की 2 शलाकायें कर्ण प्रमार्जन के लिए होती हैं।
(d) All

प्र. 40. कर्ण शोधन यंत्र किसके समान होता हैं। (अ. हृ. सू. 25/35)

(a) गण्डूपद (b) अश्वत्थ पत्र
(c) पीपल पत्र (d) B & C

प्र. 41. क्षाराग्निकर्मार्थ शलाकायें कितनी होती हैं। (अ. हृ. सू. 25/35)

(a) 3 (b) 6
(c) 5 (d) 4

प्र. 42. अन्त्रवर्ध्मोपयोगी शलाका का मूल किस आकृति का होता हैं। (अ. हृ. सू. 25/36)

(a) चन्द्राकृति (b) अर्द्धचद्राकृति
(c) गण्डूपद (d) मसूर वक्त्र

प्र. 43. नासार्श व नासार्बुद में दहन के लिए शलाका किसके समान मुख वाली होती हैं। (अ. हृ. सू. 25/37)

(a) कोल (b) कोलास्थिदल
(c) मसूररक्त्र (d) आमलकी

प्र. 44. क्षारौषधोपयोगी कितनी शलाका होती हैं व कितने अंगुल लंबाई होती हैं क्रमशः (अ. हृ. सू. 25/38)

(a) 4, 8 अंगुल (b) 4, 3 अंगुल
(c) 3, 8 अंगुल (d) 8, 8 अंगुल

प्र. 45. अनुयंत्र निम्न में से है। (अ. हृ. सू. 25/39-40)

(a) अयस्कान्त (b) काल
(c) पाद (d) All

प्र. 46. निम्न में से कौनसा अनुयंत्र नहीं है। (अ. हृ. सू. 25/39-40-41)

(a) कर (b) हर्ष

(c) जलौका (d) भय

प्र. 47. अनुयंत्र है। (अ. हृ. सू. 25/41)

(a) नख (b) द्विज

(c) वध्र (d) All

प्र. 48. निम्न में से यंत्र कर्म हैं। (अ. हृ. सू. 25/41)

(a) निर्घातन उन्मथन (b) मार्ग शुद्धि

(c) पूरण (d) All

प्र. 49. निम्न में से यंत्र कर्म नहीं हैं। (अ. हृ. सू. 25/41)

(a) आचूषण (b) ऋजुकरण

(c) लेखन (d) चालन

प्र. 50. सभी यन्त्रों में प्रधान यंत्र हैं। (अ. हृ. सू. 25/42)

(a) बडिश (b) शलाका

(c) ककं मुख (d) मुचुण्डी

प्र. 51. ककं मुख आकृति के समान यंत्र कौन सा है। (अ. हृ. सू. 25/6)

(a) संदशं यन्त्र (b) स्वस्तिक यंत्र

(c) मुचुण्डी यंत्र (d) ताल यंत्र

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(c)	3.	(d)	4.	(a)	5.	(b)	6.	(b)
7.	(a)	8.	(c)	9.	(b)	10.	(b)	11.	(c)	12.	(b)
13.	(a)	14.	(b)	15.	(a)	16.	(a)	17.	(c)	18.	(c)
19.	(d)	20.	(c)	21.	(b)	22.	(c)	23.	(b)	24.	(d)
25.	(c)	26.	(b)	27.	(b)	28.	(a)	29.	(c)	30.	(c)
31.	(d)	32.	(a)	33.	(b)	34.	(d)	35.	(d)	36.	(a)
37.	(a)	38.	(b)	39.	(d)	40.	(d)	41.	(a)	42.	(b)
43.	(b)	44.	(c)	45.	(d)	46.	(c)	47.	(d)	48.	(d)
49.	(c)	50.	(c)	51.	(b)						

अध्याय - 26

प्र. 1. अ. ह. के अनुसार शस्त्र कितने प्रकार के है - (अ. ह. सू. 26/1)

(a) 26 (b) 28

(c) 24 (d) 20

प्र. 2. शस्त्र प्रायः कितने अंगुल लंबे होते है। (अ. ह. सू. 26/1)

(a) 26 (b) 6

(c) 12 (d) 16

प्र. 3. शस्त्र की विशेषताएं होती हैं। (अ. ह. सू. 26/2-3)

(a) सुग्राह्म (b) अकराल

(c) सन्निहित (d) All

प्र. 4. शस्त्र में अपने प्रमाण का कितना भाग फलक होना चाहिए - (अ. ह. सू. 26/4)

(a) षष्टमांश (b) षौडशाशं

(c) अष्टमांश (d) चतुर्थांश

प्र. 5. निम्न में से कौनसा शस्त्र नहीं हैं। (अ. ह. सू. 26/4)

(a) मण्डलाग्र (b) जलौका

(c) कुशपत्र (d) खज

प्र. 6. पोथकी व शुण्डिका आदि रोगों में लेखन व छेदन के लिए किस शस्त्र का प्रयोग करते हैं। (अ. ह. सू. 26/5)

(a) वृद्धिपत्र (b) मण्डलाग्र

(c) एषणी (d) बडिश

प्र. 7. वृद्धिपत्र शस्त्र का कर्म है। (अ. ह. सू. 26/6)

(a) छेदन (b) भेदन

(c) पाटन (d) All

प्र. 8. वृद्धिपत्रक के संदर्भ में असत्य कथन हैं। (अ. ह. सू. 26/6)

(a) यह शस्त्र तर्जनी कें अर्न्तनख के समान आकृति वाला होता हैं।

(b) यह शस्त्र क्षुराकार होता हैं।

(c) उन्नत शोफ में सीधे फलक वाला वृद्धिपत्रक व गंभीर शोफ में दूसरा वृद्धिपत्रक प्रयोग करते हैं।

(d) दूसरे प्रकार का वृद्धिपत्रक पीछे से आगे की ओर झुका होना चाहिए व आशय या आश्रय के अनुसार लंबे या छोटे मुख वाला होना चाहिए।

प्र. 9. उत्पल व अध्यर्धधार शस्त्र किस कर्म में प्रयोग करते हैं। (अ. हृ. सू. 26/7)

(a) छेदन (b) भेदन
(c) A & B (d) पाटन

प्र. 10. घ्राण व कर्ण के अर्श के छेदन के लिए किस शस्त्र का प्रयोग करते हैं। (अ. हृ. सू. 26/7)

(a) उत्पल (b) अध्यर्धधार
(c) सर्पमुख (d) All

प्र. 11. एषणी के संदर्भ में सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 26/8)

(a) व्रण की गति के अन्वेषण में शलक्ष्ण व गण्डूपद मखु वाली एषणी प्रयोग की जाती हैं।
(b) भेदन के लिए सूचीमुख के समान नुकीली व मूल छिद्र हो ऐसी ऐषणी का प्रयोग करते हैं।
(c) दोनो सत्य हैं।
(d) दोनो कथन असत्य हैं।

प्र. 12. वेधन कर्म के लिए कौनसा शस्त्र प्रयोग करते है। (अ. हृ. सू. 26/8)

(a) एषणी (b) वेतस
(c) मण्डलाग्र (d) सर्पमुख

प्र. 13. विस्त्रावण के लिए कौनसा शस्त्र प्रयोग किया जाता है। (अ. हृ. सू. 26/9)

(a) शरारिमुख (b) त्रिकूर्चक
(c) आटीमुख (d) All

प्र. 14. ऐसे 2 शस्त्र का नाम बताये जो 2 अंगुल लंबे फल वाले हो व विस्त्रावण के लिए प्रयोग किये जाते हैं। (अ. हृ. सू. 26/9)

(a) कुशपत्र (b) आटीमुख
(c) A & B (d) शरारिमुख

प्र. 15 अन्तर्मुख शस्त्र किस कर्म में प्रयोग होता हैं। (अ. हृ. सू. 26/10)

(a) विस्त्रावण (b) छेदन
(c) सीवन (d) पाटन

प्र. 16. अन्तर्मुख शस्त्र की फल कितने अंगुल का होता है व आकृति कैसी होती हैं। (अ. हृ. सू. 26/10)

(a) 1½ अंगुल, चद्रानन (b) 1½ अंगुल, अर्धचन्द्रानन
(c) 2 अंगुल, अर्धचन्द्रानन (d) 2 अंगुल, चन्द्रानन

प्र. 17. शिरावेध व उदरवेधन में किस शस्त्र का प्रयोग करते हैं। (अ. हृ. सू. 26/11)

(a) कुठारी (b) मण्डलाग्र
(c) एषणी (d) व्रीहिमुख

प्र. 18. अस्थियों के ऊपर सिरा वेधन करने में किस यन्त्र का प्रयोग करते हैं। (अ. हृ. सू. 26/12)

(a) कुठारी (b) मण्डलाग्र
(c) अङ्गुलि शस्त्र (d) बडिश

प्र. 19. शलाका शस्त्र का मुख किस आकार का होता है। (अ. हृ. सू. 26/12)

(a) गोस्तनाकार (b) कुरूबक

(c) कर्क पक्षी (d) चन्द्रानन

प्र. 20. शलाका शस्त्र का प्रयोग किस कर्म में करते हैं। (अ. हृ. सू. 26/12)

(a) गल रोग में छेदन भेदन (b) शिरावेध

(c) लिंगनाश का वेधन (d) उदर वेधन

प्र. 21. अङ्गुलि शस्त्रक का प्रयोग किस कर्म में करते हैं। (अ. हृ. सू. 26/14/15)

(a) गल रोग में छेदन (b) गल रोग में भेदन

(c) शुण्डिका ग्रहण (d) A & B

प्र. 22. वैद्य की तर्जनी अंङ्गुली के अग्रिम पर्व में पहनने जितने प्रमाण की मुद्रिका के रूप में कौन सा शस्त्र होता हैं। (अ. हृ. सू. 26/15)

(a) अंगुलि शस्त्रक (b) बडिश

(c) करपत्र (d) कुठारी

प्र. 23. शुण्डिका व अर्म पकड़ने के काम आता हैं। (अ. हृ. सू. 26/15)

(a) करपत्र (b) बडिश

(c) शलाका (d) करपत्र

प्र. 24. करपत्र शस्त्र किस कर्म में प्रयोग होता हैं। (अ. हृ. सू. 26/16)

(a) अस्थियों पर छेदन (b) शिरा वेध

(c) उदर वेध (d) गल रोग छेदन

प्र. 25. करपत्र शस्त्र कितने अंगुल लंबाई होती हैं। (अ. हृ. सू. 26/16)

(a) 10 (b) 12

(c) 16 (d) 14

प्र. 26. स्नायु सूत्र व कच छेदन के लिए कौन सा शस्त्र प्रयोग करते हैं। (अ. हृ. सू. 26/17)

(a) एषणी (b) कर्तरी

(c) नख शस्त्र (d) आरा

प्र. 27. नख शस्त्र की लंबाई कितनी होती है। (अ. हृ. सू. 26/18)

(a) 10 अंगुल (b) 9 अंगुल

(c) 16 अंगुल (d) 12 अंगुल

प्र. 28. नख शस्त्र के कर्म क्या - 2 हैं। (अ. हृ. सू. 26/18)

(a) सूक्ष्म शल्य उद्धृति (b) छेदन - भेदन

(c) प्रच्छान - लेखन (d) All

प्र. 29. दन्त शर्करा शोधन के लिए कौनसा शस्त्र प्रयोग करते है। (अ. हृ. सू. 26/19)

(a) दन्तलेखन (b) आरा

(c) कुठारी (d) All

प्र. 30. अष्टांग हृदयकार ने सीवन कर्म के लिए कितने प्रकार की सूची का वर्णन किया है। (अ. हृ. सू. 26/19)

(a) 5 (b) 3

(c) 2 (d) 4

प्र. 31. सूची के बारे में असत्य कथन हैं - (अ. हृ. सू. 26/20-21)

(a) मांसल प्रदेशो में सीवन कर्म के लिए 3 अंगुल लंबी सूची होनी चाहिए।

(b) कम मांसल प्रदेश व अस्थि संधि प्रदेश में स्थित व्रणों के लिए 2 अंगुल लंबी सूची होनी चाहिए।

(c) मांसल प्रदेशो में सीवन कर्म के लिए 4 अंगुल लंबी सूची होनी चाहिए।

(d) पक्वाशय, आमाशय व मर्मस्थलों में काम लेने के लिए 2½ अंगुल लंबी सूची होनी चाहिए।

प्र. 32. पक्वाशय व आमशय मर्मस्थलों में काम आने वाली सूची कैसी होनी चाहिए। (अ. हृ. सू. 26/21)

(a) व्रहिमुख (b) धनुर्वक्त्रा

(c) Both a & b (d) चन्द्रानन

प्र. 33. नीलिका, व्यङ्ग व केशशातन में कुट्टन कर्म के लिए किस शस्त्र का प्रयोग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 26/22)

(a) सूची (b) कूर्च

(c) खज (d) यूथिका

प्र. 34. घ्राण से असृक हरण के लिए किस शस्त्र का प्रयोग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 26/23)

(a) कूर्च (b) यूथिका

(c) आरा (d) खज

प्र. 35. कर्णपाली वेधन के लिए किस शस्त्र का प्रयोग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 26/24)

(a) यूथिका (b) आरा

(c) खज (d) कूर्च

प्र. 36. पक्व या अपक्व शोफ के संशय होने एवम् बहल कर्णपाली के वेधन कर्म किस शस्त्र से करते हैं। (अ. हृ. सू. 26/25)

(a) सूची (b) शलाका

(c) आरा (d) कुठारी

प्र. 37. बहल कर्णपाली वेधन के लिए श्रेष्ठ शस्त्र कौनसा हैं व कितना लंबा होता हैं। (अ. हृ. सू. 26/26)

(a) यूथिका, 3 अंगुल (b) कर्णवेधनी, 3 अंगुल

(c) कर्णवेधनी, 4 अंगुल (d) सूची, 6 अंगुल

प्र. 38. निम्न में से अनुशस्त्र हैं। (अ. हृ. सू. 26/27)

(a) जलौका (b) क्षार

(c) अग्नि (d) All

प्र. 39. निम्न में से अनुशस्त्र नहीं है। (अ. हृ. सू. 26/27)

(a) काच (b) संदशं

(c) उपल (d) नख

प्र. 40. शस्त्र कर्म कितने माने है। (अ. हृ. सू. 26/28)

(a) 6 (b) 13
(c) 12 (d) 10

प्र. 41. निम्न में से शस्त्र कर्म नहीं हैं। (अ. हृ. सू. 26/28)

(a) पाटन (b) बन्धन
(c) व्यधन (d) एषण

प्र. 42. निम्न में से शस्त्र कर्म है। (अ. हृ. सू. 26/28)

(a) लेखन (b) प्रच्छान
(c) ग्रहण (d) All

प्र. 43. शस्त्र दोष की संख्या कितनी हैं। (अ. हृ. सू. 26/29)

(a) 13 (b) 8
(c) 9 (d) 10

प्र. 44. शस्त्र ग्रहण विधि के संदर्भ में उचित मिलान करें। (अ. हृ. सू. 26/31-32)

	शस्त्रकर्म		ग्रहण
अ.	छेदन, भेदन, लेखन	1.	वृत्त व फलक के मध्य तर्जन, मध्यमा व अंगुष्ठ से पकड़े
ब.	विस्त्रावण	2.	वृन्त के अग्र भाग को हस्ततल ढकते हुए मुखभाग से पकड़े
स.	ब्रीहिमुख	3.	मूल भाग से पकड़े
द.	आहरण	4.	तर्जनी व अंगुष्ठ से वृन्त आगे से भाग को पकड़े

(a) अ - 1, ब - 4, स - 2, द - 3 (b) अ - 2, ब - 1, स - 3, द - 4
(c) अ - 4, ब - 1, स - 3, द - 2 (d) अ - 1, ब - 2, स - 3, द - 4

प्र. 45. शस्त्र कर्म की लंबाई व चौड़ाई कितने अंगुल होनी चाहिए - (अ. हृ. सू. 26/33)

(a) 9, 12 (b) 12, 9
(c) 16, 16 (d) 9, 9

प्र. 46. सविष जलौका की विशेषताएं क्या हैं। (अ. हृ. सू. 26/36)

(a) इन्द्रायुधा समान (b) रोमश
(c) विचित्र वर्ण व उर्ध्व राजि वाली (d) All

प्र. 47. सविष जलौका प्रयोग से क्या हानि होती हैं। (अ. हृ. सू. 26/36)

(a) कण्डू (b) पाक
(c) ज्वर-भ्रम (d) All

प्र. 48. सविष जलौका की चिकित्सा क्या हैं। (अ. हृ. सू. 26/36)

(a) विषनाशक (b) पित्तनाशक
(c) रक्त विकृतिनाशक (d) All

प्र. 49. निर्विष जलौका का लक्षण नहीं है। (अ. हृ. सू. 26/37-38)

(a) शैवल श्याव (b) नीलोर्ध्वराजि
(c) कृष्णा (d) कषाय पृष्ठवन्त

प्र. 50. जलौकावचारण विधि के संदर्भ में सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 26/40)

(a) जलौका लगाने से पहल जलौका को हरिद्रा कल्कयुक्ता जल, काञ्जिक, तक्र में पहले डुबोना चाहिए।
(b) जलौका लगाने पूर्व उस स्थान पर घृत, मिट्टी, दूध या रक्त लगाना चाहिए अथवा शस्त्र से खंरोच देना चाहिए।
(c) रक्तपान करती हुई जलौका का स्कन्ध उत्सन्न हो जाता है। उसे मृदु वस्त्र से ढक देना चाहिए।
(d) सभी कथन सत्य है।

प्र. 51. जलौकावचारण निम्न में से किस रोग में प्रयोग करते हैं। (अ. हृ. सू. 26/42) (1)

(a) विसर्प (b) नेत्रविकार
(c) अर्श (d) All

प्र. 52. जलौकावचारण के संदर्भ में सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 26/43)

(a) जलौका वमन के लिए लवण और तैल से आक्त करके चावल की श्लक्ष्ण कणिकाओं को जलौका मुख पर लगाना चाहिए।
(b) सम्यक् वमन कराने से जलौका में पूर्ववत् पटुता व दृढ़ता आ जाती हैं।
(c) जलौका का अति वमन कराने से क्लम की उत्पत्ति या मृत्यु हो जाती हैं।
(d) उपरोक्त सभी सत्य हैं।

प्र. 53. जलौका में अतिरक्त सेवन से उत्पन्न व्याधि का नाम है। (अ. हृ. सू. 26/43)

(a) रक्तमद (b) इन्द्रमद
(c) ज्वर (d) इन्द्रयुधा

प्र. 54. जलौका का पुनः प्रयोग कितने दिन बाद करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 26/43)

(a) 5 (b) 7
(c) 10 (d) 12

प्र. 55. दुर्वान्त की स्थिति में जलौका में क्या उत्पन्न हो जाता हैं। (अ. हृ. सू. 26/44)

(a) स्तब्धता (b) मद
(c) Both (d) None

प्र. 56. जलौकावचारण के पश्चात कर्म क्या हैं। (अ. हृ. सू. 26/46)

(a) दशं स्थान पर हरिद्रा, मधु व गुड़ से स्त्रावण (b) शतधौत घृत युक्त पिचु
(c) शीतल वस्तुओं का सेवन (d) उपरोक्त सभी

प्र. 57. निम्न में से असत्य कथन है। (अ. हृ. सू. 26/47)

(a) दुष्ट रक्त स्त्राव् होने से राग व पीड़ा में वृद्धि हो जाती हैं।
(b) अशुद्ध रक्त का पुनः स्त्राव् करना चाहिए क्योंकि अपने स्थान से चला हुआ अशुद्ध रक्त व्रण स्थान में स्थित हो जाने से पर्युषित होकर विदग्ध हो जाता हैं।

(c) पित्त द्वारा दूषित रक्त में रक्तस्त्रावण के लिए अलाबु व घटी यंत्र का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि इसमें अग्नि का सबंध रहता है।

(d) कफ से दूषित रक्त में श्रृंग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। क्योंकि वह स्कन्धित होता हैं।

प्र. 58. उचित मिलान करे रक्तमोक्षण संदर्भ में (अ. हृ. सू. 26/49-54)

अ.	**पित्त दोष**	**1.**	**अलाबु व घटी**
ब.	**कफ - वात/कफ दोष**	**2.**	**श्रृङ्गं**
स.	**वात-पित्त/वात दोष**	**3.**	**जलौका**
(a)	अ - 1, ब - 2, स - 3	(b)	अ - 3, ब - 1, स - 2
(c)	अ - 2, ब - 1, स - 3	(d)	अ - 1, ब - 3, स - 2

प्र. 59. रक्त की अवस्थानुसार प्रच्छान विधि का उचित मिलान करें। (अ. हृ. सू. 26/54)

अ.	**एक देश में रक्त**	**1.**	**जलौका**
ब.	**ग्रथित रक्त**	**2.**	**श्रृंग अलाबू**
स.	**सुप्त रक्त**	**3.**	**सिरावेधन**
द.	**सर्वव्यापि रक्त**	**4.**	**प्रच्छान**
(a)	अ - 4, ब - 1, स - 2, द - 3	(b)	अ - 1, ब - 2, स - 3, द - 4
(c)	अ - 2, ब - 1, स - 4, द - 3	(d)	अ - 1, ब - 2, स - 4, द - 3

प्र. 60. उचित मिलान करें। (अ. हृ. सू. 26/54)

	रक्त अवस्था		**रक्त विस्त्रावण उपाय**
1.	**पिण्डित रक्त**	**अ.**	**जलौका**
2.	**अवगाढ़ रक्त**	**ब.**	**प्रच्छान**
3.	**त्वक्स्थ दूषित रक्त**	**स.**	**सिरा वेधन**
4.	**सर्व शरीर व्यापी दूषित रक्त**	**द.**	**अलाबू, घटी या श्रृंग**
(a)	अ - 2, ब - 1, स - 4, द - 3	(b)	अ - 2, ब - 4, स - 1, द - 3
(c)	अ - 4, ब - 1, स - 2, द - 3	(d)	अ - 1, ब - 2, स - 3, द - 4

प्र. 61. एक व्यक्ति ने रक्त स्त्राव् के बाद शीत प्रदेह आदि प्रयोग से वात का प्रकोप होकर उसे तोद व कण्डू सहित शोथ हो गया हैं उसे क्या उपचार दिया जा सकता है। (अ. हृ. सू. 26/55)

(a) उष्णोदक (b) उष्ण घृत

(c) घृत + मधु (d) शीतोदक

उत्तरमाला

1.	(a)	2.	(b)	3.	(d)	4.	(c)	5.	(b)	6.	(b)
7.	(d)	8.	(a)	9.	(c)	10.	(c)	11.	(c)	12.	(b)
13.	(d)	14.	(c)	15.	(a)	16.	(b)	17.	(d)	18.	(a)
19.	(b)	20.	(c)	21.	(d)	22.	(a)	23.	(b)	24.	(a)

25.	(a)	26.	(b)	27.	(b)	28.	(d)	29.	(a)	30.	(b)
31.	(c)	32.	(c)	33.	(b)	34.	(d)	35.	(a)	36.	(c)
37.	(b)	38.	(d)	39.	(b)	40.	(b)	41.	(b)	42.	(d)
43.	(b)	44.	(a)	45.	(b)	46.	(d)	47.	(d)	48.	(d)
49.	(c)	50.	(d)	51.	(d)	52.	(d)	53.	(a)	54.	(b)
55.	(a)	56.	(d)	57.	(a)	58.	(b)	59.	(a)	60.	(a)
61.	(b)										

अध्याय - 27

प्र. 1. शुद्ध रक्त का लक्षण नहीं हैं। (अ. हृ. सू. 27/1)

(a) मधुर (b) किञ्चित लवण

(c) कषाय (d) अशीतोष्ण

प्र. 2. असहंतम् पद्मेन्द्रगोपहेमाविशलोहितलोहितम् ये लक्षण किसके माने गये हैं। (अ. हृ. सू. 27/1) (NIA LEC 2020)

(a) शुद्ध रक्त (b) ओज

(c) शुद्ध आर्तव (d) अशुद्ध रक्त

प्र. 3. रक्त प्रकोप के हेतु हैं। (अ. हृ. सू. 27/1)

(a) पित्त प्रकोपकनिदान (b) कफ प्रकोपक निदान

(c) A & B (d) वात प्रकोपक निदान

प्र. 4. दूषित रक्तजन्य विकार हैं। (अ. हृ. सू. 27/2)

(a) अग्नि सदन (b) ज्वर

(c) मद (d) All

प्र. 5. दूषित रक्त जन्य विकार निम्न में से नहीं हैं। (अ. हृ. सू. 27/3)

(a) लवणास्यता (b) भम्र

(c) मधुरास्यता (d) शिरोरोग

प्र. 6. निम्न में से सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 27/4, 5, 8)

(a) जो विकार शीत उष्ण स्निग्ध रूक्ष आदि उपक्रमों से सम्यक् प्रकार से उपचार करने पर भी ठीक नहीं होते है तो उन्हे रक्तज विकार मानना चाहिए।

(b) रक्त विकार में उद्रिक्त रक्त के विस्त्रावण के लिए सिरावेध करना चाहिए।

(c) जो सिरा नियंत्रित नहीं की गई हो उसका सिरावेधन नहीं करना चाहिए।

(d) सभी कथन सत्य हैं।

प्र. 7. सिरावेधन की आयु सीमा क्या मानी गयी हैं। (अ. हृ. सू. 27/6)

(a) 20 - 70 वर्ष (b) 16 - 60 वर्ष

(c) 16 - 70 वर्ष (d) 5 - 70 वर्ष

प्र. 8. सिरावेधन के अयोग्य हैं। (अ. हृ. सू. 27/7)

(a) अतिसार (b) छर्दि

(c) पाण्डुरोग (d) सभी

प्र. 9. शिरोरोग व नेत्र विकार में सिरावेधन करते हैं। (अ. हृ. सू. 27/9-10)

(a) ललाट की सिरा (b) अपाङ्ग प्रदेश की सिरा

(c) नासिका प्रदेश की सिरा (d) उपरोक्त सभी

प्र. 10. उचित मिलान करें। (अ. हृ. सू. 27/10 -11)

	रोग		**सिरावेधन स्थल**
अ.	**कर्ण रोग**	**1.**	**नासाग्रे सिरा**
ब.	**नासा रोग**	**2.**	**नासा व ललाट सिरा**
स.	**पीनस रोग**	**3.**	**जिह्वा, ओष्ठ, हनु, तालु की सिराये**
द.	**मुख रोग**	**4.**	**कर्णजा सिरा**

(a) अ – 4, ब – 1, स – 2, द – 3 (b) अ – 1, ब – 2, स – 3, द – 4

(c) अ – 4, ब – 2, स – 1, द – 3 (d) अ –3, ब – 1, स – 2, द – 4

प्र. 11. उरः प्रदेश, अपाङ्ग व ललाट स्थित सिराओं का वेधन किस व्याधि में करते हैं। (अ. हृ. सू. 27/11)

(a) अपस्मार (b) उन्माद

(c) कास (d) विद्रधि

प्र. 12. जत्रु के उर्ध्व ग्रंथियों में किस स्थान का सिरावेधन करते हैं। (अ. हृ. सू. 27/11)

(a) ग्रीवा (b) शिर प्रदेश

(c) कर्ण–शख (d) सभी

प्र. 13. अपस्मार में निम्न में से किस स्थान की सिराओं का वेधन करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 27/12)

(a) हनु की सिरा (b) हनु संधि की सिरा

(c) भ्रवों मध्य स्थित भ्रू मध्यगमिनी सिरा (d) उपरोक्त सभी

प्र. 14. उरः प्रदेश या पार्श्व में स्थित विद्रधि व पार्श्वशूल में किस सिरा का वेधन करते हैं। (अ. हृ. सू. 27/12)

(a) पार्श्वस्थ सिरा (b) कक्षास्थ या स्तन के मध्य स्थित सिरा

(c) Both a & b (d) स्तन स्थित सिरा

प्र. 15. उचित मिलान करें। (अ. हृ. सू. 27/13-14)

अ.	**तृतीयक ज्वर**	**1.**	**उरू की सिरा**
ब.	**चतुर्थक ज्वर**	**2.**	**मेढ्र में स्थित सिरा**
स.	**शुक्र रोग व मेढ्र रोग**	**3.**	**स्कन्ध के नीचे स्थित सिरा**
द.	**गलगण्ड**	**4.**	**दोनों अंस संधियों के मध्य सिरा**

(a) अ – 1, ब – 2, स – 3, द – 4 (b) अ – 4, ब – 3, स – 2, द – 1

(c) अ – 4, ब – 2, स – 3, द – 1 (d) अ –1, ब – 3, स – 2, द – 4

प्र. 16. शूलयुक्त प्रवाहिका में सिरावेधन करते हैं। (अ. हृ. सू. 27/14)

(a) श्रोणी से 2 अंगुल दूर (b) श्रोणी से 4 अंगुल दूर

(c) स्कन्ध से 4 अंगुल दूर (d) इन्द्रबस्ति मर्म से 2 अंगुल दूर

प्र. 17. गृध्रसी में जानु से कितने अंगुल ऊपर या नीचे स्थित सिरा का वेधन किया जाता हैं - (अ. हृ. सू. 27/14) (अ. हृ. सू. 27/15)

(a) 2 (b) 4

(c) 5 (d) 3

प्र. 18. अपची रोग में किस मर्म व कितने अंगुल नीचे सिरा वेधन किया जाता हैं। (अ. हृ. सू. 27/15)

(a) विटप मर्म, 2 अंगुल (b) क्षिप्र मर्म, 4 अंगुल

(c) इन्द्रबस्ति मर्म, 2 अंगुल (d) इन्द्रबस्ति मर्म, 4 अंगुल

प्र. 19. गुल्फ से चार अंगुल ऊपर स्थित सिरा का वेधन किस रोग में किया जाता हैं। (अ. हृ. सू. 27/16)

(a) सक्थि शूल (b) क्रोष्टुक शीर्ष

(c) A & B (d) खुड

प्र. 20. पाददाह, खुड, पादहर्ष, विपादिका, वातकण्टक व चिप्प रोग में कौनसी सिरा का वेधन किया जाता हैं। (अ. हृ. सू. 27/16)

(a) क्षिप्र मर्म के 2 अंगुल नीचे स्थित सिरा

(b) क्षिप्र मर्म के 2 अंगुल ऊपर स्थित सिरा

(c) क्षिप्र मर्म के 4 अंगुल ऊपर स्थित सिरा

(d) क्षिप्र मर्म के 4 अंगुल नीचे स्थिर सिरा

प्र. 21. विश्वाची रोग में किस रोग के समान सिरावेध करते हैं। (अ. हृ. सू. 27/16)

(a) गृध्रंसी (b) क्रोष्टुक शीर्ष

(c) अपची रोग (d) अपस्मार

प्र. 22. सिरावेधन से पूर्व किस प्रकार के भोजन के सेवन करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 27/19)

(a) स्निग्ध रसान्न (b) पिच्छिल अन्न

(c) रूक्ष अन्न (d) शीत अन्न

प्र. 23. उपनासिका का सिरावेधन किस शस्त्र से करते हैं। (अ. हृ. सू. 27/25)

(a) बडिश (b) शलाका

(c) ब्रीहिमुख (d) सूची

प्र. 24. हस्त सिरा व पाद सिरा का वेधन करना हो तो वेध्य प्रदेश से कितने अंगुल ऊपर पट्टिका बांध कर वेधन करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 27/28)

(a) 2 (b) 4

(c) 5 (d) 1

प्र. 25. मांसल प्रदेश में सिरावेधन का प्रमाण होना चाहिए। (अ. हृ. सू. 27/33)

(a) यव (b) यवार्ध

(c) व्रीहि (d) मुद्ग

प्र. 26. अस्थियों के ऊपर कुठारिका को कितने प्रमाण में गहरा सिरावेधन में प्रयोग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 27/33)

(a) यव (b) यवार्ध

(c) व्रीहि (d) कलाय

प्र. 27. उचित मिलार करें। (अ. हृ. सू. 27/34)

विद्ध	**लक्षण**
अ. सम्यक् विद्ध	**1. धारा रूप में रक्त बहता हैं।**
ब. अल्प विद्ध	**2. तैल की तरह बूंद बूंद रक्त स्राव**
स. दुर्विद्ध	**3. रक्त शब्द के साथ तेजी से स्त्राव**
द. अतिविद्ध	**4. रक्त का अल्प स्त्राव्**

(a) अ – 1, ब – 4, स – 2, द – 3 (b) अ – 4, ब – 1, स – 3, द – 2

(c) अ – 1, ब – 2, स – 4, द – 3 (d) अ – 4, ब – 3, स – 1, द – 2

प्र. 28. निम्न में से सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 27/36)

(a) भय, मूर्च्छा, यंत्र शैथिल्य आदि रक्त अस्त्रुति के हेतु हैं।

(b) रक्त के असम्यक् स्त्राव् में वेल्ल, त्रिकटु, हरिद्रा, तगर, लवण, तैल इन सबसे सिरा के मुख पर लेप करना चाहिए।

(c) रक्त का सम्यक् स्त्राव् हो रहा हो तो तो सुखोष्ण तैल में नमक मिलाकर सिरा पर लेप करें।

(d) सभी कथन सत्य हैं।

प्र. 29. निम्न में से असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 27/38-39)

(a) जिस प्रकार कुसुम्भ में पहले पीला रंग आता हैं बाद में लाल रंग का तैल वैसे ही सिरावेध करने से पहले शुद्ध रक्त निकलता हैं।

(b) जो रक्त अच्छी प्रकार स्त्रावित होकर स्वयं रूक जाये वह शुद्ध रक्त होता हैं उसे और नहीं निकालना चाहिए।

(c) रक्तस्त्राव् के समय मूर्च्छा आने पर बन्धन खोलकर व्यजनै से हवा करे व मूर्च्छा दूर होने पर पुनः स्त्राव् करें।

(d) यदि पुनः स्त्राव् करने पर मूर्च्छा आ जाये तो अगले दिन या तीसरे दिन स्त्राव् करें।

प्र. 30. अस्कन्दि व चन्द्रिकायुक्त रक्त स्त्राव् कौन से दोष के दूषित होने से निकलता हैं। (अ. हृ. सू. 27/40)

(a) वात (b) पित्त

(c) कफज (d) सन्निपातज

प्र. 31. पाण्डुवर्ण व तन्तुमत् रक्त स्त्राव् किस दूषित दोष से होता हैं – (अ. हृ. सू. 27/41)

(a) कफ (b) वात
(c) पित्त (d) सन्निपात

प्र. 32. बलवान व्यक्ति में भी रक्तस्त्राव् को श्रेष्ठ प्रमाण कितना बताया गया हैं। (अ. हृ. सू. 27/42)

(a) 1 ½ प्रस्थ (b) 1 प्रस्थ
(c) 1 कुड़व (d) 1 प्रसृत

प्र. 33. अतिरक्तस्त्राव् की चिकित्सा क्या हैं। (अ. हृ. सू. 27/42)

(a) अभ्यङ्ग (b) मांसरस
(c) दुग्ध व रक्तपान (d) सभी

प्र. 34. अतिरक्तस्त्राव् की चिकित्सा में किस आचार्य ने रक्तपान का वर्णन किया हैं। (अ. हृ. सू. 27/42)

(a) सुश्रुत (b) काश्यप
(c) लघु वाग्भट्ट (d) भेल

प्र. 35. रक्तमोक्षण करवाने के बाद भी अगर रक्त अधिक दूषित हो तो पुनः विधिपूर्वक स्नेहन स्वेदन के बाद रक्तमोक्षण कब करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 27/43)

(a) 2 दिन (b) 15 दिन
(c) 1 दिन (d) 10

प्र. 36. सत्य कथन क्या हैं। (अ. हृ. सू. 27/45-46, 47)

(a) रक्त मोक्षण में दुष्ट रक्त अवशिष्ट रहे तो भी उसको धारण करना चाहिए लेकिन अति स्त्राव् नहीं करना चाहिए।
(b) रक्तमोक्षण के बाद शेष बचे हुए दुष्ट रक्त को श्रृङ्ग, अलाबु आदि से निकाल देना चाहिए।
(c) रक्तमोक्षण के बाद शीतोपचार, रक्तपित्त में किये जाने वाली क्रियायें करनी चाहिए या वमन - विरेचन से संशोधन करना चाहिए या उपवास आदि से विशेषण करना चाहिए।
(d) सभी कथन सत्य हैं-

प्र. 37. यदि रक्तमोक्षण के बाद अपनी स्थिति नहीं प्राप्त करता हैं तो क्या क्रिया करनी चाहिए। (अ. हृ. सू. 27/48-49)

(a) स्तम्भन (b) चूर्ण का अवचूर्णन
(c) सिरा मुख दहन (d) सभी कथन सत्य

प्र. 38. तदा शरीरं ह्यवस्थितासृग ..... विशेषाद इति रक्षितव्य। इस सूत्र को पूरा करियें। (अ. हृ. सू. 27/52)

(a) अग्नि (b) रक्त
(c) पित्त (d) वात

प्र. 39. विशुद्ध रक्त पुरूष के लक्षण हैं - (अ. हृ. सू. 27/53)

(a) प्रसन्न वर्णेन्द्रिय (b) पुष्टिबलोपपन्न

(c) अव्याहतपक्तृवेगम्

(d) सभी कथन सत्य हैं

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(a)	3.	(c)	4.	(d)	5.	(c)	6.	(d)
7.	(c)	8.	(d)	9.	(d)	10.	(a)	11.	(b)	12.	(d)
13.	(d)	14.	(c)	15.	(b)	16.	(a)	17.	(b)	18.	(c)
19.	(c)	20.	(b)	21.	(a)	22.	(a)	23.	(c)	24.	(b)
25.	(c)	26.	(b)	27.	(a)	28.	(d)	29.	(a)	30.	(b)
31.	(a)	32.	(b)	33.	(d)	34.	(c)	35.	(b)	36.	(d)
37.	(d)	38.	(a)	39.	(d)						

अध्याय - 28

प्र. 1. शल्य की गतियाँ कितनी हैं। (अ. हृ. सू. 28/1)

(a) 3 (b) 5

(c) 4 (d) 7

प्र. 2. अन्तः शल्य के लक्षण क्या हैं। (अ. हृ. सू. 28/1)

(a) श्याम वर्ण (b) बुद् बुद्वत पिटिकोपचितं व्रण

(c) शोफ रूजा वन्त (d) सभी

प्र. 3. निम्न में से सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 28/3-4)

(a) त्वाग्गत शल्य में व्रण स्थान पर विवर्णता होती हैं शोफ कठिन व दीर्घ होता हैं।

(b) मांसगत शल्य में चोष, शोफ बढ़ता है व इससे असहिष्णुता होती हैं और शीघ्र पाक होता हैं एवं शल्य मार्ग का रोहण नहीं होता।

(c) पेशी में शल्य होने पर शोथ को छोड़कर सभी लक्षण मांसगत शल्य के समान होते हैं-

(d) सभी कथन सत्य हैं -

प्र. 4. स्नायुगत शल्य के लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 28/4)

(a) आक्षेप (b) स्नायुजाल संक्षोभ

(c) स्नायुजाल में स्तम्भ व वेदना (d) सभी

प्र. 5. असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 28/5-6)

(a) स्त्रोतस् में शल्य होने पर उस स्त्रोतस् के अपने कर्म एवं गुणों में हानि होती हैं।

(b) धमनी में शल्य होने पर वायु फेनिल रक्त को बाहर निकालती हैं और वायु शब्द के साथ बाहर आती हैं।

(UPSC 2010)

(c) शल्य पीड़ित व्यक्ति को ह्लास व अंग वेदना नहीं होती हैं।

(d) अस्थि की संधि में शल्य होने पर सन्धि में तीव्र क्षोभ होता हैं।

प्र. 6. अस्थि संधि में शल्य होने पर लक्षण होते हैं। (अ. हृ. सू. 28/7)

(a) अस्थि पूर्णता (b) शोफ

(c) अस्थि स्तम्भता (d) अस्थि वेदना

प्र. 7. शल्य के अस्थिगत होने के लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 28/7)

(a) शोफ (b) रूजा

(c) Both a & b (d) स्तम्भन

प्र. 8. शल्य के सन्धिस्थ होने पर लक्षण किसके समान दिखते हैं। (अ. हृ. सू. 28/7)

(a) धमनीस्थ (b) अस्थि संधि गत

(c) अस्थिगत (d) स्नायुगत

प्र. 9. शल्य के कोष्ठगत होने के लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 28/8)

(a) आटोप – आनाह

(b) व्रण के मुख से अन्न मल व मूत्र दर्शन

(c) Both a & b

(d) अतिसार

प्र. 10. त्वक्गत प्रनष्ट शल्य के लक्षण क्या – क्या हैं। (अ. हृ. सू. 28/11)

(a) अभ्यङ्ग, स्वेदन व मर्दन करने से लालिमा, दाह, पीड़ा, क्षोभ होता है।

(b) वहाँ घृत लगाने से शीघ्र पिघल जायेगा।

(c) लगाया गया लेप शीघ्र सूख जाता हैं।

(d) सभी कथन सत्य हैं।

प्र. 11. मांस में प्रनष्ट शल्य का ज्ञान कैसे करते हैं। (अ. हृ. सू. 29/12)

(a) वमनादि के कारण व्यक्ति कृश हो जाने पर मासंगत शल्य शिथिल हो जाता हैं।

(b) उस स्थान पर शल्य के कारण क्षोभ होने से उत्पन्न रागादि उत्पन्न होता हैं।

(c) Both a & b

(d) घृत लगाने पर शीघ्र पिघल जाता हैं।

प्र. 12. मांस प्रनष्ट शल्य के समान ओर किस शल्यगत लक्षण होते हैं। (अ. हृ. सू. 28/13)

(a) पेशीगत प्रनष्ट शल्य (b) अस्थि – संधि प्रनष्ट शल्य

(c) कोष्ठगत प्रनष्ट शल्य (d) All

प्र. 13. अस्थि प्रनष्ट शल्य का ज्ञान कैसे करते हैं। (अ. हृ. सू. 28/14)

(a) अस्थि अभ्यङ्ग (b) स्वेदन – बन्धन

(c) पीड़न – मर्दन (d) All

प्र. 14. संधियों में प्रनष्ट शल्य को किस प्रकार जानना चाहिए। (अ. हृ. सू. 28/14)

(a) प्रसारण व आकुञ्चन किया (b) अस्थि के प्रनष्ट शल्य गत ज्ञान

(c) Both a & b (d) पेशीगत प्रनष्ट शल्य वत

प्र. 15. एक व्यक्ति को अश्वयुक्त रथ पर बैठाकर असमान मार्ग पर तेजी से रथ को दौड़ने पर होने वाले क्षोभ से किस स्थान का प्रनष्ट शल्य जानना चाहिए। (अ. हृ. सू. 28/15)

(a) स्नायु – सिरागत (b) स्त्रोतस गत

(c) धमनी गत (d) All

प्र. 16. शल्य की आकृति किस प्रकार की मानी गयी हैं। (अ. हृ. सू. 28/18)

(a) वृत (b) पृथु

(c) त्रिकोण–चतुष्कोण (d) All

प्र. 17. शल्य आहरण के उपाय क्या हैं। (अ. हृ. सू. 28/19)

(a) अनुलोम – प्रतिलोम (b) अर्वाचीन – प्राचीन

(c) Both a & b (d) छेदन

प्र. 18. तिर्यग्गत शल्य किस प्रकार निकालना चाहिए। (अ. हृ. सू. 28/19)

(a) भेदन (b) छेदन

(c) प्रच्छान (d) लेखन

प्र. 19. अनिर्घातनीय शल्य कौन से है। (अ. हृ. सू. 28/20)

(a) उरः प्रदेश, कक्षा, वंक्षण व पार्श्वगत हो तथा प्रतिलोमगत हो।

(b) अनुतुण्ड व छेदन योग्य हो।

(c) पृथुमुखी शल्य

(d) All

प्र. 20. अनिर्हरणीय शल्य कौन से हैं। (अ. हृ. सू. 28/21)

(a) विशल्यघ्न शल्य (b) नष्ट शल्य

(c) निरूपद्रव शल्य (d) All

प्र. 21. निम्न में से असत्य कथन बताइए। (अ. हृ. सू. 28/22-23)

(a) जो शल्य हाथ से पकड़कर निकाल सकते हैं उन्हें यंत्रों की सहायता से निकालना चाहिए।

(b) जो शल्य हाथ से पकड़कर नहीं निकाल सकते हैं तथा दृश्य है उन्हें सिंहमुख, सर्वमुख, आदि यन्त्रों से निकालना चाहिए।

(c) अदृश्य शल्य को कंकमुख, भृङ्गमुख, शरारिमुख आदि यंत्रों से पकड़कर निकाला जा सकता हैं।

(d) यदि शल्य को निकालने में मांसादि का अवरोध हो तो सर्वप्रथम शस्त्र से उस व्रण मुख को काटकर उसके व्रण को निर्लोहित कर उसका घृत से स्वेदन कर उस स्थान पर पट्टी बांधनी चाहिए।

प्र. 22. त्वचा आदि में स्थित शल्य को किस यंत्र से निकालते हैं। (अ. हृ. सू. 28/24)

(a) मुचुण्डी (b) संदंश

(c) ताल (d) All

प्र. 23. शुषिर स्थानों में स्थित शल्य को किस यन्त्र से निकालते हैं। (अ. हृ. सू. 28/25)

(a) संदश (b) नलक

(c) बडिश (d) मुचुण्डी

प्र. 24. शुषिर शल्य को किस यंत्र से निकालते हैं। (अ. हृ. सू. 28/25)

(a) ताल यन्त्र (b) मण्डलाग्र

(c) बडिश (d) संदश

प्र. 25. सिरा व स्नायु शल्य को किससे निकालते हैं। (अ. हृ. सू. 28/25)

(a) बडिश (b) मण्डलाग्र

(c) शलाका (d) ताल

प्र. 26. अस्थिगत शल्य निर्हरण के लिए वाजि को कौन सा बन्ध बांधते हैं। (अ. हृ. सू. 28/30)

(a) पंचागी बन्ध (b) दाम

(c) उत्संग (d) **अनुवेल्लित**

प्र. 27. जो शल्य निष्कर्ण व्रण मुख विवृत वाले होते हैं उन्हें किसकी सहायता से बाहर निकालते हैं। (अ. हृ. सू. 28/32)

(a) संदश (b) अयस्कान्त

(c) ताल (d) बडिश

प्र. 28. पक्वाशय गत शल्य को कैसे निकालते हैं। (अ. हृ. सू. 28/34)

(a) वमन (b) विरेचन

(c) बस्ति (d) शिरोविरेचन

प्र. 29. निम्न में से असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 28/35-36-37)

(a) दुष्टवात, विष, स्तन्य, रक्त या शरीर में कहीं भी एकत्रित दूषित तोय आदि को चूषण विधि से निकालना चाहिए।

(b) कण्ठ में फसें शल्य को निकालने के लिए धागे को बिस के कण्ठ में प्रवेश करवाना चाहिए।

(c) कण्ठ में यदि लाख से बनी वस्तु फंस जाये तो शीत शलाका को कण्ठ में प्रवेश करवाते हैं।

(d) मछली आदि कण्टक कण्ठ में अटक जाये तो द्रव पदार्थ के साथ केशगुच्छ की बनी हुई कन्दुक को धागा बाँधकर पिला दें।

प्र. 30. किसी व्यक्ति के कर्णस्त्रोत में कीट चला जाये तो क्या करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 28/42)

(a) तैल या पानी मथकर कर्ण में डाले

(b) सुखोष्ण शुक्त से कर्ण पूरण करे

(c) कीट मर जाये तो कर्ण से क्लेद निकाल दें

(d) उपरोक्त सभी क्रियाएं

प्र. 31. निम्न में से सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 28/43, 45,46)

(a) लाख व स्वर्ण, चांदी धातुओं के शल्य यदि देर तक शरीर में रहे तो शरीर गर्मी से उनका विलयन हो जाता हैं।

(b) विषाण, वेणु, अयस, ताल, दारू ये शल्य देर पर पड़े रहने से ये प्राय: रक्त-मांस आदि को शीघ्र पका देते हैं, एवं स्वयं उनसे पृथक हो जाते हैं।

(c) मांस में अवगाढ़ शल्ययुक्त स्थान पर पाक नहीं होता। इसलिए मर्दन, स्वेदन, बृहंण से पकाकर पाटन, ऐषण और भेदन कियाओं से बाहर करना चाहिए।

(d) All Correct

प्र. 32. निम्न में से कौनसा शल्य देह उष्मा से विलीन नहीं होता हैं। (अ. हृ. सू. 28/44)

(a) मिट्टी (b) वेणु

(c) श्रृङ्ग (d) All

प्र. 33. निम्न में से कौनसा शल्य देह उष्मा से विलीन हो जाता हैं। (अ. हृ. सू. 28/44)

(a) स्वर्ण (b) दन्त

(c) बाल (d) उपल

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(d)	3.	(d)	4.	(d)	5.	(c)	6.	(a)
7.	(c)	8.	(c)	9.	(c)	10.	(d)	11.	(c)	12.	(d)
13.	(d)	14.	(c)	15.	(d)	16.	(d)	17.	(c)	18.	(b)
19.	(d)	20.	(d)	21.	(a)	22.	(b)	23.	(b)	24.	(a)
25.	(c)	26.	(a)	27.	(b)	28.	(b)	29.	(c)	30.	(d)
31.	(d)	32.	(d)	33.	(a)						

अध्याय - 29

प्र. 1. निम्न में से सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 29/1-2)

(a) श्वयथुपूर्वक पाक से व्रण होता है। इसलिए पहले शोथ की चिकित्सा करके पाक से बचाना चाहिए।
(b) शोथ का उपचार अतिशीतल लेप, परिषेक, रक्तमोक्षण औंर संशोधन से करना चाहिए।
(c) अल्प शोफ, अल्प ऊष्मा, अल्पवेदना, सवर्ण, कठिन स्थिर में आम शोफ के लक्षण हैं।
(d) सभी कथन सत्य हैं।

प्र. 2. विवर्णस्तु रागी बस्तिरिवाततः स्फुटतीव निस्तोदः साङ्गमर्दविजृम्भिकः। ये सूत्र किस संदर्भ में आया हैं। (अ. हृ. सू. 29/3)

(a) आमशोफ (b) पच्यमान शोफ
(c) व्रण (d) पक्व शोफ

प्र. 3. निम्न में से पच्यमान शोफ का लक्षण नहीं हैं। (अ. हृ. सू. 29/4)

(a) दाह (b) अतिनिद्रा
(c) अनिद्रा (d) तृष्णा - ज्वर

प्र. 4. व्रणवत् स्पर्शनासह किस शोफ का लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 29/4)

(a) पच्यमान शोफ (b) पक्व
(c) आम (d) निराम

प्र. 5. पाण्डुता, कण्डूता शोफादि मादर्व किसका लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 29/5)

(a) व्रण (b) पक्व शोफ
(c) पच्यमान (d) आम

प्र. 6. वलि संभवः किस शोफ का लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 29/5)

(a) अति पक्व (b) विद्रधि
(c) पक्व (d) पच्यमान

प्र. 7. स्पृष्टे पूयस्य संचारो भवेद् बस्ताविवाम्भसः। किसका लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 29/5)

(a) पित्तज विद्रधी (b) पक्व शोफ
(c) रक्त पाक (d) व्रण

प्र. 8. उचित मिलान करें। (पाक में दोषो का हेतुत्व) (अ. हृ. सू. 29/6)

अ. वात	**1. दाह**
ब. पित्त	**2. शोफ**
स. कफ	**3. राग**
द. रक्त	**4 शूल**

(a) अ - 4, ब - 1, स - 2, द - 3

(b) अ – 4, ब – 1, स – 3, द – 2

(c) अ – 1, ब – 4, स – 2, द – 3

(d) अ – 4, ब – 2, स – 3, द – 1

प्र. 9. शूल नर्तेऽनिलाद् दाहः पित्ताच्छोफ कफोदयात् ..... ये सूत्र का संदर्भ क्या हैं। (अ. हृ. सू. 29/6)

(a) अ. ह. सूत्रस्थान (b) अ. ह. शारीर स्थान

(c) अ. ह. निदानस्थान (d) अ. ह. चिकित्सा स्थान

प्र. 10. सुषिरस्तनुत्व दोष भक्षितः वलीभिराचित श्याव शीर्यमाणतनुरूहः ये सूत्र किसके लक्षण में आया हैं। (अ. हृ. सू. 29/7)

(a) जलोदर (b) अतिपाक में शोथ

(c) रक्तपाक (d) विद्रधी

प्र. 11. निम्न में से असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 29/8-9-10)

(a) कफज शोथ में रक्त का पाक गम्भीरता से (गहराई तक) होता हैं इसलिए इस शोथ में पकने के लक्षण अस्पष्ट होते हैं।

(b) रक्तपाक के लक्षण शीत शोफता, त्वक् सवर्ण, अल्पत्व वेदना आदि लक्षण होते हैं।

(c) अल्प सत्व, निर्बल, बालक में उत्पन्न शोथ में एवं पाक के कारण अत्यत उद्धत शोथ में या मर्म संधि आदि में स्थित शोथ में पाटन कर्म करना चाहिए।

(d) अल्प सत्व, निर्बल बालक में उत्पन्न शोथ में एवं पाक के कारण अत्यंत उद्वत शोथ में या मर्म संधि आदि में स्थित शोथ में दारूण कर्म करना चाहिए।

प्र. 12. घनस्पर्शवत् अश्मवत् ये किसका लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 29/9)

(a) कफज अश्मरी (b) रक्तपाक शोफ

(c) कफज शोफ (d) अतिपक्व शोफ

प्र. 13. आम शोथ में छेदन करने से कौन सी व्याधि उत्पन्न हो जाती हैं। (अ. हृ. सू. 29/11)

(a) क्षतजन्य विसर्प (b) ग्रंथि विसर्प

(c) आग्नेय विसर्प (d) कफज विसर्प

प्र. 14. आम शोथ में छेदन से क्या हानि होती है। (अ. हृ. सू. 29/11)

(a) सिरा – स्नायु व्यापद

(b) अति रक्त स्त्राव व अति रूजा वृद्धि

(c) त्वक् दारण

(d) उपरोक्त सभी

प्र. 15. निम्न में से सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 29/12-13-14)

(a) पक्व शोथ में छेदन नहीं करने से पूय सिरा, स्नायु, रक्त व मांस को जला देती हैं।
(b) जो वैद्य आम शोथ का छेदन करता है या पाक शोथ की उपेक्षा करता हैं ऐसे वैद्य को श्वपच के समान मानना चाहिए।
(c) शस्त्र कर्म में जो वेदना व सहन करने वाला तथा मद्य पीने वाला रोगी हो उसे मद्यपान करना चाहिए।
(d) उपरोक्त सभी सत्य कथन हैं।

प्र. 16. शस्त्र कर्म करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/14)

(a) इष्ट भोजन करके (b) खाली पेट
(c) भोजन के मध्य (d) पीन पीकर

प्र. 17. अन्न संयोग व मद्यपान का क्या लाभ हैं - (अ. हृ. सू. 29/15)

(a) मूर्च्छा नहीं आती (b) शस्त्र पीड़ा का ज्ञान नहीं होता
(c) Both a & b (d) None

प्र. 18. किन व्याधियों में खाली पेट शस्त्र कर्म करना चाहिए।

(a) मूढगर्भ (b) अश्मरी
(c) मुख रोग व उदर रोग (d) All

प्र. 19. शस्त्र कर्म करते समय रोगी को किस दिशा में मुख करके बैठना चाहिए- (अ. हृ. सू. 29/15)

(a) उत्तर (b) पूर्व
(c) दक्षिण (d) पश्चिम

प्र. 20. शस्त्र कर्म विधि में शस्त्र को किस रूप में लगाना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/17)

(a) अनुलोम (b) प्रतिलोम
(c) Both a & b (d) तिर्यक

प्र. 21. यदि शोथ (पाकस्थल) बड़ा हो तो कितने अङ्गुल पाटन करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/18)

(a) 4 (b) 2
(c) 3 (d) 1

प्र. 22. यदि पाकस्थल बड़ा है तो दूसरा पाटन कितनी दूरी पर करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/19)

(a) 2 अंगुल (b) 3 अंगुल
(c) Both a & b (d) 4 अंगुल

प्र. 23. सम्यक् पाटन के लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 29/20)

(a) व्रण सुविभक्त व निराशय वाला हो जायें। (b) व्रण आयत व विशाल होना चाहिए
(c) व्रण में पूय नहीं रहनी चाहिए (d) उपरोक्त सभी

प्र. 24. शौर्यम आशुक्रिया तीक्ष्ण शस्त्रम् अस्वेदवेपथू असम्मोहश्च। ये सूत्र में किसके गुण बताये गये हैं। (अ. हृ. सू. 29/21)

(a) परीक्षक (b) वैद्य
(c) शल्य चिकित्सक (d) परिचारक

प्र. 25. निम्न में से किस पर तिर्यक छेदन करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/22)

(a) ललाट (b) भ्रू
(c) दन्तवेष्ट (d) All

प्र. 26. निम्न में किस पर तियर्क छेदन नहीं करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/22)

(a) स्फिक् (b) कक्षा
(c) अक्षिकूट (d) कपोल

प्र. 27. तिर्यक छेदन कुक्षि, ओष्ठ, गल, वक्षंण प्रदेश आदि के अलावा किसी अन्य प्रदेश में किया जाये तो क्या हानि होती हैं। (अ. हृ. सू. 29/23)

(a) अति रक्त स्त्राव् (b) सिरा-स्नायु विपाटन
(c) त्वक् दारूण (d) अति रूजा वृद्धि

प्र. 28. व्रण छेदन के बाद क्या-क्या पश्चात कर्म करने चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/24-25-26-27)

(a) व्रण शोधक कषाय से व्रण का प्रक्षालन कर प्लोत से व्रण में स्थित जल को साफ करे।
(b) उसके बाद गुग्गुलु, सरसों, हिंग, वचा आदि से व्रण का धूपन करे।
(c) तिलकल्क, घी व मधु इसमें दोषानुसार अन्य औषध लेकर वर्ति बनाकर व्रण में रखें।
(d) उपरोक्त सभी

प्र. 29. व्रण पर वर्ति व औषध के ऊपर घृत मिश्रित सत्तू रखकर कर एक कवलिका रखकर युक्तिपूर्वक सावधानी से बांधने का विधान है - इसमें बांधने के लिए किस प्रकार की गांठ लगानी चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/28)

(a) दक्षिण पार्श्व में (b) वाम पार्श्व
(c) Both a & b (d) व्रण के ऊपर या नीचे गांठ लगाये।

प्र. 30. व्रण रक्षा के लिए किन औषध को सिर पर धारण करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/30)

(a) लक्ष्मी (b) गुहा
(c) जटिला (d) All

प्र. 31. व्रण उपचार के बाद किसके समान आचरण करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/31)

(a) स्नेहपानवत् (b) वमनवत्
(c) विरेचनवत् (d) बस्तिवत्

प्र. 32. व्रण के संदर्भ निम्न में से सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 29/32-33)

(a) दिवास्वप्न से व्रण में कण्डू, लालिमा, शोथ, रूजा और पूय उत्पन्न होता हैं।
(b) स्त्रियों के स्मरण, संस्पर्श या दर्शन से व्यवायजनित दोष उत्पन्न हो जाते हैं।
(c) आयास से व्रण में शोथ व रात्रिजागरण से लालिमा होती हैं।
(d) सभी कथन सत्य है।

प्र. 33. उचित मिलान करें (शस्त्र कर्म में त्याज्य का सेवन से लक्षण)। (अ. हृ. सू. 29/33 (1))

अ. आयास	**1. लालिमा**
ब. रात्रिजागरण	**2. शोथ**
स. दिवाशयन	**3. लालिमा + शोथ + रूक् + मृत्यु**
द. मैथुन	**4. लालिमा + शोथ + रूक्**

(a) अ - 2, ब - 1, स - 4, द - 3 (b) अ - 2, ब- 4, स - 3, द - 1

(c) अ – 4, ब – 1, स – 3, द – 2 (d) अ – 1, ब – 2, स – 3, द – 4

प्र. 34. शस्त्र कर्म के पश्चात निम्न में से पथ्य आहार है। (अ. हृ. सू. 29/34-35)

(a) बालमूलक (b) वार्ताक

(c) कारवेल्लक (d) All

प्र. 35. निम्न में शस्त्र कर्म के पश्चात निम्न में अपथ्य आहार हैं। (अ. हृ. सू. 29/36)

(a) कर्कोट (b) तिल

(c) वास्तुक (d) आमलकी

प्र. 36. निम्न में से असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 29/37-38-39)

(a) शस्त्रकर्म के बाद पथ्य सेवन करने से भोजन सूखपूर्वक जीर्ण हो जाता हैं।

(b) व्रणी को उड़द, मद्य, मांस, इक्षु विकृति आदि का सेवन करना चाहिए।

(c) अपथ्य पूर्वक, अकाल या अतिमात्रा में भोजन करने से अजीर्ण हो जाता हैं जिससे वातादि दोषो का बलवान विभ्रम होने से, शोथ, रूजा, पाक, दाह आदि उत्पन्न होते हैं।

(d) व्रणी को नवधान्य, अम्ल, लवण, कटुरस का त्याग करना चाहिए।

प्र. 37. व्रणी का अपथ्य आहार सेवन कौन सा दोष प्रकोपक होता हैं। (अ. हृ. सू. 29/40)

(a) वातप्रकोप (b) सर्वदोष

(c) पित्त दोष (d) कफ दोष

प्र. 38. व्रण में पूर्ववतः प्रक्षालन आदि व्रणकर्म किस दिन करने चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/43)

(a) तीसरे (b) चौथे

(c) दूसरे (d) सातवें

प्र. 39. दूसरे दिन व्रण में पूर्ववतः प्रक्षालन करने से क्या हानि होती हैं। (अ. हृ. सू. 29/44)

(a) तीव्र व्यथा (b) ग्रंथिया उत्पन्न होती हैं

(c) चिरात संरोहण (d) उपरोक्त सभी

प्र. 40. व्रण के संदर्भ में असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 29/41-42-44-48)

(a) बाल एवं उशीर से व्रण को हवा करनी चाहिए, व्रण पर किसी प्रकार का आघात या रगड़ नहीं करना चाहिए।

(b) व्रण पर अतिस्निग्ध, अतिरूक्ष, गाढ़ी, वेशिका या कल्क रखना चाहिए।

(c) व्रण में रखी हुई विशेका पूति मांस युक्त व्रण को, शुषिरयुक्त व्रण को मार्गयुक्त व्रण को व पूययुक्त व्रण को शीघ्र शोधित करती हैं।

(d) व्यम्लं (विदग्ध व्रण) को अज्ञानवश पाटन करने पर शोथ की पाचन द्रव्यों से चिकित्सा करे व व्रण विरोधी नहीं ऐसे भोजन व उपनाह का प्रयोग करें।

प्र. 41. उचित मिलान करें (व्रण व वेशिका या कल्क के संदर्भ में)। (अ. हृ. सू. 29/45)

वेशिका

अ.	**अति स्निग्ध**	**1.**	**छेदन**
ब.	**अतिरूक्ष**	**2.**	**रूजा**
स.	**अतिश्रलथ, अतिगाढ़**	**3.**	**व्रण वर्त्म अवघर्षण**
		4.	**त्वक दरण**

(a) अ – 3, ब – 2, 1, 5, स – 4 (b) अ – 3, 2, ब – 1, 4, स – 5

(c) अ – 3, ब – 2, 1, स – 4, 5 (d) अ – 1, ब – 2, स – 3, 4

प्र. 42. व्रण में सीवन कर्म के संदर्भ में असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 29/49-50-51)

(a) अभिघात से विवृत मुख वाले सद्योव्रण को तत्काल सीवन कर्म करना चाहिए।

(b) शिर, अक्षिकूट, ओष्ठ, गण्ड आदि के व्रणों पर सीवन कर्म नहीं करना चाहिए।

(c) गम्भीर स्थानों में जो मासंल व अचल व्रण हो उनका सीवन कर्म करना चाहिए।

(d) जिन व्रणों से वायु निकलती हो, अन्दर शल्य हो, क्षार, अग्नि विष से उत्पन्न हुए हो ऐसे व्रणों में सीवन कर्म नहीं करना चाहिए।

प्र. 43. मेदज ग्रंथियों व कर्णपाली में पहले कौनसा कर्म करके सीवन कर्म करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/49)

(a) छेदन (b) लेखन

(c) भेदन (d) प्रच्छान

प्र. 44. कौनसे स्थान सीवन कर्म के अयोग्य माने गये हैं। (अ. हृ. सू. 29/51)

(a) वक्षंण प्रदेश के अल्प मांस वाले चल स्थान वाले व्रण

(b) कक्षा प्रदेश के अल्प मांसल पर चल स्थान वाले व्रण

(c) Both a & b

(d) शिर प्रदेश में

प्र. 45. निम्न में से व्रण में सीवन कर्म करने योग्य स्थान हैं - (अ. हृ. सू. 29/50)

(a) वृषण (b) पायु

(c) मेढ्र (d) All

प्र. 46. निम्न में से सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 29/52-53-54)

(a) चलास्थि को दूर करके, शुष्क, रक्त, तृण व रोम आदि को हटाकर लटकने वाले मांस को अपने स्थान पर व्यवस्थित करके स्नायु या वल्कल से व्रण में सीवन कर्म करना चाहिए।

(b) न ज्यादा दूर-दूर, न ज्यादा नजदीक-नजदीक सीवन कर्म करना चाहिए व सीवन कर्म करते समय मांस त्वचा आदि को न अधिक ले एवं न कम ले।

(c) व्रण का सीवन करने वाद रोगी का सान्त्वना देकर अञ्जन, रेशम की राख, फलिनी, मुलेठी चूर्ण को मधु व घृत में आलोड़ित कर व्रण पर रखकर पट्ट बांध दें।

(d) सभी कथन सत्य हैं।

प्र. 47. आविक, आजिन, कौशेय बन्धन होते है। (अ. हृ. सू. 29/57)

(a) शीत (b) उष्ण

(c) Both a & b (d) शीत-स्निग्ध

प्र. 50. सीवन कर्म में सन्धान का काम कौन करता हैं। (अ. हृ. सू. 29/56)

(a) कफ (b) मांस

(c) रक्त (d) पित्त

प्र. 51. स्नायु व वल्कल, तूल के तन्तु व कपास से बने बंधन किस प्रकार के होते हैं। (अ. हृ. सू. 29/58)

(a) शीत (b) उष्ण

(c) A & B (d) स्निग्ध

प्र. 52. ताम्र, लोह, वंश व शीश इनके बन्धन किसमें प्रयोग करते हैं। (अ. हृ. सू. 29/58)

(a) मेद व कफ अधिकता व्रण में (b) अस्थिभग्न में

(c) A & B (d) वंक्षण प्रदेश में

प्र. 53. अस्थिभग्न में किसका बन्धन कर्म में प्रयोग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/58)

(a) फलक (b) चर्म

(c) कुशा (d) All

प्र. 54. अ. ह. के अनुसार कितने प्रकार के बन्ध माने गये हैं। (अ. हृ. सू. 29/59)

(a) 14 (b) 15

(c) 10 (d) 8

प्र. 55. उचित मिलान करें। (अ. हृ. सू. 29/60 (1, 2))

बंध	**स्थान**
अ. कोश	**1. कान, कक्षा आदि**
ब. स्वस्तिक	**2. अंगुलि पर्व**
स. मुत्तोली	**3. संबाध अंग**
द. चीन	**4. मेढ्र**
न. दाम	**5. ग्रीवा**
र. खट्वा	**6. संधिया**
	7. गण्ड प्रदेश, हनु, शंख प्रदेश
	8. अपागं

(a) अ - 1, ब - 2, 7, स - 3, द - 4, 5, न - 6, र - 8

(b) अ - 2, ब - 1, 6, स - 4, 5, द - 8, न - 3, र - 7

(c) अ - 1, ब - 6, स - 4, 5, द - 8, न - 3, 1, र - 7

(d) अ - 6, ब - 1, 4, स - 5, द - 8, न - 3, र - 7

प्र. 56. शाखाओं पर कौन सा बंध बंधाते हैं। (अ. हृ. सू. 29/60 (2))

(a) स्वस्तिक (b) पञ्चांगी

(c) अनुवेल्लित (d) उत्सङ्ग

प्र. 57. विबधं बंध किस स्थान पर बांधते हैं। (अ. हृ. सू. 29/60 (3))

(a) पृष्ठ (b) उदर

(c) Both a & b (d) आन्त्रवृद्धि

प्र. 58. स्थगिका बन्ध कहाँ-कहाँ बांधते हैं। (अ. हृ. सू. 29/60 (3))

(a) अंङ्गुष्ट, अंङ्गुलि के अग्र भाग (b) मेढ्र अग्र भाग

(c) आन्त्रवृद्धि (d) All

प्र. 59. लटकने वाले (विलम्बन करने) वाले अंगो व बाहु पर कौन सा बंध बाधते हैं। (अ. हृ. सू. 29/60 (4))

(a) उत्संग (b) दाम

(c) वितान (d) मण्डल

प्र. 60. नासिका, ओष्ठ, चिबुक व संधियां पर कौन सा बंध बाधते हैं। (अ. हृ. सू. 29/60 (5))

(a) वितान (b) गोफण

(c) मण्डल (d) यमक

प्र. 61. उचित मिलान करें। (अ. हृ. सू. 29/60 (5,4))

बंध	**स्थान**
अ. वितान	**1. वृत अंग**
ब. यमक	**2. पृथुल अंग**
स. मण्डल	**3. यमक व्रण**
द. पंचागी	**4. शिर**
	5. जत्रु का उर्ध्व भाग

(a) अ - 1, ब - 3, स - 2, 5, द - 4

(b) अ - 1, ब- 2, स - 3, 5 , द - 4

(c) अ - 2, 4, ब - 3, स - 1, द - 5

(d) अ - 2, ब - 3, 4, स - 1, द - 5

प्र. 62. उरू, स्फिक्, कक्षा, वंक्षण व मूर्धा पर कैसा बन्धन बांधना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/62)

(a) गाढ़ (b) सम

(c) अतिगाढ़ (d) शिथिल

प्र. 63. शाखा, वदन, पृष्ठ, पार्श्व, गल, उदर, मेहन, मुष्क आदि पर कैसा बंधन बांधना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/63) (NIA LEC 2020)

(a) गाढ़ (b) सम
(c) शिथिल (d) अतिशिथिल

प्र. 64. शिथिल बंधन किन अंगों पर बांधना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/1)

(a) नेत्र व संधियों (b) उरः प्रदेश
(c) कर्ण (d) All

प्र. 65. निम्न में से असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 29/63-64)

(a) शिथिल स्थान में वातश्लेष्मज व्रण हो तो सम बन्धना चाहिए।
(b) समस्थानों में वातश्लेष्म व्रण हो तो गाढ़ बन्धन बांधना चाहिए।
(c) सम स्थानों में वातश्लेष्मज व्रण हो तो अतिगाढ़ बन्धन बांधना चाहिए।
(d) जहाँ गाढ़ बंधन बांधना चाहिए वहाँ वातश्लेष्जम व्रण हो तो और भी ज्यादा गाढ़ बंधन बांधना चाहिए।

प्र. 66. वात श्लेष्मज व्रण में बांधे गये बन्धन को शीतकाल व बसन्त ऋतु में किसने दिन में अंतर से खोलना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/64)

(a) 5 - 5 (b) 3 - 3
(c) 7 - 7 (d) 2 - 2

प्र. 67. निम्न में से सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 29/65, 66)

(a) पित्त रक्त व्रणों में गाढ़ स्थान पर सम बंधन बांधना चाहिए और सम बंधन जहाँ बांधने का विधान वहा पर शिथिल बंधन बांधना चाहिए।
(b) पित्त - रक्तज व्रणों में जहाँ शथिल बंधन बांधने का विधान है उन्हे खुला छोड़ना चाहिए।
(c) व्रण पर बंधन नहीं करने से दंश, मच्छर, शीतल वायु से पीडित व्रण दूषित हो जाता हैं व स्नेह भेषज चिरकाल तक ठहर नहीं पाती हैं।
(d) सभी कथन सत्य हैं।

प्र. 68. पित्तज व्रणों को कितने दिन में खोलना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/65)

(a) प्रातः साय प्रतिदिन (b) 1 - 1 दिन में
(c) 2 - 2 दिन में (d) प्रातः दिन में

प्र. 69. सभी प्रकार के व्रणों को कौनसी ऋतु में प्रातः सायं दोनों समय खोलना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/65)

(a) ग्रीष्म (b) शरद
(c) Both a & b (d) वर्षा

प्र. 70. व्रण बंधन नहीं करने से क्या हानि होती हैं। (अ. हृ. सू. 29/67)

(a) कृच्छ्रता से शुद्धि (b) कठिनता से संरोहण
(c) विवर्णता (d) All

प्र. 71. व्रण बंधन के लाभ क्या - क्या हैं। (अ. हृ. सू. 29/68-69)

(a) अस्थि में चूर्णित व्रण, अस्थि भग्न से हुआ व्रण या सिरा स्नायु छिन्न हो गई हो ऐसा व्रण बंधन से सूखपूर्वक संरोहित हो जाता हैं।

(b) उत्थान व शयन आदि सम्पूर्ण चेष्टाओं से व्रण पीडित नहीं होता।
(c) उद्धतौष्ठ, कठिन, अतिरूक्, मुदुरूक्, तथा समव्रण भी बंधन करने से शीघ्र संरोहित हो जाते है।
(d) All

प्र. 72. किन व्रणों का पत्राच्छादान करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/70-71)

(a) स्थिर व्रण व अल्पमांस वाले व्रण
(b) रूक्ष व्रण
(c) Both a & b
(d) स्निग्ध व्रण

प्र. 73. पत्राच्छादन के लिए किन वृक्ष का प्रयोग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/7)

(a) क्षीरीवृक्ष
(b) भोजपत्र
(c) अर्जुन व कदम्ब
(d) All

प्र. 74. बन्धन के अयोग्य व्रण के संदर्भ में असत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 29/72-73)

(a) कुष्ठ व अग्निदग्ध से पिड़ित व्रण, मधुमेह पिड़िकायें, कुन्दरू विष से उत्पन्न कर्णिकाओं में गाढ़ बंधन के योग्य हैं।
(b) क्षारदग्ध, विष युक्त व्रण, मांस पाक के व्रण, दारूण गुदपाक से उत्पन्न शीर्यमाण व्रण, पीड़ा व दाहयुक्त व्रण में तथा शोथावस्था में विसर्पण शील वर्णों में बंधन नहीं बांधना चाहिए।
(c) जिन व्रणों में मक्खियाँ व कृमि होते हैं उन व्रणों का व्रण धावन करके सुरसादिगण की औषधियां प्रयोग करनी चाहिए।
(d) कृमिज व्रणों में सप्तवर्ण, करञ्ज, अर्क निबं आदि की छाल का गोमूत्र से कल्क बनाकर लेप करना व क्षार जल से परिषेक हितकारी होता हैं।

प्र. 75. व्रण में उत्पन्न कृमि क्या करते हैं। (अ. हृ. सू. 29/76)

(a) व्रण भक्षण
(b) वेदना
(c) शोथ व रक्तस्त्राव्
(d) All

प्र. 76. व्रण के रूढ़ हो जाने तक किन-किन का त्याग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/78, 79)

(a) अजीर्ण
(b) व्यायाम - व्यवाय
(c) अति हर्ष, क्रोध, भय
(d) All

प्र. 77. व्रणी को पथ्यापथ्य का परिपालन कितने समय तक करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 29/79)

(a) 1 वर्ष
(b) 6-7 मास
(c) 3 मास
(d) 6 मास

उत्तरमाला

1.	(d)	2.	(b)	3.	(b)	4.	(a)	5.	(b)	6.	(c)
7.	(b)	8.	(a)	9.	(a)	10.	(b)	11.	(c)	12.	(b)
13.	(a)	14.	(d)	15.	(d)	16.	(a)	17.	(c)	18.	(d)

19.	(b)	20.	(a)	21.	(b)	22.	(c)	23.	(d)	24.	(c)
25.	(d)	26.	(a)	27.	(b)	28.	(d)	29.	(c)	30.	(d)
31.	(a)	32.	(d)	33.	(a)	34.	(d)	35.	(b)	36.	(b)
37.	(b)	38.	(a)	39.	(d)	40.	(b)	41.	(a)	42.	(b)
43.	(b)	44.	(c)	45.	(d)	46.	(d)	47.	(b)	48.	(b)
49.	(b)	50.	(c)	51.	(c)	52.	(a)	53.	(d)	54.	(b)
55.	(b)	56.	(c)	57.	(c)	58.	(d)	59.	(a)	60.	(b)
61.	(c)	62.	(a)	63.	(b)	64.	(a)	65.	(c)	66.	(b)
67.	(d)	68.	(a)	69.	(c)	70.	(d)	71.	(d)	72.	(c)
73.	(d)	74.	(a)	75.	(d)	76.	(d)	77.	(b)		

अध्याय - 30

प्र. 1. सर्वशस्त्रानुशस्त्राणां ..... श्रेष्ठो बहूनि यत्। इस सूत्र को पूरा करें। (अ. हृ. सू. 30/1)

(a) अग्नि (b) क्षार

(c) हस्त (d) यन्त्र

प्र. 2. क्षार कर्म की श्रेष्ठता में क्या - क्या कारण हैं। (अ. हृ. सू. 30/1-2)

(a) यह छेदन - भेदन आदि अनेक कर्म करता हैं।

(b) जहाँ शस्त्र कठिनता से प्रयोग हो या जो रोग शस्त्र से सिद्ध नहीं होते वहाँ क्षार उपयोगी होता हैं।

(c) अतिकृच्छ्र रोगों में व पान में भी प्रयुक्त होता हैं।

(d) उपरोक्त सभी कारणों के कारण श्रेष्ठ है।

प्र. 3. क्षार का आभ्यान्तर प्रयोग किस व्याधि में करते हैं। (अ. हृ. सू. 30/2)

(a) अर्श (b) अग्निमांद्य

(c) अश्मरी (d) All

प्र. 4. क्षार का आभ्यान्तर प्रयोग किस व्याधि में नहीं करते हैं। (अ. हृ. सू. 30/2)

(a) मषक (b) गुल्म

(c) उदर रोग (d) विष

प्र. 5. क्षार का बाह्य प्रयोग किन व्याधि में करते हैं। (अ. हृ. सू. 30/3)

(a) श्वित्र (b) बाह्य अर्श

(c) कुष्ठ (d) All

प्र. 6. क्षार का बाह्य प्रयोग किस व्याधि में नहीं करते हैं। (अ. हृ. सू. 30/3)

(a) अर्श (b) भगन्दर

(c) अर्बुद - ग्रंथि (d) दुष्ट व नाडी व्रण

प्र. 7. क्षार प्रयोग का निषेध किसमें किया गया हैं। (अ. हृ. सू. 30/5)

(a) वातज विकृति (b) सर्वशरीरगत शोथ

(c) ऋतुमती (d) All

प्र. 8. किन दो ऋतुओं में क्षार का प्रयोग निषेध किया गया हैं। (अ. हृ. सू. 30/7)

(a) शरद-ग्रीष्म (b) वर्षा - ग्रीष्म

(c) शरद-वर्षा (d) हेमन्त - शिशिर

प्र. 9. मृदु क्षार से मध्यम क्षार बनाने के लिए किसका प्रतिवाप डालना चाहिए। (अ. हृ. सू. 30/15-16)

(a) सुधा भस्म (b) शुक्ति

(c) क्षीर पकं व शंखनाभि (d) All

प्र. 10. मृदु से तीक्ष्ण क्षार बनाने के लिए किस-किस द्रव्यों से प्रतिवाप किया जाता हैं। (अ. हृ. सू. 30/21)

(a) लाङ्गंली (b) दन्ती
(c) चित्रक (d) All

प्र. 11. तीक्ष्ण क्षार को कितने दिन बाद प्रयोग करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 30/21)

(a) 5 (b) 3
(c) 7 (d) 14

प्र. 12. निम्न में सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 30/22-23)

(a) तीक्ष्ण क्षार का प्रयोग महत स्वरूप वाले वातज, श्लेष्मज एवं मेदज अर्बुदादि रोगों में करना चाहिए। यदि वे विकार मध्यम स्वरूप वाले हो तो मध्यम क्षार का प्रयोग करना चाहिए।
(b) मृदु क्षार का प्रयोग पित-रक्तज, अर्बुदादि तथा सभी प्रकार के अर्श रोगों में करना चाहिए।
(c) जिस क्षार में जलीयाशं कम हो गया हो उस क्षार को शक्तिसंपन्न बनाने के लिए पुनः क्षारोदक डालना चाहिए।
(d) सभी कथन सत्य हैं।

प्र. 13. क्षार के कितने गुण हैं- (अ. ह.) के अनुसार। (अ. हृ. सू. 30/24-25)

(a) 10 (b) 8
(c) 12 (d) 11

प्र. 14. निम्न में से क्षार का गुण हैं। (अ. हृ. सू. 30/24-23)

(a) शिखरी (b) सुख निर्वाप्य
(c) सित (d) All

प्र. 15. निम्न में से क्षार का गुण नहीं हैं। (अ. हृ. सू. 30/24-25)

(a) सौम्य (b) श्लक्ष्ण
(c) पिच्छिल (d) शीघ्र

प्र. 16. निम्न में से असत्य कथन हैं । (अ. हृ. सू. 30/26)

(a) क्षार शस्त्र और अग्नि का भी कार्य करता है। यह आचूषण करता हुआ वेगपूर्वक गात्र को पीड़ित करता हुआ सभी मार्ग का अनुसरण करता हुआ समूल दोषो का उन्मूलन करता हैं।
(b) क्षार साध्य रोग में छेदन, लेखन या रक्त विस्त्रावण करके शलाका से क्षार लगाना चाहिए।
(c) अर्श रोग में क्षार प्रयोग करके हस्त से यंत्र के मुख को खोल देना चाहिए।
(d) वर्त्मरोगी में वर्त्म को उल्टा करके कृष्ण भाग को दूसरे स्वच्छ दूसरे स्वच्छ पिचु से ढककर वर्त्म में कमल पत्र के किनारे के बराबर पतला क्षार लेप करें।

प्र. 17. क्षार साध्य रोगों कितने समय तक क्षार लगाना चाहिए। (अ. हृ. सू. 30/27)

(a) 1000 मात्रा (b) 100 मात्रा
(c) 10 मात्रा (d) 200 मात्रा

प्र. 18. घ्राणार्बुद व कर्ण अर्श में कितनी मात्रा तक क्षार का धारण करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 30/30)

(a) 100 मात्रा (b) 50 मात्रा
(c) 1000 मात्रा (d) 200 मात्रा

प्र. 19. क्षार का सम्यक् दग्ध होने पर दग्ध स्थान पर क्या लगाना चाहिए - (अ. हृ. सू. 30/31)

(a) घृत - मधु (b) मुलेठी - घृत
(c) मुलेठी - तिल (d) मधु - मुलेठी

प्र. 20. अर्श आदि में क्षार प्रयोग से स्थिर मूल के क्षरण नहीं होने पर क्या करना चाहिए। (अ. हृ. सू. 30/33)

(a) धान्याम्ल बीज में मुलेठी व तिल का लेप (b) मधु - घृत का लेप
(c) मुलेठी - तिल का लेप (d) All

प्र. 21. क्षार दग्ध में व्रण रोपण के लिए किसका प्रयोग करते हैं। (अ. हृ. सू. 30/33)

(a) तिल कल्क + मुलेठी + मधु का लेप
(b) तिल कल्क + मुलेठी + घृत का लेप
(c) धान्याम्ल + मुलेठी + मधु
(d) मधु - घृत

प्र. 22. पक्वजम्ब्वसित के समान दग्ध स्थान कैसे क्षार दग्ध का लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 30/33)

(a) अति दग्ध (b) दुर्दग्ध
(c) सम्यक् दग्ध (d) हीन दग्ध

प्र. 23. दुर्दग्ध के निम्न लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 30/34)

(a) दग्ध स्थान ताम्रवर्ण (b) तोद
(c) कण्डू (d) All

प्र. 24. अतिदग्ध के लक्षण क्या - क्या हैं। (अ. हृ. सू. 30/35)

(a) रक्तस्त्राव् (b) मूर्च्छा
(c) दाह - ज्वर (d) All

प्र. 25. निम्न में से सत्य कथन हैं। (अ. हृ. सू. 30/36-37, 39)

(a) गुदा प्रदेश में अति दग्ध से विशेष रूप से विट् मूत्र अवरोध या अतिप्रवृत्ति होती हैं, नंपुसकता अथवा गुदा विर्दीण होने से मृत्यु हो जाती हैं।
(b) नासा में अति दग्ध होने पर नासिका वंश में विदीर्ण हो जाता है अथवा आकुञ्चन हो जाता हैं
(c) अतिदग्ध के उपचार में अम्ल द्रव्यों का प्रयोग करते हैं क्योंकि अम्ल रस क्षार से मिलकर स्वादु बन जाता हैं।
(d) सभी कथन सत्य हैं।

प्र. 26. क्षार से अतिदग्ध की चिकित्सा क्या हैं। (अ. हृ. सू. 30/38-39)

(a) अम्ल द्रव्यों से परिषेक (b) मधु - घृत - तिल का लेप
(c) वात पित्त शमन करने वाली शीतल क्रियाएं (d) All

प्र. 27. विषांग्नि शास्त्राग्नि मृत्यु तुल्य, क्षारो भवेद अल्पमतिप्रयुक्त रोगान् निहन्याद् अचिरेण घोरान् स धीमता सम्यनुप्रयुक्तो। ये सूत्र का संदर्भ क्या हैं। (अ. हृ. सू. 30/39 (1))

(a) अ. हृ. सू. 30 (b) अ. ह. चि. 5

(c) अ. ह. सू. 29 (d) अ. ह. नि. 2

प्र. 28. ..... क्षाराद् अपि श्रेष्ठस्तद्दग्धानाम् असंभवात्। सूत्र पूरा करें। (अ. ह. सू. 30/40)

(a) अग्निकर्म (b) जलौकावचारण

(c) शल्य कर्म (d) पंचकर्म

प्र. 29. जो रोग भैषज, क्षार, शस्त्र से भी सिद्ध नहीं होते हैं वो किस कर्म से ठीक हो सकते हैं। (अ. ह. सू. 30/40)

(a) व्यायाम (b) अग्नि कर्म

(c) पंचकर्म (d) All

प्र. 30. अग्नि कर्म के प्रयोग स्थल क्या हैं। (अ. ह. सू. 30/40)

(a) त्वक् - मांस (b) सिरा - स्नायु

(c) संधि - अस्थि (d) All

प्र. 31. निम्न में असत्य कथन हैं। (अ. ह. सू. 30/41-42-43)

(a) मषक, अङ्गग्लानि, शिरोरोग, चर्मकील, तिल आदि विकारों में अग्नि कर्म में त्वक् दाह करना चाहिए व वर्ति, गो दन्त, सूर्यकान्त मणि व शर से त्वक् दाह करते हैं।

(b) वर्ति गोदन्त, सूर्यकान्त, मणि, शर से मांस दाह करते हैं।

(c) अर्श, भगन्दर, ग्रंथि, नाडी व्रण, दुष्ट व्रण आदि में मधु, स्नेह, जाम्बवौष्ठ व गुड़ से मांसदाह करना चाहिए।

(d) श्रिलष्ट वर्त्म, रक्तास्त्राव्, नीलिका व असम्यक् सिरावेधन में मांसदाह वाले द्रव्यों से सिरा दाह करना चाहिए।

प्र. 32. अधिमन्थ रोग में क्या करते हैं। (अ. ह. सू. 30/41)

(a) मांस दाह (b) त्वक्दाह

(c) सिरा दाह (d) स्नायुदाह

प्र. 33. भगन्दर, नाडीव्रण में कौन सा दाह करते हैं। (अ. ह. सू. 30/42)

(a) मांस (b) त्वक्

(c) सिरा (d) स्नायु

प्र. 34. अग्नि कर्म का निषेध किया गया हैं। (अ. ह. सू. 30/44)

(a) अन्त:शल्य युक्त स्थान (b) अन्त: रक्त युक्त स्थान

(c) भिन्न कोष्ठ व बहु व्रण वाला आतुर (d) All

प्र. 35. अग्नि कर्म के निषेध किसके समान माने गये हैं। (अ. ह. सू. 30/44)

(a) स्वेदन (b) विरेचन

(c) क्षारकर्म (d) शल्यकर्म

प्र. 36. अग्नि कर्म में सम्यक दग्ध होने पर क्या उपचार करना चाहिए - (अ. ह. सू. 30/44)

(a) मधु - घृत लेप (b) स्निग्ध - शीत द्रव्यों से लेप

(c) Both a & b (d) मधु + मुलेठी + घृत का लेप

प्र. 37. पक्वतालं कपोताभ ये लक्षण किस प्रकार के दग्ध के हैं। (अ. हृ. सू. 30/45)

(a) अतिदग्ध (b) सम्यक् दग्ध

(c) दुर्दग्ध (d) अदग्ध

प्र. 38. सम्यक् दग्ध के क्या लक्षण हैं। (अ. हृ. सू. 30/45)

(a) प्रवृत रक्त स्त्राव् बन्द होना

(b) दह्मान स्थान बुदबुदशब्द के समान होना

(c) दह्मान स्थान लसीका युक्त व सुरोह नातिवेदनम्

(d) All

प्र. 39. दुर्दग्ध व अतिदग्ध में किसके लक्षण होते हैं। (अ. हृ. सू. 30/46)

(a) तुच्छ दग्ध (b) प्रमाददग्ध

(c) दुष्ट व्रण (d) क्षार दग्ध

प्र. 40. दग्ध कितने प्रकार का माना गया हैं। (अ. हृ. सू. 30/47) (UDAIPUR 2016)

(a) 5 (b) 3

(c) 4 (d) 7

प्र. 41. तुच्छ दग्ध के निम्न लक्षण हैं (अ. हृ. सू. 30/47)

(a) त्वक विवर्णता (b) अति दाह

(c) स्फोट न होना (d) All

प्र. 42. तीव्र दाह, ओष व स्फोट उत्पत्ति किसके लक्षण है। (अ. हृ. सू. 30/48)

(a) तुच्छ दग्ध (b) दुष्ट व्रण

(c) अतिदग्ध (d) दुर्दग्ध

प्र. 43. मांसलम्बनसंकोच दाहधूपन वेदना सिरादिनाश स्तृण्मूर्च्छा व्रणगाम्भीर्यमृत्यु ये दग्ध लक्षण किसके लिए कहे गये हैं। (अ. हृ. सू. 30/48)

(a) तुच्छ दग्ध (b) प्रमाद दग्ध

(c) अति दग्ध (d) दुर्दग्ध

प्र. 44. तुच्छ दग्ध में स्थान (जमा हुआ) रक्त होता हैं इससे वेदना अधिक होती है इसलिए स्त्यान रक्त को विलीन करने के लिए क्या चिकित्सा करनी चाहिए। (अ. हृ. सू. 30/49)

(a) शीतल उपचार (b) उष्ण भेषज

(c) अग्नि प्रतपनं (d) B & C

प्र. 45. दुर्दग्ध चिकित्सा क्रम क्या हैं। (अ. हृ. सू. 30/50)

(a) शीत – उष्ण – उष्णोशीतोपचार (b) शीत – उष्ण – शीतोपचार

(c) उष्ण – शीत – उष्णोपचार (d) उष्णोशीतोपचार

प्र. 46. तुगाक्षीरी, प्लक्ष, चन्दन व गैरिक को घृत व गिलोय स्वरस में मिलाकर लेप करना किस दग्ध की चिकित्सा हैं। (अ. हृ. सू. 30/51)

(a) अतिदग्ध (b) सम्यक् दग्ध

(c) तुच्छ दग्ध (d) दुर्दग्ध

प्र. 47. सम्यक् दग्ध की चिकित्सा किसके समान करनी चाहिए। (अ. हृ. सू. 30/51)

(a) पित्तज विसर्प (b) पितज गुल्म

(c) पित्तज विद्रधि (d) तुच्छ दग्ध

प्र. 48. अति दग्ध की चिकित्सा किसके समान करनी चाहिए। (अ. हृ. सू. 30/51)
(BHU PGET 2015)

(a) पित्तज विसर्प (b) आग्नेय विसर्प

(c) कर्दम विसर्प (d) पित्तज विद्रधि

प्र. 49. स्नेह दग्ध की चिकित्सा क्या हैं। (अ. हृ. सू. 30/52)

(a) शीतोपचार (b) रूक्षोपचार

(c) उष्णोपचार (d) उष्णशीतोपचार

प्र. 50. शस्त्र क्षाराग्नयो मृत्योः परमम् आयुधम अप्रमतो भिषक् तस्मात् तान सम्यक् अवचारयेत। ये सूत्र का संदर्भ क्या हैं। (अ. हृ. सू. 30/52 (1))

(a) अ. हृ. सू. 1 (b) अ. हृ. सू. 29

(c) अ. हृ. सू. 30 (d) अ. हृ. सू. 3

प्र. 51. अष्टांग हृदय का रहस्य स्थान कौन सा है। (अ. हृ. सू. 30/53)

(a) शारीरस्थान (b) सूत्रस्थान

(c) निदान स्थान (d) उत्तरतंत्र

प्र. 52. अष्टांगहृदय के सूत्र स्थान की विशेषताएं क्या हैं। (अ. हृ. सू. 30/53)

(a) सूक्ष्म अर्थ सूत्रित किये गये हैं (b) ये विषय सम्पूर्ण तंत्र में फैले हुए

(c) A & B (d) None

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(d)	3.	(d)	4.	(a)	5.	(d)	6.	(a)
7.	(d)	8.	(b)	9.	(d)	10.	(d)	11.	(c)	12.	(d)
13.	(a)	14.	(d)	15.	(a)	16.	(c)	17.	(b)	18.	(b)
19.	(a)	20.	(a)	21.	(a)	22.	(c)	23.	(d)	24.	(d)
25.	(d)	26.	(d)	27.	(a)	28.	(a)	29.	(b)	30.	(d)
31.	(b)	32.	(b)	33.	(a)	34.	(d)	35.	(c)	36.	(c)
37.	(b)	38.	(d)	39.	(b)	40.	(c)	41.	(d)	42.	(d)
43.	(c)	44.	(d)	45.	(b)	46.	(b)	47.	(c)	48.	(a)
49.	(b)	50.	(c)	51.	(b)	52.	(c)				

अध्याय-1

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. अष्टांग हृदय की विशेषताएं लिखें
प्र. 2 विकृत - अविकृत दोषो के बारे में लिखे
प्र. 3 दोषो का स्थान के अनुसार वर्णन करें
प्र. 4 दोष व अग्नि का सबधं बताएं
प्र. 5 दोष व शारारिक प्रकृति का वर्णन करें
प्र. 6 वात, पित्त, कफ दोष के गुणो का वर्णन करें।
प्र. 7 सप्त दूष्य कौनसे है।
प्र. 8 वृद्धिः समाने सर्वेषा विपरीतैविपर्ययः की व्याख्या करें।
प्र. 9 षड् रस कौन-कौन से है।
प्र. 10 प्रभाव भेद सें द्रव्य के भेद बताएं
प्र. 11 वीर्य का वर्णन करें।
प्र. 12 विपाक के भेद का वर्णन करें।
प्र. 13 गुर्वादि गुण लिखें।
प्र. 14 रोग व आरोग्य का वर्णन करें
प्र. 15 रोग के भेद कौन - कौन से हैं।
प्र. 16. रोगो को अधिष्ठान कौन - कौन से है।
प्र. 17. मानसिक दोष कौन - कौन से है।
प्र. 18. निदान पचंक क्या है।
प्र. 19. भूमि देश के प्रकार लिखें।
प्र. 20. काल के भेद को लिखें।
प्र. 21. शरीर दोषो की परम औषध क्या है।
प्र. 22. औषध के भेद लिखें।
प्र. 23. अष्टांग हृदय में कितनें स्थान व अध्याय है।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. रोग - आरोग्य का वर्णन करते हुए रोग - आरोग्य का कारण का वर्णन करें।
प्र. 2. देश के भेद व देशानुसार दोषो का वर्णन करें
प्र. 3. चिकित्सा के चतुष्पाद का वर्णन करें
प्र. 4. सुख साध्य व्याधि का वर्णन करें।
प्र. 5. त्याज्य रोगी कौन-कौन से है।

दीर्घात्मक प्रश्न

प्र. 1. साध्यता - असाध्यता के आधार पर व्याधियों का वर्णन विस्तारपूर्वक करें।
प्र. 2. आयुष्कामीय अध्याय को विस्तारपूर्वक लिखें।

अध्याय–2

प्र. 1. ब्रह्म मुहूर्त में क्यों उठना चाहिए
प्र. 2. चक्षुस्तेजोमयं तस्य विशेषात् श्रलेष्मतो। अर्थ समझाए
प्र. 3. ताम्बूल सेवन निषेध किसे कहा गया है।
प्र. 4. उद्वर्तन के लाभ बताएं
प्र. 5. सुख का साधन क्या है।
प्र. 6. उत्तमाङ्ग में उष्ण जल स्नान का प्रयोग क्यों नहीं करना चाहिए
प्र. 7. अभ्यङ्ग का वर्णन करें

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. दन्तपवन का विस्तारपूर्वक वर्णन करें
प्र. 2. अञ्जन का वर्णन करें
प्र. 3. व्यायाम के लाभ, मात्रा, निषेध, हानि का वर्णन करें
प्र. 4. स्नान का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।
प्र. 5. दशविध पापकर्म विस्तार से लिखें

दीर्घात्मक प्रश्न

प्र. 1. दिनचर्या अध्याय का विस्तारपूर्वक वर्णन करें

अध्याय–3

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. सूर्य की गति के अनुसार संवत्सर के भेद कौन - कौन से है।
प्र. 2. आदान व विसर्ग काल में बल की स्थिति का वर्णन करें
प्र. 3. हेमन्त ऋतु मे जठराग्नि प्रबल क्यों होती है।
प्र. 4. हेमन्त ऋतु व शिशिर ऋतु में क्या अन्तर है।
प्र. 5. बसन्त ऋतु में कफ दोष का प्रकोप क्यों होता है।
प्र. 6. बसन्त ऋतु में अपथ्य क्या है।
प्र. 7. हंसोदक का वर्णन करें
प्र. 8. ऋतु संधि किसें कहते है।
प्र. 9. असात्म्यज रोग कौन से होते है।
प्र. 10. वर्षा ऋतु में अग्नि की स्थिति का वर्णन करें।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. हेमन्त ऋतुर्चया का वर्णन करें

प्र. 2. वर्षा ऋतु में त्रिदोष प्रकोप का कारण, पथ्य अपथ्य आहार-विहार का वर्णन करें।

दीर्घात्मक प्रश्न

प्र. 1. बसन्त व ग्रीष्म ऋतुचर्या का वर्णन करें

प्र. 2. शरद ऋतुचर्या का वर्णन करें। व ऋतुसंधि का वर्णन करें।

प्र. 3. ऋतुचर्या का विस्तारपूर्वक करें।

अध्याय-4

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. अधारणीय वेगों का वर्णन करें

प्र. 2. मूत्र वेग रोध से होने वाले रोगों का वर्णन करें

प्र. 3. मूत्र वेगरोध की चिकित्सा लिखें

प्र. 4. त्याज्य वेगरोधी कौन-कौन से है।

प्र. 5. वेगो को धारण व उदीरण करने से कौन सा दोष प्रकुलित होता है।

प्र. 6. भेषज क्षपितें पथ्यमाट्टैरबृहणं। अर्थ स्पष्ट करें।

प्र. 7. आरोग्य के लिए क्या-क्या उपाय करने चाहिए।

प्र. 8. धारणीय वेगो का वर्णन करें।

प्र. 9. दोषाः कदाचित्कुप्यन्ति.....सूत्र को पूरा करते हुए अर्थ लिखें

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. रोगाः सर्वेऽपि जायन्ते वेगोदरीणधारणैः। सूत्र का विस्तारपूर्वक वर्णन करें

प्र. 2. निज व आगन्तुज रोगों की अनुत्पत्ति के उपायों का वर्णन करें

प्र. 3. अधोगत वेगरोध के लक्षण व चिकित्सा को लिखे।

दीर्घात्मक प्रश्न

प्र. 1. अधारणीय वेगों से उत्पन्न विकार व चिकित्सा का विस्तार से वर्णन करें।

प्र. 2. धारणीय वेगों का विस्तारपूर्वक उल्लेख करें।

अध्याय-5

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. द्रवद्रव्यादि विज्ञानीयमध्यायं में कितने वर्गो का वर्णन किया गया है।

प्र. 2. पय जल की विशेषताएँ लिखें।

प्र. 3. पेयजल की परीक्षा कैसे करनी चाहिए।

प्र. 4. अल्प जल का सेवन किन स्थितियों में करना चाहिए।

प्र. 5. उष्णोदक जल के गुण लिखें।

प्र. 6. गो दुग्ध का वर्णन करें।

प्र. 7. तक्र के गुण लिखें।
प्र. 8. पुराण घृत के गुण लिखें।
प्र. 9. कृशानां बृंहणायलं स्थूलानां कर्शनाय च/ तैल के लिये आये इस सूत्र का अर्थ स्पष्ट करें।
प्र. 10. मघ के गुण लिखें।
प्र. 11. आसुत किसे कहते है।
प्र. 12. अष्टमूत्र का वर्णन करें।
प्र. 13. धान्याम्ल के गुण लिखें।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. क्षीर वर्ग का वर्णन करें
प्र. 2. दधि पर टिप्पणी करें।
प्र. 3. नवनीत व घृत के गुणो पर प्रकाश डालें।
प्र. 4. इक्षु वर्ग का वर्णन करें।

दीर्घात्मक प्रश्न

प्र. 1. जल वर्ग व मघ वर्ग का विस्तार पूर्वक वर्णन करें
प्र. 2. द्रव द्रव्यविज्ञानीय अध्याय में आये विषयों का संक्षिप्त वर्णन करते हुए तैल वर्ग का विस्तृत वर्णन करें।

अध्याय-6

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. अन्नस्वरूपविज्ञानीय अध्याय में उल्लेखित वर्गो का नाम लिखें।
प्र. 2. शूक धान्य कौन से होते है।
प्र. 3. शिम्बी धान्य क्या होते है।
प्र. 4. मण्ड, पेया, विलेपी, ओदन का लघुता क्रम बताएं
प्र. 5. विष्किर और प्रतुद को परिभाषित करे
प्र. 6. प्रसट्ट प्राणी कों परिभाषित करें।
प्र. 7. आज मांस के गुण लिखें
प्र. 8. द्राक्षा के गुण लिखें।
प्र. 9. क्षार के सामान्य गुण लिखें।
प्र. 10. पचंकोल क्या होता है।
प्र. 11. बृहत पचंकोल व लघु पचंमूल को लिखें
प्र. 12. तृण पचंमूल लिखें।
प्र. 13. चर्तुजात क्या होता है।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. मांस वर्ग का वर्णन करें

प्र. 2. औषध वर्ग का वर्णन करें।

प्र. 3. कृतान्ज वर्ग का वर्णन करें।

निबंधात्मक

प्र. 1. अन्नरूवरूपविज्ञानीय अध्याय में आये विषयों का वर्णन करते हुए शाक वर्ग व शिम्बी वर्ग का संक्षिप्त वर्णन करें।

अध्याय-7

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. राज भिषक् का कर्त्तव्य क्या है।

प्र. 2. अन्नरक्षाध्यायं में विषाक्त व्यंजनों की परीक्षा का सिंद्धात क्या है।

प्र. 3. विष दुष्ट भात के लक्षण बताइएं

प्र. 4. विष दुष्ट का लक्षण लिखें

प्र. 5. विषाक्त अन्न का अग्नि से परीक्षण कैसे करते है।

प्र. 6. विष चिकित्सा कैसे करते है।

प्र. 7. विरूद्धाहार को परिभाषित करें

प्र. 8. संयोग विरूद्ध आहार का उदाहरण दें।

प्र. 9. विरूद्ध आहार किन लोगो में प्रभाव नहीं डालते है।

प्र. 10. त्रय सपस्तम्भ क्या है।

प्र. 11. सर्वथा दिवास्वप्न अयोग्य कौन है।

प्र. 12. मैथुन के बाद करने योग्य कार्य का वर्णन कीजिए।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. विषाक्त अन्न का पक्षियों द्वारा परीक्षा कैसे करते है ? वर्णन करें।

प्र. 2. विषाक्त अन्न के ग्रहण करने पर शरीर को किस प्रकार प्रभावित करता है वर्णन करें

प्र. 3. निद्रा का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।

प्र. 4. त्रयउपस्तम्भ लिखते हुए अब्रह्मचर्य का विस्तार से वर्णन करें।

निबंधात्मक

प्र. 1. अन्नरक्षा अध्याय का सविस्तार वर्णन करें।

अध्याय-8

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. मात्राशितीय अध्याय में मात्राशितीय का अर्थ स्पष्ट करें।

प्र. 2. हीन मात्रा भोजन से क्या होता है।
प्र. 3. आमदोष का वर्णन करें।
प्र. 4. अलसक की परिभाषा लिखें।
प्र. 5. आमविष किसे कहते है।
प्र. 6. विसूचिका की निरूक्ति लिखे
प्र. 7. त्रीण्यप्येतानि मृत्युं वा धोरान् व्याधीन् सृजन्ति वा अर्थ स्पष्ट करें।
प्र. 8. अभ्यास योग्य आहार का वर्णन करें।
प्र. 9. भोजन का प्रमाण कुक्षि के अनुसार वर्णन करें
प्र. 10. अनुपान की परिभाषा लिखें
प्र. 11. नित्य असेवनीय आहार का वर्णन करें

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. व्याधि के सामान्य चिकित्सा सिंद्धान्त का वर्णन करें।
प्र. 2. अजीर्ण के प्रकार का वर्णन कीजिये
प्र. 3. भोजन करने की विधि का विस्तार से वर्णन करिए।
प्र. 4. अनुपान का टिप्पणी लिखें

निबंधात्मक

प्र. 1. अजीर्ण का विस्तार से वर्णन करते हुए विभिन्न अजीर्ण की चिकित्सा भी लिखियें।
प्र. 2. मात्राशितीय अध्याय मे वर्णित विषयों का वर्णन कीजिए।

अध्याय-9

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. द्रव्य का स्वरूप क्या है।
प्र. 2. व्यपदेशस्तु भूयसा। अथ्र स्पष्ट करें
प्र. 3. आप्य द्रव्य के गुणर्धम लिखें।
प्र. 4. द्रव्य की योनि व उत्पत्ति क्या है।
प्र. 5. वमन व विरेचन द्रव्यों का स्वरूप क्या है।
प्र. 6. वीर्य व विपाक मे अन्तर स्पष्ट करें।
प्र. 7. अ.ट्ट. के अुनसार वीर्य के भेद लिखें
प्र. 8. त्रिविध विपाक कौन-कौन से है।
प्र. 9. प्रभाव की परिभाषा लिखें
प्र. 10. विचित्र प्रत्यारब्ध को परिभाषित करें
प्र. 11. द्रव्य के कार्मुकत्व को स्पष्ट करें।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. पचंमहाभूत द्रव्यों के गुणधर्म का वर्णन करें।
प्र. 2. द्रव्य, रस, गुण, वीर्य, विपाक, प्रभाव को परिभाषित करें।

निबंधात्मक

प्र. 1. द्रव्यादिविज्ञान मध्याय का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।

अध्याय-10

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. षड् रस लिखें।
प्र. 2. मधुर रस के लक्षण लिखें
प्र. 3. रसों के संयोग व कल्पना कितनी है। वर्णन करें।
प्र. 4. तिक्त रस के कर्म लिखें।

लघुत्तरात्मक

प्र. 1. अम्ल रस का विस्तार पूर्वक वर्णन करे।
प्र. 2. षड् स्कन्ध का वर्णन करें
प्र. 3. रस संयोग कल्पना का वर्णन करें।
प्र. 4. षड् रसो को सामान्य दोषो पर प्रभाव का वर्णन करते हुए अपवाद द्रव्यों पर लिखें।

निबंधात्मक

प्र. 1. षड् रसो का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।
प्र. 2. रसभेदीय अध्याय में वर्णित विषयों का वर्णन करें

अध्याय-11

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. अविकृत वात के कर्म लिखें।
प्र. 2. अविकृत धातु के श्रेष्ठ कर्म लिखें
प्र. 3. अविकृत मलों के कर्म लिखें
प्र. 4. वृद्ध रक्त धातु के कर्म लिखें
प्र. 5. पुरीष वृद्धि के लक्षण लिखें
प्र. 6. मलोचित्वाद् देहस्य क्षयो वृद्देस्तु पीड़नः। अर्थ स्पष्ट करें
प्र. 7. मासंवृद्धि से उत्पन्न रोगों की चिकित्सा कैसे करते है।
प्र. 8. ओज का वर्णन करें
प्र. 9. यथा बल यथास्व च दोषा वृद्धा वितन्वतें। श्लोक पूरा करते हुए अर्थ स्पष्ट करें।

लघुत्तरात्मक

प्र. 1. दोषो के अविकृत कर्मो का वर्णन करें
प्र. 2. आश्रय - आश्रयी भावों का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।
प्र. 3. धातु क्षय की चिकित्सा का वर्णन करें।
प्र. 4. अग्नि का वर्णन करें।
प्र. 5. ओज को 'देहस्थितिनिबंधन' क्यो कहा गया। स्पष्ट करें।

निबंधात्मक

प्र. 1. धातु क्षय - वृद्धि चिकित्सा का विस्तार से वर्णन करें
प्र. 2. ओज के स्वरूप, गुण, क्षय के कारणों-लक्षणों व चिकित्सा का विस्तार से वर्णन करें।

अध्याय-12

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. वात के स्थान क्या है।
प्र. 2. वायु के भेद का वर्णन करें
प्र. 3. अपान वायु का वर्णन करें
प्र. 4. साधक पित्त का वर्णन करें
प्र. 5. पित्त दोष के भेदो का नाम लिखें।
प्र. 6. क्लेदक कफ का वर्णन करें।
प्र. 7. कफ दोष के संचय, प्रकोप व शमन पर लिखें।
प्र. 8. दोष सचंय को परिभाषित करें।
प्र. 9. शारडाश्रित रोगों का वर्णन करें
प्र. 10. प्रकुपित पित्त के कम्र लिखें
प्र. 11. स्वतन्त्र व परतन्त्र व्याधि का वर्णन करें
प्र. 12. उपद्रव को परिभाषित करें।
प्र. 13. दशविध परीक्ष्य भाव क्या है।
प्र. 14. दोषो के संसर्ग व सन्निपात का वर्णन करें
प्र. 15. पूर्वरूप को परिभाषित करें।

लघुत्तरात्मक

प्र. 1. वात दोष का वर्णन करें (स्थान, कर्म)
प्र. 2. त्रिदोष का सचंय, प्रकोप, शमन को लिखें
प्र. 3. ऋतुओं के अनुसार दोषो के चयादिकाल का वर्णन करें।
प्र. 4. विकार जातं प्रीन् दोषान्। अर्थ को स्पष्ट करें

प्र. 5. दोषों के प्रकोप को विस्तार से समझाएं
प्र. 6. त्रिविध रोगमार्ग को समझाइए
प्र. 7. दोषो के सचंयकाल में प्रकोप नहीं होता क्यों।

निबंधात्मक

प्र. 1. त्रिदोष के भेदो का नाम लिखते हुए प्रकुपित त्रिदोष के कर्म लिखें।
प्र. 2. व्याधि के त्रिविध भेदो का वर्णन करते हुए दोष भेदीय अध्याय का संक्षेप में वर्णन करें।

अध्याय-13

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. दोष का कोष्ठ से शाखा में गमन का कारण लिखें
प्र. 2. वात दोष का चिकित्सा उपक्रम लिखें
प्र. 3. अन्यस्थानस्थित दोषों का चिकित्सा सिद्धांत लिखें
प्र. 4. आम की परिभाषा लिखें
प्र. 5. साम दोषो की चिकित्सा लिखें
प्र. 6. दोषो की स्वयं प्रवृति होने पर चिकित्सक को क्या करना चाहिए
प्र. 7. दोषो का शोधन काल लिखें
प्र. 8. औषध काल कितने माने है।
प्र. 9. सामुद्र औषधकाल का सेवन कब करना चाहिए।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. कफ दोष की चिकित्सा का वर्णन करें
प्र. 2. रोगानुसार औषधकाल का वर्णन करें
प्र. 3. दोषो का कोष्ठ से शाखा व शाखा से कोष्ठ गमन में कारण क्या है लिखें
प्र. 4. आम, साम, निराम दोषो को समझाएं

निबंधात्मक प्रश्न

प्र. 1. आम दोष को परिभाषित करते हुए विस्तारपूर्वक दोषो की निर्हरण विधि लिखे
प्र. 2. त्रिदोष चिकित्सा उपक्रम लिखें
प्र. 3. श्रेष्ठ चिकित्सा की परिभाषा लिखते हुए दोषोपक्रमणीय अध्याय का विस्तार से उल्लेख करे

अध्याय-14

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. उपक्रम्य व उपक्रम की परिभाषा लिखें।
प्र. 2. द्विविध उपक्रम क्या है।
प्र. 3. भवतः प्रायो भौमापम् इत्तरच्च ते। अर्थ स्पष्ट करे
प्र. 4. शोधन की परिभाषा लिखे

प्र. 5. शमन की परिभाषा लिखे।
प्र. 6. लंघन के भेदो का वर्णन करें
प्र. 7. बृहंण उपक्रम क्या है।
प्र. 8. लघंन के योग्य कौन-कौन है।
प्र. 9. सम्यक् लघंन के लक्षण लिखें
प्र. 10. अति बृहंण की चिकित्सा लिखें

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. अपतर्वण योग्य अवस्थाओं व उपादान द्रव्यों का वर्णन करें
प्र. 2. बृहंण की परिभाषा लिखते हुए। बृहंण के सम्यक् लक्षण अति बृहंण लक्षण व अति बृहंण लक्षण व अति बृहंण की चिकित्सा का उल्लेख करें।
प्र. 3. द्विविध उपक्रम का वर्णन करें

निबंधात्मक प्रश्न

प्र. 1. शोधन व शमन योग्य रोग व रोगियों का विस्तृत वर्णन करें।
प्र. 2. कार्श्यम् एव वरम स्थौल्यान्.....सूत्र को पूरा करते हुए स्थौल्य व कार्श्य करी चिकित्सा का उल्लेख करें।

अध्याय-15

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. शोधनादि गण संग्रहाध्याय में बताये गणो की संख्या लिखें
प्र. 2. वातनाशक गणो के नाम लिखे।
प्र. 3. वमनकारक द्रव्य लिखें
प्र. 4. दुष्टव्रण विशोधक गण कौनसा है।
प्र. 5. आमातिसार व पस्वतिसार नाशक गण का नाम लिखें।

निबंधात्मक प्रश्न

प्र. 1. शोधनादिगण संग्रह अध्याय में वर्णित विषयों का वर्णन करें।

अध्याय-16

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. 1. विरूक्षण द्रव्यों के गुण लिखें।
प्र. 2. स्नेह के नाम लिखें।
प्र. 3. स्नेह के योग्य कौन है।
प्र. 4. तैल सेवन किन्हे करना चाहिए
प्र. 5. कालानुसार स्नेह का प्रयोग कैसे करते है।
प्र. 6. अच्छ पेय को परिभाषित करें